
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 02 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 269, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पत्नी की मौत के बाद पति ने किया सुसाइड....06

फीस देने में आई दिक्कत तो सीएम से मिली छात्रा, बोले सीएम योगी- नही रुकेगी बिटिया की पढ़ाई!....08

## आगरा में डीआईजी बंगले का कर दिया सौदा- जूता व्यापारी ने पुश्तैनी जमीन बताकर जमीन का दो बार किया एग्रीमेंट

**प्रयागराज।** आगरा के बालूगंज स्थित आईजी/डीआईजी के बंगले की चहारदीवारी में मौजूद जमीन के सौदेबाजी में नई की मंडी थाना पुलिस ने सोमवार देर शाम बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने डीआईजी बंगले को पुश्तैनी जमीन बताकर दो बार रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों ने सदर तहसील में सेटिंग करके वसीयत के आधार पर जमीन का नामांतरण भी कराया गया था. खुलासा होने पर नामांतरण रद हो चुका है. पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

6 बीघे जमीन को लेकर रची गई साजिशः बता दें कि बालूगंज में डीआईजी बंगला की जमीन 6 बीघा से अधिक है. जिसमें नजूल की भूमि के साथ एक खेवट भी है. खेवट में जमीन पहले हबीब उल रहमान का नाम दर्ज थी. सबसे पहले हबीब उल रहमान का नाम हटाकर खलीलुल रहमान का नाम खेवट में जुड़े. जब दो अप्रैल 2012 को खलीलुल रहमान का इंतकाल हुआ तो उनकी 14 फरवरी 2012 की एक वसीयत सामने आई. जिसके आधार नामांतरण के लिए तहसील में प्रार्थनापत्र दिया गया. जिस पर मार्च 2024 में खलीलुल रहमान का नाम हटाकर खेवट में इकबाल खां, फिरोज खां, मोहम्मद सलीम खां, फैसल खां, इरशाद खां व दिलशाद खां के नाम जोड़े गए. नामांतरण और वसीयत पेश करने से पहले ही आरोपियों ने सन् 2020 में दयालबाग निवासी राकेश कुमार और उनके दोस्त के नाम दो एग्रीमेंट कर दिए थे।

**नामांतरण के बाद तीसरा किया एग्रीमेंटः** नाई की मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि नामांतरण के बाद जून 2024 में खलीलुल रहमान का नाम हटाकर खेवट में इकबाल खां, फिरोज खां, मोहम्मद सलीम खां, फैसल खां, इरशाद खां व दिलशाद खां ने इस जमीन का तीसरा एग्रीमेंट बिग डैडी फर्म के सौरभ बंसल और शाहिद रजा के नाम कर दिया. जब इसकी जानकारी राकेश कुमार को हुई तो कोर्ट में चले गए. इसके बाद कोर्ट के आदेश पर नाई की मंडी थाना में 15 मई 2025 को दो मुकदमे दर्ज कराए. जिसमें विक्रेता और क्रेता दोनों ही नामजद किए. मुकदमों में इकबाल खां, इरशाद खां, फिरोज खां, दिलशाद खां, फैसल खां और क्रेता सौरभ बंसल, शाहिद रजा नामजद किए गए हैं।

तीसरा मुकदमा रकाबगंज थाना में दर्जः धर्मेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि नाई की मंडी थाना में दो मुकदमे में नाजमद किए जाने पर सौरभ बंसल ने खुद पीड़ित बनकर रकाबगंज थाना में एक मुकदमा लिखाया है.



जिसमें उसने एग्रीमेंट करने वाले आरोपी नहीं बनाकर बल्कि अपने दोस्त सनी जैन, कपिल अग्रवाल और प्रशांत जैन को नामजद किया।

**जूता व्यापारी किया गया गिरफ्तार-** नाई की मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बड़ी अथाई निवासी जूता व्यापारी दिलशाद खां को गिरफ्तार किया है. उससे पूछाताछ की गई कि डीआईजी बंगले की जमीन उसकी कैसे है हुई? वह जमीन को कैसे पैतृक संपत्ति बताने लगा? जमीन के इतने एग्रीमेंट क्यों कर दिए? पूछताछ में दिलशाद खां ने खुलासा किया है कि आखिरी एग्रीमेंट सौरभ बंसल और शाहिद रजा को किया था. दोनों ने उससे वादा किया था कि जमीन पर कब्जा ले लेंगे. इसके साथ ही कहा था कि हमारी अच्छी सेटिंग है, हम सब करा लेंगे।

शाहिद रजा का दोस्त है दिलशादः थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी दिलशाद की पहचान मीडियाकर्मी शाहिद रजा से है. शाहिद रजा की दोस्ती कमला नगर निवासी घी कारोबारी सौरभ बंसल से है. शाहिद रजा ने ही सौरभ को मोटे मुनाफे की बात कहकर जमीन का एग्रीमेंट कराया था. जिसमें शर्त रखी थी कि एग्रीमेंट में वह भी शामिल होगा. क्योंकि, एग्रीमेंट के बाद जमीन पर कब्जा लिया जाना था. इसलिए, डीआईजी के बंगले की चारदीवारी में जमीन होने की वजह से इसमें कई बड़े खिलाड़ी शामिल किए गए थे. जिनके बारे में भी जानकारी मिली है।

## मूक-बधिर दिव्यांग युवक की ट्रेन से कटकर मौत, गांव में मातम

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव के पास स्थित यूपीएल फैक्ट्री के पीछे मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक रेल दुर्घटना में एक मूक-बधिर दिव्यांग युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मऊ गांव निवासी बाइस वर्षीय दीपक लोधी पुत्र पप्पू लोधी के रूप में हुई है। दीपक बोल और सुन नहीं सकता था और रोज़गार के लिए यूपीएल फैक्ट्री क्षेत्र में मजदूरी किया करता था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे दीपक फैक्ट्री के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वह तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। दिव्यांगता के कारण वह ट्रेन का हॉर्न नहीं सुन सका और समय रहते ट्रैक से हट नहीं पाया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी बीर बहादुर दुबे, उपनिरीक्षक अतुल सिंह और पुलिस कर्मी विकास जायसवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच में इसे हादसा करार दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिवार और गांव के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने दिव्यांगों की सुरक्षा और रेलवे ट्रैक पर उचित चेतावनी संकेतों की मांग की है।पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## करछना बवालः जांच में चौंकाने वाला खुलासा, सुनियोजित था बवाल

### बोतलों में पेट्रोल लेकर आए थे उपद्रवी!



**प्रयागराज।** करछना में हुए उपद्रव को लेकर पुलिस की जांच में बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि यह बवाल पूर्व नियोजित था और हमलावर पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। उनके पास लाठी-डंडों और ईंट पत्थरों के अलावा पेट्रोल से भरी बोतलें भी थीं, जिन्हें मौके पर पेट्रोल बम की तरह इस्तेमाल किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, करछना थाना प्रभारी अनूप सरोज की ओर से उच्चाधिकारियों को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि हमलावर सुनियोजित तरीके से आए थे। हिंसा की मंशा साफ थी, क्योंकि वे सिर्फ पारंपरिक हथियारों से नहीं, बल्कि पेट्रोल जैसी ज्वलनशील सामग्री के साथ आए थे, जिससे आगजनी को अंजाम दिया जा सके। सूत्रों का कहना है कि बवाल में शामिल कुछ युवकों को घटना से कुछ घंटे पहले करछना क्षेत्र के ही एक पेट्रोल पंप पर देखा गया था। वहीं से वे बोतलों में पेट्रोल भरकर पहले हनुमानपुर मोरी और फिर भड़ेवरा बाजार पहुंचे। जैसे ही बवाल शुरू हुआ, उन्होंने पहले तोड़फोड़ की और फिर राहगीरों के छोड़े गए दोपहिया वाहनों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आशंका यह भी है कि इसमें शामिल युवकों को किसी विशेष रणनीति के तहत प्रशिक्षित या तैयार किया गया था। स्थानीय पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर अब जांच का दायरा बढ़ा दिया को है। हमलावरों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि खंगाली जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि उन्हें इस स्तर की तैयारी किसने कराई और उनके पीछे कौन लोग हैं।

फिलहाल घटना में दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराएं जोड़ी गई हैं और कुछ संदिग्धों की गिरफ्तारी भी जल्द संभव है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय चश्मदीदों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

प्रयागराज के करछना में हुए बवाल के मामले में 54 नामजद समेत कुल 604 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से 75 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में 52 नामजद आरोपी हैं जबकि 23 अन्य आरोपी वह हैं, जिन्हें वीडियो फुटेज से चिह्नित किया गया है। आरोपियों में भीम आर्मी के करछना तहसील अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी शामिल हैं, जिनकी तलाश जारी है। इससे पहले पांच थाना क्षेत्रों के 18 गांवों में रात भर चली कार्रवाई के दौरान आरोपियों को धरपकड़ में पुलिस जुटी रही।

करछना थाना प्रभारी अनूप सरोज की ओर से सोमवार की सुबह सात बजे करछना थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि यह पूरा बवाल षडयंत्र के तहत कराया गया।भीम आर्मी यमुनापार के करछना तहसील अध्यक्ष अभय सिंह उर्फ सोनू और तहसील उपाध्यक्ष प्रतीक देव वर्मन ने अन्य साजिशकर्ताओं संग मिलकर लगभग 600 उपद्रवियों को भड़ेवरा बाजार चौराहे पर एकत्रित किया। फिर रामपुर से कोहड़ार जाने वाले एनएच 35 पर जाम लगा दिया।

समझाने पर उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर हमला किया और राहगीरों के साथ मारपीट करते हुए उनके वाहनों के साथ ही पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।कई दोपहिया वाहनों में आग भी लगा दी गई। इससे पहले पुलिस ने देर रात तक वीडियो व सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की उपद्रवियों की पड़ताल की। स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए बवाल में शामिल 52 लोगों को चिह्नित किया गया। पुलिस का दावा है कि जांच में यह बात सामने आई है कि भीम आर्मी के करछना तहसील के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य लोगों की साजिश से यह बवाल कराया गया। बवाल में शामिल 52 नामजद आरोपी कोर्ट की अनुमति से जेल भेज दिए गए हैं। 23 अन्य आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। -विवेक चंद्र यादव, डीसीपी यमुनानगर।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के लिए आरक्षण लागू किया

पहली बार, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है।यह निर्णय 24 जून को जारी एक परिपत्र में सर्वोच्च न्यायालय के सभी कर्मचारियों को सूचित किया गया। "सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार, सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट (आंतरिक ईमेल नेटवर्क) पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून, 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है, "यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में किसी गलती या अशुद्धि के बारे में कोई आपत्ति/प्रतिवेदन है तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं।" परिपत्र और वर्तमान में प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, शीर्ष न्यायालय के कर्मचारियों को पदोन्नति में 15% कोटा और एसटी कर्मचारियों को 7.5% कोटा मिलेगा।नीति के अनुसार, कोटा लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक पुस्तकालयाध्यक्षों, कनिष्ठ न्यायालय सहायकों और चैंबर अटेंडेंट को उपलब्ध होगा।

### ग्राम पंचायत में निकाली गयी संचारी अभियान की रैली स्वच्छता अभियान से जागरूक करवाते ग्रामीणों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गलरा मे मगलवार को स्वास्थ्य कार्यकर्तियो ने ग्राम पंचायत गलरा प्राथमिक विद्यालय से आदीवासी मुस्लिम बस्ती मे संचारी अभियान की रैली निकाल कर जनसमूह को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरुक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा ने किया बच्चों व बच्चों के अभिभावकों को संचारी अभियान से बचाव हेतु साबुन से हाथ धोने पानी को उबाल कर पीने बुखार आने पर 102 एंबुलेंस की सहायता से स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक को दिखाने की जानकारी दी इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा आशा संगिनी आरती मिश्रा आशा नीतू मिश्रा रन्नु देवी ए एन एम उषा देवी एसचो मुकीम अंसारी शिक्षक योगेश यादव बुध्दिप्रकाश मिश्रा अरमान अली कयामुद्दीन समाजसेवी मनोकामना मिश्रा इत्यादि लोगों को उपस्थित रहे।

## "माथेडीह का विद्यालय हमारा अधिकार है, इसे मर्ज न किया जाए"- ग्रामीणों ने दी चेतावनी, पूर्व प्रधान बोले- यह गरीबों के साथ अन्याय

**गोण्डा।** रूपईडीह ब्लॉक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के समायोजन (संविलयन) की योजना भले ही व्यवस्थागत सुधार के उद्देश्य से बनाई गई हो, लेकिन गोण्डा जिले के शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के ग्राम पंचायत देवारिया कला के मजरे माथेडीह में संचालित प्राथमिक विद्यालय के समायोजन की खबर से स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है।

गाँव की ग्राम प्रधान निर्मला देवी के नेतृत्व में दर्जनों अभिभावकों और ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी रूपईडीह को ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय को यथावत बनाए रखने की माँग की। ज्ञापन में कहा गया कि यह विद्यालय न केवल गाँव के बच्चों की शिक्षा का आधार है, बल्कि यह उनके सामाजिक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य की नींव भी है। ग्रामीणों का कहना है कि समायोजन से छोटे बच्चों को दूर के विद्यालयों में जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें लंबी दूरी, कठिन रास्तों और असुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।वर्ष 2024-25 में विद्यालय में नामांकन अच्छा है और अध्यापन कार्य नियमित रूप से हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि विद्यालय को मर्ज करना न सिर्फ शैक्षिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है, बल्कि यह बच्चों और उनके गरीब परिवारों के साथ अन्याय भी है। इस दौरान पूर्व प्रधान श्रीकांत तिवारी और अमरनाथ तिवारी ने भी आवाज़ बुलंद करते हुए कहा-

"माथेडीह का प्राथमिक विद्यालय एक पिछड़े और गरीब गाँव में स्थित है। यहाँ के बच्चों को दूसरे विद्यालय में भेजना न सिर्फ उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि गरीबों के साथ भी अन्याय है। अगर समायोजन ही करना था तो पहले यहाँ विद्यालय की स्थापना क्यों कराई गई? सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करते हुए समायोजन की प्रक्रिया को तत्काल




प्रभाव से रोकना चाहिए। अन्यथा इसका असर आने वाले चुनावों में साफ़ दिखाई देगा।"

ग्राम प्रधान निर्मला देवी ने कहा- "यह विद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, हमारे बच्चों के भविष्य की बुनियाद है। इसे मर्ज करना गाँव की शिक्षा को खत्म करना है।" ज्ञापन पर गाँव के अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों और अन्य नागरिकों ने हस्ताक्षर और अंगूठा लगाकर एक स्वर में विद्यालय को बचाने की माँग की। सभी ने शिक्षा विभाग से अपील की कि ज़मीनी सच्चाई को समझते हुए निर्णय लिया जाए।ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि विद्यालय को बंद या मर्ज किया गया, तो वे आंदोलन और उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि "शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE)" के तहत बच्चों को निकटतम विद्यालय में पढ़ाई का हक़ है, और इस अधिकार पर कोई भी चोट स्वीकार नहीं की जाएगी।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि शिक्षा विभाग जनभावनाओं और ज़मीनी सच्चाई का सम्मान करता है या फिर योजनाओं की औपचारिकता में गाँव के बच्चों के भविष्य को नजरअंदाज़ कर देता है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को पढ़ाया संस्कार का पाठ

- टाउन हाल कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल में बच्चों को बांटा चॉकलेट

**45 दिनों की गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद मंगलवार को पहले दिन स्कूल पहुंचे थे**



**मिर्जापुर।** नगर के शहर कोतवाली के सामने स्थित टाउन हॉल कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने बच्चों को संस्कार का पाठ पढ़ाया। बच्चों से कहा सुबह उठकर माता-पिता का और स्कूल पहुंचकर अपने गुरुजनों का पैर छूकर आशीर्वाद लें। उन्होंने बच्चों से पूछा कि गर्मी की छुट्टी में आपने क्या किया। इस पर छात्र छात्राओं ने बताया कि उन्होंने खूब मस्ती की। इसके अलावा समर कैंप में चित्रकला, पेंटिंग, संगीत, प्रोजेक्ट बनाना आदि सीखा। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका हेमलता यादव ने बताया कि एक कक्षा का मरम्मत होना है। स्कूल की सुरक्षा के लिए भी जाली लगवाने की मांग की। नपाध्यक्ष ने जल्द ही स्कूल की सुरक्षा के लिए जाली लगवाने का आश्वासन दिया। साथ ही बजट आने के बाद विद्यालय के कक्षा की मरम्मत कराने का भी आश्वासन दिया। बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। बताया कि शिक्षा से ही उनके सपने साकार हो सकते हैं। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

## एमपी सीएम ने अपनी ही मंत्री के खिलाफ बिठाई जांच, जल जीवन मिशन में 30 हजार करोड़ रुपये का घोटाला

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** जल जीवन मिशन के लिए केंद्र द्वारा दिए गए फंड में भ्रष्टाचार के मामले ने सभी को हिला कर रख दिया है। इस घोटाले को लेकर मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार की किरकिरी हो गई है।मध्य प्रदेश जल जीवन मिशन में 30 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है, जिसके चलते बीजेपी की किरकिरी हो गई है और सियासत गर्म हो गई है। राज्य की मंत्री संपतिया उइके पर जल जीवन मिशन के केंद्र द्वारा मिले फंड में हेराफेरी करने के आरोप लगे हैं। इसके चलते सीएम मोहन यादव के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग यानी PHE ने मंत्री के खिलाफ जांच का आदेश दिया है।

दरअसल, जांच इंजीनियर-इन-चीफ (ईएनसी) संजय अंधावन ने इस मामले में मंत्री संपतिया उइके और एक कार्यकारी अभियंता पर भ्रष्टाचार के मामले में जांच का आदेश दिया गया है। मामले में आरोप हैं कि इन्होंने जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को दिए गए 30,000 करोड़ रुपये के धन में हेराफेरी की और मंत्री के लिए पैसा जुटाया।




ENC संजय अंधावन ने पीएचई विभाग के सभी क्षेत्रों के मुख्य अभियंता और एमपी जल निगम लिमिटेड, भोपाल के परियोजना निदेशक को पत्र भेजा है। इन सभी अधिकारियों को सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है। हालांकि इस मामले में अभी तक राज्य सरकार की मंत्री संपतिया उइके ने कोई बयान नहीं दिया है।

यह जांच लांजी के पूर्व विधायक और संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते द्वारा 12 अप्रैल को दर्ज की गई शिकायत से शुरू हुई है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि मंत्रियों, अधिकारियों और ठेकेदारों ने BJP शासित राज्य में ग्रामीण परिवारों को नल का जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए केंद्रीय धन का दुरुपयोग किया है।पूर्व विधायक समरीते की शिकायत में राज्य की जल आपूर्ति अवसंरचना परियोजनाओं में कई अधिकारियों और ठेकेदारों की संलिप्तता में व्यापक भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया गया है।

## 'आंदोलित करने वाले मुद्दों से भाग रहे पीएम मोदी', प्रधानमंत्री की 5 देशों की विदेश यात्रा पर कांग्रेस का निशाना

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर आरोप लगाया कि वह मणिपुर हिंसा समेत देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री की पांच देशों की विदेश यात्रा शुरू होने से पहले उन पर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और 'ग्लोबल साउथ' के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए दो जुलाई से पांच देशों की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस आठ दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया भी जाएंगे। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "जब हालात कठिन हो जाते हैं, तो स्व-घोषित कठिनाइयां भी बढ़ जाती हैं। "सुपर प्रीमियम फ़्रीक्वेंट फ़्लायर" प्रधानमंत्री पांच देशों की आठ दिवसीय यात्रा पर हैं।"



उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री देश को आंदोलित करने वाले कम से कम चार मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, "मणिपुर में डबल इंजन के पटरी से उतरने और सामान्य जनजीवन पूरी तरह से तबाह होने के बाद से (प्रधानमंत्री ने) कभी वहां का दौरा नहीं किया।"

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को आंदोलित करने वाले कम से कम चार मुद्दों से भाग रहे हैं। मणिपुर में डबल इंजन के पटरी से उतरने और सामान्य जनजीवन पूरी तरह से तबाह होने के बाद से (प्रधानमंत्री ने) कभी वहां का दौरा नहीं किया।

जयराम रमेश ने दावा किया कि रक्षा अधिकारियों का खुलासा चौंकाने वाला है कि प्रधानमंत्री के फैसलों के कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दो दिनों में भारत को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, "राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार दावा किया गया कि उन्होंने व्यापार समझौते का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया। 70 दिनों के बाद भी पहलगाम हमले के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जा सका है।"

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक रूबी सोनी को उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान**

**अयोध्या/लखनऊ** - लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक रूबी सोनी को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और पत्रकार हितों के लिए निरंतर किए जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, अयोध्या मीडिया सेंटर ने बीते वर्षों में पत्रकारिता को नई दिशा देने का कार्य किया है। रूबी सोनी ने मीडिया के माध्यम से न केवल समाज को जागरूक किया, बल्कि पत्रकारों की समस्याओं को भी प्रभावशाली ढंग से उठाया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों, राजनीतिक प्रतिनिधियों और समाजसेवियों समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने रूबी सोनी के कार्यों की सराहना की और उन्हें आगे भी पत्रकारिता जगत में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अयोध्या मीडिया सेंटर के चेयरमेन आचार्य स्कंद दास ने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका स्थानीय पत्रकारों को मंच, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना समाज में जनजागरूकता फैलाने वाले कार्यक्रमों का आयोजन यह सम्मान न केवल रूबी सोनी के व्यक्तिगत योगदान का प्रतिफल है, बल्कि अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों को भी राज्यस्तरीय मान्यता मिलने जैसा है।

### कंपोजिट विद्यालय लोधन पुरवा में स्कूल चलो अभियान और प्रवेश उत्सव का हुआ शुभारंभ

**चित्रकूट** - सदर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय लोधनपुरवा में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान व प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्याालय आने वाले सभी बच्चों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही मध्यान भोजन में बच्चों को खीर पूरी खिलाई गई तथा बच्चों व शिक्षकों द्वारा गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्रधानाध्यापक प्रेमचंद शिवहरे ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत कोई भी बच्चा छूटने न पाए तथा प्रत्येक बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए। इसके लिए प्रभात फेरी निकाल कर गांव वालों को बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में कराने व प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही साथ संचारी रोग नियंत्रण के संदर्भ में भी कार्यक्रम का आयोजन कर अभिभावकों व बच्चों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने व पौधे रोपित करने के लिए जागरूक किया गया। बताया गया कि स्वच्छता से बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इस मौके पर पेयरिंग विद्यालय भोंदू पुरवा के प्रधानाध्याक रावेन्द्र सिंह, शिक्षामित्र क्रांति स्वरुप, अनूप देवी, सहायक अध्यापक पुष्पा सिंह, जया सिंह, सुचेता देवी, नमता देवी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष शंकर लाल राजपूत, अभिभावक बुद्धि विलास यादव, विनोद राजपूत, कमलेश यादव, चुन्नू यादव, अर्जुन राजपूत, अशोक कुमार, राजवीर यादव, राकेश कुमार, राजवीर राजपूत, भैरव प्रसाद, बालकेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

### हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ किरण त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**चित्रकूट**- जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग अध्यक्ष एवं भाषा संकाय की अधिष्ठाता डॉ किरण त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने सेवानिवृत्त होने वाली डॉ किरण त्रिपाठी के व्यक्तित्व व सेवा कार्य में उनके समर्पण की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने डॉ किरण त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह, उपहार आदि देकर उनका सम्मान किया तथा उनके दीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ नीतू तिवारी, डॉ अमिता त्रिपाठी, डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के डॉ जयशंकर मिश्रा, अधिष्ठाता डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ रीना पांडेय, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ कुमारी रमा सोनी, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ रवि प्रकाश शुक्ल, डॉ भविष्या माथुर, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ शशांक शेखर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# महिला ग्राम प्रधान चन्द्रकला व सचिव के सांठगांठ से खुलेआम ग्राम भक्तुपुर में मनरेगा फर्जीवाड़ा

**●-महिला ग्राम प्रधान चन्द्रकला एवं रोजगार सेवक टीए जेई(तकनीकी सहायक)द्वारा जारी है जमकर लूट**

**धरातल पर काम करते नहीं मिले मजदूर केवल कागज़ों में दर्ज हो रहा श्रमिकों की आनलाइन अटेंडेंसग्राम पंचायत भक्तूपर में चल रही मनरेगा योजना में मनमानी विकास खण्ड कुदरहा से जुड़ा मामला**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जनपद के बहुचर्चित ग्राम पंचायत भक्तूपुर में भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रहा है, विकास खण्ड कुदरहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत भक्तूपुर में महिला ग्राम प्रधान चंद्रकला और रोजगार सेवक टीए जेई (तकनीकी सहायक ) की मनमानी से मनरेगा भ्रष्टाचार की खबरें समाचार पत्रों की सुर्खियां बन रही हैं।अपना काम बनता तो भाड़ में जाए जनता यह है महिला जनप्रतिनिधि एवं भक्तूपुर में तैनात जिम्मेदारों की असली हकीकत।मनरेगा योजना सरकार द्वारा गरीबों के रोजगार के लिए बनाई गई है, लेकिन ब्लॉक की मीटिंगों में कभी न जाने वाली महिला जनप्रतिनिधि के लिए ऐशो-आराम की योजना बनकर रह गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार - कुदरहा विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत भक्तूपुर में हीरालाल के खेत से, दीप सिंह के खेत से, व गुरुग्रंथ साहेब, तथा रामप्रकाश के खेत से मिट्टी कार्य में 150 मजदूरों की फर्जी हाजिरी दर्ज की गई है। जबकि धरातल पर काम करते नहीं मिले मजदूर, केवल कागजों में दर्ज किया जा रहा श्रमिकों की ऑनलाइन अटेंडेंस के सहारे मनरेगा में हेरा-फेरी चल रहा है। वही अपना भष्ट्राचार छुपाने के लिए सम्बन्धित कायों की साइड पर डिस्प्ले बोर्ड तक नहीं लगाया गया है लकिन प्रधान, रोजगार सेवक व सचिव सरकारी धन के बंदरबांट करने की तैयारी में लगे हैं, जबकि अभी तक संदर्भित साइड पर कोई कार्य नहीं हुआ है। मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। लेकिन ग्राम पंचायत भक्तूपुर में फर्जीवाड़े से पता चलता है महिला ग्राम प्रधान चन्द्रकला ब्लाक प्रशासन के जिम्मेदार की संम्लितता होने से योजना का लाभ उन लोगों को नहीं मिल रहा है जो वास्तव में इसके हकदार हैं।इससे स्पष्ट होता है कि महिला ग्राम प्रधान चन्द्रकला की प्राथमिकता भ्रष्टाचार है, न कि गरीबों के हित में है भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की और जिम्मेदारों को जवाबदेही साथ ही, गरीबों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए है अब देखना यह है कि जनपद में अपने आमद के समय से ही हनक बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

## अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा डीएम को दिया ज्ञापन रजिस्ट्री दफ्तर निकट लाने की मांग



**बलरामपुर ।** अपनिवन्धन कार्य मण्डी समिति में किये जाने से अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और रजिस्ट्री दफ्तर कचहरी के सा निकट लाने का किया मांग । मांगे पूरी न होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी । गौरतलब हो कि राजिस्ट्री दफ्तर कचेहरी से लगभग 5 कि0मी0 दूर मंडी समित में बना दिया गया है। वैनमा करवाने वाले को वहाँ आने जाने में काफी समय लगता है जिससे कचहरी का अन्य कार्य प्रभावित हो जाता है काफी दिनो से इसकी मांग चल रही थी आखिर में वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा।

## बारिश में भी नहीं रुकी मनरेगा की फर्जी हाजिरी, सिस्टम पर फिर उठे सवाल

**●-बारिश हो या त्योहार, मनरेगा में रोज़ लगती है फर्जी उपस्थितिकमिशनखोरी के आगे सिस्टम बेबस, मनरेगा बना लूट का अड्डा**




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में सुबह से लगातार झमाझम बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद मनरेगा योजनाओं में फर्जी अटेंडेंस लगवाने का खेल थम नहीं रहा। बताया जा रहा है कि कई ग्राम पंचायतों में आज भी काम दर्शाकर मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब बारिश के दिन काम दर्शाया गया हो। इससे पहले भी त्योहारों और अवकाश के दिनों मनरेगा में कार्य दिखाकर मजदूरी निकासी की जा चुकी है। गांवों में स्थलीय निरीक्षण करने पर स्पष्ट होता है कि अधिकांश स्थानों पर मजदूर नहीं होते, लेकिन उपस्थिति पंजिका में सब कुछ नियमित दर्शाया जाता है। सूत्र बताते हैं कि अधिकारियों की मिलीभगत से ये खेल चल रहा है, जिनका कमीशन हर निकासी पर तय होता है। सवाल यह उठता है कि क्या मनरेगा अब गरीबों को रोज़गार देने का माध्यम नहीं, बल्कि अफसरों और प्रधानों के लिए लूट का अड्डा बन चुका है?

## परी हत्याकाण्ड में मामले में नया मोड़ः सरदार सेना ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**●निर्दोषों का उत्पीड़न बंद करने की मांग**

**परी हत्याकाण्ड में मामले में नया मोड़ः सरदार सेना ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के लालपुरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुये परी हत्याकाण्ड में नया मोड़ आ गया है। सोमवार को सरदार सेना जिलध्यक्ष विनय चौधरी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दूसरे पक्ष के पीड़ित परिवार के साथ जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि जमीनी विवाद मामले में दोनों पक्षों से जानकारी लेकर निर्दोषों का अनावश्यक उत्पीड़न, बुल्डोजर की कार्रवाई बंद किया जाय और वास्तविक दोषियों को कड़ा दण्ड दिया जाय। ज्ञापन सौंपने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी वृजेश पटेल ने कहा कि जीतीपुर लालपुरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। गत 15 जून को अतुल श्रीवास्तव, अंशु श्रीवास्तव, रामलौट आदि टैऊक्टर लेकर विवादित जमीन पर जबरिया कब्जा करने लगे, विरोध करने पर उक्त लोगों ने दूधराम, अमरनाथ, सुमन, फूल कुमारी, कुसुम आदि को बुरी तरह से मारा पीटा। ग्रामीणों की मदद और पुलिस के आने से उनकी जान बची। पुलिस ने मामले में एकतरफा कार्रवाई कर 6 लोगों को जेल में डाल दिया गया। मांग किया कि पुलिस और प्रशासन वास्तविकता की जांच कराकर दोषियों को ही दण्डित करे, निर्दोषों का अकारण उत्पीड़न बंद किया जाय। राज्यपाल को ज्ञापन भेजने वालों में मुख्य रूप से सौरभ यादव, शिव प्रताप वर्मा, राजकुमार पटेल, अनिल कुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य सुरेश चौधरी, अभिषेक चौधरी, अमरजीत प्रजापति, चन्द्रगुप्त मौर्य, गोलू प्रजापति, अजीत पटेल, राहुल पटेल, डी.के. पटेल, गोलू अग्रहरि, शहजाद आलम, आदर्श वर्मा, पवन पटेल, रामवृक्ष, विन्दू चौधरी, समर चौधरी आदि शामिल रहे।

## एक दशक मे ही टूट गया सीमा के पास छिहुली नाले का पुल

**स्वतंत्र प्रभात**




**बलरामपुर ।** पचपेड़वा विकास खण्ड अन्तर्गत जंगल से सटे गांव जीतपुर व विशुनपुर कोड़र के मध्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित छिहुली नाले का पुल टूट गया है लोक निर्माण विभाग ने दोनो तरफ बोर्ड लगाकर रास्ता बंद करने की सूचना देकर अपना आंख वन्द कर लिया है। बताते चलें कि पचपेड़वा विकासखण्ड अन्तर्गत जीतपुर विशुनपुर विशुनपुर कोडर के मध्य मध्य छिहुली नाले पर जन सुविधा को देखते-हुए बार्डर डेवलेपमेन्ट एरिया से सन् 2011-12 में पुल स्वीकृत कि इसका निर्माण सन 2013 में किया गया। मात्र 11 वर्ष में ही पुल का पिलर धंस जाने के कारण पुल का आधे से अधिक भाग दोनो तरफ से टूट गया है। अब पुल क एप्रोचे व सड़क कटना शुरु हो गया है। बहुत जल्द पूरा पुल ध्वस्त हो जायेगा। विभाग ने मार्ग वन्द होने का बोर्ड दोनो तरफ लगा -कर बैरी केटिंग करके क्षेत्रीय लोगों को सूचना देकर आंख बन्द कर लिया है। इससे विशुनपुर कोडर रेहरा, परशुरामपुर गिद्धहवा वनगवा, मड़नी, गोड़नी बड़का भुकुरुवा कंचनपुर बनगवा तथा थारु जनजाति के लोगों को 10 से 15 किलोमीटर की अधिक परिक्रमा करने के बाद पचपेड़वा मुख्यालय पहुंचना होता है। इससे समय और धन दोनो की बरबादी होती है। विशुनपुर कोडर के प्रधान राजकुमार यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य अतिउल्लाह खां व क्षेत्र वासी ओमपाल, अशोक मिश्रा, दद्दन मिश्रा, कल्लू यादव ,हरिहर यादव, द्वारिका तिवारी इसरार खाँ, अमीर, दीन दयाल सहित दर्जनों लोगों ने पुलिया निर्माण की मांग की है उल्लेखनीय है कि सीमा क्षेत्र पर बना यह पुल जनता के हित में तो है ही सामरिक दृष्टिकोण से भी अति महत्वपूर्ण है ऐसा इसलिए भी है कि नेपाल की सीमा यहां से मात्र कुछ ही किमी है इसकी महता को देखते हुए क्षेत्र वासियों की मांग पर विभाग को चाहिए कि इस पुल का सीघ्र निर्माण किया जाए।

## डा. एस.के. गौड पर गंभीर आरोप, मामलों की जांच, मासूम की मौत मामले में कार्रवाई की मांग



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में बाल रोग विशेषज्ञ डा. एस.के. गौड़ के जे.के. हासिपटल में इलाज के दौरान मासूम के मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को मृतक बालक के पिता सोनहा थाना क्षेत्र के कंचन चौराहा निवासी राधेश्याम कसौधन ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि समूचे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी चिकित्सक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। ज्ञापन देने के दौरान विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने राधेश्याम कसौधन का हौसला बढाते हुये कहा कि संकट के इस समय में महासंघ उनके साथ है। दोषी चिकित्सक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई न हुई तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा। डीएम को सौंपे ज्ञापन में डा. एस.के. गौड़ पर भू- माफिया होने, आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने, चिकित्सा में लापरवाही बरतने आदि के गंभीर आरोप लगाते हुये समूचे मामले की उच्च स्तरीय जांच और मासूम बालक के मौत मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग किया गया है। ज्ञापन देने वालों में बालकृष्ण सिंह, महेन्द्र पाठक, अखिलेश सिंह, सौरभ त्रिपाठी, कुलदीप मिश्रा, संजय कसौधन, पूनम कसौधन, मसरावती देवी, सुभाष चंद्र गुप्ता, शिवचंद आदि शामिल रहे।

## श्यामलाल बने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) तुलसीपुर



**बलरामपुर**- विकासखंड तुलसीपुर में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कृष्ण कुमार श्रीवास्तव का दिनांक 30.06.2025 को सेवा निवृत्ति हो जाने के कारण सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)का पद रिक्त था। जिस पर अधिकारियों द्वारा श्यामलाल थारू को ग्राम पंचायत अधिकारी का प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का कार्यभार ग्रहण करने का आदेश पारित किया गया । कार्यभार गृहण करने के बाद शासन द्वारा ग्राम पंचायत में चलाए जा रहे सामुदायिक शौचालय,आर आर सी संचालन, व्यक्तिगत शौचालय एवं स्वच्छता कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्याम लाल सचिव ग्राम पंचायत के साथ -साथ एडीओ पंचायत प्रभार देखेंगे। श्याम लाल एक ईमानदार कर्मचारी व जमीनी स्तर पर कार्य करने के रूप में जाने जाते हैं श्यामलाल को सहायक विकास अधिकारी( पंचायत) तुलसीपुर बनने से कर्मचारी एवं प्रधान आम जनता में काफी खुशी की लहर है।

# बस्ती में सड़कों का बुरा हाल, नेता फॉर्च्यूनर में मस्त जनता गड्ढों में पस्त

**●-गड्ढे, जलभराव और टूटी सड़कों से त्रस्त हैं लोग, लेकिन जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले केशहर की सड़कें आज अपने बदहाली पर आंसू बहा रही हैं, लेकिन उन्हें सुधारने वाले जनप्रतिनिधि शायद एसी फॉर्च्यूनर की खिड़कियों से बाहर झांकना भूल चुके हैं। आम जनता रोज़ गड्ढों में गिरती है, बारिश के बाद जलजमाव से जूझती है, लेकिन नेताओं को न कोई शर्म है, न ज़िम्मेदारी का अहसास। शहर के बड़ेवन ओवरब्रिज के नीचे, खासकर यातायात प्रभारी कार्यालय के सामने की सड़क, बस्ती की दुर्दशा की सबसे बड़ी मिसाल बन चुकी है। हर बारिश में यह इलाका झील में तब्दील हो जाता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि दुपहिया वाहन फिसलते हैं, पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस सड़क से रोजाना जिले के बड़े नेता गुजरते हैं, जिनमें सत्ता पक्ष और विपक्ष – दोनों के जनप्रतिनिधि शामिल हैं। इतना ही नहीं, मात्र 50 मीटर की दूरी पर ही एक वर्तमान विधान परिषद सदस्य (MLC) का आवास स्थित है, फिर भी सड़क पर कीचड़ और पानी का कब्ज़ा बना हुआ है। स्थानीय निवासी राजेश तिवारी कहते हैं, "हर चुनाव में विकास के बड़े-बड़े वादे होते हैं, लेकिन हकीकत में हमें गड्ढों और जलजमाव के बीच ही जीना पड़ता है। क्या यही है स्मार्ट सिटी का सपना?"जनता में नाराज़गी साफ है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और भी ज्यादा खतरनाक है। ऐसा लगता है कि चुनाव जीतने के बाद जनता की आवाज़ नेता सुनना ही नहीं चाहते, और विकास केवल भाषणों तक सीमित होकर रह गया है। अब सवाल यह है कि क्या नेताओं की गाड़ियों के एसी कांच कभी उन झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली आंखों से टकराएंगे, जिनकी ज़िंदगी इन गड्ढों के बीच उलझ गई है? क्या लोकतंत्र का मतलब केवल वोट मांगना और फिर भूल जाना ही रह गया है? बस्ती की सड़कों का यह हाल सिर्फ एक बस्ती की कहानी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी की इबारत है। और जब तक जनता अपनी आवाज़ को मजबूती से नहीं उठाएगी, तब तक नेता फॉर्च्यूनर में चलते रहेंगे – और हम गड्ढों में गिरते रहेंगे।

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों के प्रति किया सचेत



**चित्रकूट**- राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह के निर्देशानुसार मंगलवार को परिक्रमा मार्ग खोही में आयुष आपके द्वार अभियान के तहत निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करते हुये कुल 95 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। इस शिविर में डॉ प्रीति झा, डॉ शकुंतला पाण्डेय, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह, रामबाबू, रमेश, दिनेश आदि ने सेवा कार्य किया।

## संविदा कार्मिकों के हितों के लिए सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले में संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ बस्ती द्वारा भारत सरकार की अनुशंसा के अनुरुप उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कार्मिकों के हित में मानव संशाधन नीति में संशोधन, राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय समिति गठन एवं जीआरसी बैठकों के क्रियान्वयन हेतु आज जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डा सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। डा सुधाकर पाण्डेय ने कहा कि मानव संसाधन नीति में संशोधन भारत सरकार द्वारा 04 अप्रैल 2019 को पत्र के माध्यम से एच आर पॉलिसी के स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं, परंतु यूपी में कर्मचारी संगठनों के सुझावों को समाहित नही किया गया। वार्षिक वेतन वृद्धि वर्तमान में 5 प्रतिशत तक सीमित है कृपया भारत सरकार की अनुशंसा अनुसार कार्य निष्पादन के आधार पर 10 प्रतिशत तक वृद्धि सुनिश्चित की जाए। स्थानांतरण नीति कर्मचारियों के पारिवारिक स्वास्थ्य एवं सेवा हितों को दृष्टिगत रखते हुए पारदर्शी व व्यवहारिक ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा ब्लॉक व जिला स्तर पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन हो व एचआर नीति में स्पष्ट उल्लेख हो। वेतन विसंगति निवारण, भारत सरकार के पत्र 06 दिसम्बर 2016 के अनुसार 3 प्रतिशत अतिरिक्त बजट का उपयोग कर अन्य राज्यों की भांति समता आधारित वेतनमान लागू किया जाय। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री राहुल श्रीवास्तव, महामंत्री संयुक्त एनएचएम जन्मेजय उपाध्याय, रवि सोनकर, सुनील वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान , सचिव एवं रोजगार सेवक ने संयुक्त मोर्चा बनाकर संघर्ष का किया ऐलान

**●जिलाधिकारी बलरामपुर को सौपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अधिकारिय द्वारा किये जा रहा शोषण बर्दाश्त नहीं**

**एपीओ एवं तकनीकी सहायक ने संयुक्त मोर्चा से किया किनारा**

**स्वतंत्र प्रभात**



**बलरामपुर**- विकास खंड हरैय्या सतघरवा, तुलसीपुर , गैसड़ी , पचपेडवा, बलरामपुर, श्री दत्तगंज, उतरौला, रेहरा, गैड़ास बुजुर्ग के सचिव ,प्रधान रोजगार सेवक सदर विकास खंड बलरामपुर में एकत्र होकर संयुक्त मोर्चे का गठन करते हुए अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष का ऐलान कर सभा का आयोजन किया, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अमर नाथ राय ने कहा कि आये दिन ग्राम पंचायतों में जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है, जबकि अन्य विभाग की अपेक्षा ग्राम पंचायत का कार्य अच्छा रहता है, अन्य विभाग के सड़क पुल व बांध बरसात में टूटकर बह जाता है, ग्राम के द्वारा कराये गये ही धरातल पर दिखायी देते हैं जिससे आवागमन संचालन होता है, बिजली सड़क पानी जल जीवन मिशन अतरिक्त कक्ष एमडीएम कागज में कुछ और धरातल पर कुछ और रहता है, फिर भी उन विभागों के जिम्मेदार लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है, ग्राम विकास अधिकारी के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने संयुक्त मोर्चा को संबोधित करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराये जा रहे कार्य मानक विहीन है, कहीं टंकी गिर जाती है, कही गांव के अंदर बने हुए रास्तों को खोदकर सप्लाई लगायी जाती है जिससे संपूर्ण मार्ग क्षति ग्रस्त हो जाता है और विभाग द्वारा मरम्मत भी नहीं कराया जाता, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के रैंकिंग के नाम पर अधिकारियों के द्वारा शासन को गुमराह करने हेतु जबरन भुगतान करने एवं अन्य फर्जी तरीके से दबाव बनाया जाता है, वही विकास खंड पचपेडवा के ग्राम पंचायत विशुन पुर टनटनवा में मनरेगा भुगतान करने वाले खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह को मुकदमे से बचा लिया जाता है,कार्यवाही के तौर पर पदोन्नत करके परियोजना निदेशक बना दिया जाता है, जिसका मनरेगा भुगतान से कोई वास्ता नहीं है उनके ऊपर मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया जाता है, यह सौतेला व्यवहार नहीं चलेगा, रोजगार संघ के जिलाध्यक्ष मो0 असलम नईमी ने कहा कि मनरेगा का कार्य किया जाता है तथा जांच के नाम पर शोषण अधिकारियों द्वारा शोषण किया जाता है वही अन्य विभाग के अधिकांश कार्य जो मानक विहीन है उनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती, वही महिला कर्मचारी मीनाक्षी राव, अंजू, सुनीता गायत्री एव प्रतिभा ने आरती रावत व प्रधान के गिरफ्तारी की घोर निंदा की कहा कि जांच में भवन निर्माण में यदि कोई कमियां पायी गयी थी तो प्रथम दृष्टया निलंबन के साथ वसूली की प्रकिर्या होनी चाहिए थी न कि जेल ,चार माह दुदमुही बच्ची का क्या दोष है जिसे जेल में डाल दिया गया इस पर मानवाधिकार एवं महिला आयोग बालाश्रम चुप क्यों है,प्रधान संघ की तरफ से जगदंबा मिश्रा ने कहा कि ग्राम पंचायत के अतिरिक्त अन्य विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार चरम पर है ग्राम चूलाभारी में पानी टंकी गिर गया , परसिया गौरी में पानी टंकी के गड्डे में मासूम बच्ची की डूबकर मौत हो गयी आपूर्ति विभाग द्वारा दो किलो राशन कम दिया जा रहा इस तरीके से अन्य भ्रष्टाचार पर न कोई जांच होती हैं न कार्यवाही, संयुक्त मोर्चा के तरफ से यह ऐलान किया गया कि यदि ग्राम पंचायत पर कार्यवाही नहीं रोकी गयी तो यह आंदोलन और उग्र होगा, राहुल शुक्ला , संतोष गुप्ता , आशीष ,श्याम लाल, कृपा शंकर बड़ी संख्या में प्रधान, सचिव , रोजगार सेवक उपस्थित रहे ।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रोफेसर शर्मिला शर्मा सेवानिवृत्त प्रो. प्रतिमा ने संभाला पदभार

**अलीगढ़।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा एवं चार प्राध्यापिकाओं प्रोफेसर बृजरानी श्रीवास्तव संगीत विभाग, प्रोफेसर प्रभा वार्ष्णेय संगीत विभाग, प्रोफेसर संगीता कुमार रसायन विज्ञान विभाग एवं प्रोफेसर रेखा आर्य वनस्पति विज्ञान विभाग की सेवानिवृत्ति अपने लंबे समय का कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात हुई। सभी प्राध्यापिकाओं व प्राचार्या ने अपनी निष्ठा एवं समर्पण से टीकाराम महाविद्यालय को नई ऊंचाई प्रदान की । महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने 4 वर्ष के सेवाकाल में छम्च् 2020 का सुचारू संचालन एवं अनेकानेक संस्थाओं से जुडकर छात्राओं की प्रगति का पथ प्रशस्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी को जलपान कराया व तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उपहार भेंट किए गए। प्रोफेसर प्रतिमा श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग ने प्राचार्या के द्वारा कार्यभार ग्रहण किया प्रो प्रतिमा श्रीवास्तव भी अपनी सौम्यता एवं कर्मठता के लिए महाविद्यालय में लोकप्रिय है। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाओं ने उन्हें बधाई दी।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की मांग

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-4 के तत्वावधान में ÷महिला सशक्तिकरण÷ विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका, चुनौतियों और उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कैसे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। वेबिनार में विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

वेबिनार की मुख्य वक्ता डा. शीतल सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी प्रयास हो रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत चिंता का विषय है। जब तक महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं होंगी, तब तक उनका सशक्तिकरण अधूरा रहेगा। समाज में महिलाओं को केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित कर देना, उनके विकास में बड़ी बाधा है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा और स्वरोजगार के अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया। संयोजक और एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. नियति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक करना था। एनएसएस समन्वयक डा. पूनम रानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संदेश देना जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता है। कार्यक्रम में डा. शालू अग्रवाल, मनीषा उपाध्याय सहित छात्राओं अफीफा, कीर्ति, अन्नू, उर्वशी, खुशी आदि ने भी महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

## 50 छात्रों से कम होने पर विद्यालय बन्द के आदेश से रोष




**अलीगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन ऐसे विद्यालयों जिनमें नामांकित छात्रों की संख्या 50 से कम है, को बंद करते हुए किसी अन्य नजदीकी विद्यालय में पेयरिंग करने के आदेश जारी किये गये हैं। समस्त जनपदों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार की जा चुकी है। विभाग द्वारा विद्यालय बन्द किये जाने के निर्णय से प्रभावित विद्यालयों के छात्रों के अभिभावक एवं ग्राम प्रधानों द्वारा असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। इसके विपरीत खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षकों पर विद्यालय प्रबन्ध समिति से विद्यालय बन्द करने की प्रक्रिया के समर्थन करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए निर्णय लिया गया है कि समस्त ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कार्यसमिति के पदाधिकारियों, ब्लॉक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, बंद होने वाले विद्यालयों के ग्राम प्रधान तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं उक्त विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों के अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित करके विभाग द्वारा विद्यालय बन्द करने की प्रक्रिया से छात्रों एवं शिक्षकों को होने वाली क्षति पर चर्चा करके आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार ही अग्रिम निर्णय लिया जायेगा।

# आस्था व राष्ट्रीय एकात्मता की प्रतीक कावड़ यात्रा के यात्रियों के अधिकारों की भी हो रक्षा- विहिप

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** जुलाई 1, 2025। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने कावड़ यात्रा के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता, समरसता और एकात्मता की प्रतीक इस यात्रा का सभी मत-पंथ संप्रदाय व धर्मों के लोगों को ना सिर्फ खुले मन से स्वागत करना चाहिए अपितु, कावड़ यात्रियों के संवैधानिक अधिकारों की भी रक्षा करनी चाहिए। कावड़ यात्रा अनादि काल से चली आ रही है। लगभग 8 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष इस पवित्र त्रा में भाग लेते हैं। वे 'बम भोले' के साथ 'भारत माता की जय' का उद्घोष भी करते हैं। अपने कंधे पर कावड़ लेने के साथ, हाथ में तिरंगा लेकर भी चलते हैं। यह यात्रा आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, समरसता और एकात्मता का प्रतीक बन चुकी है। डॉ सुरेन्द्र जैन ने आज यह कहा कि इस यात्रा का समाज के सभी वर्गों के द्वारा भरपूर स्वागत होना चाहिए। यात्रियों के लिए व्यवस्थाएं जुटानी चाहिए लेकिन दुर्भाग्य से हरिद्वार से लेकर दिल्ली तक के रास्ते में कई बार इन यात्रियों पर हमले होते थे, जान से मार दिया जाता था, मल-मूत्र और मांस के टुकड़े फेंक कर कावड़ को अपवित्र किया जाता था। यात्रा रोक दी जाती थी। सेकुलर सरकारें जिहादी हमलावरों के संरक्षण पर खड़ी होती थी। यात्रियों की आस्थाओं का उनके लिए कोई अर्थ नहीं होता था।

यूपी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि योगी सरकार आने के बाद यात्रियों और उनके सम्मान की सुरक्षा के लिए कुछ नियम बनाए गए और उसका परिणाम हमलावर समाज पर भी दिखाई दिया। कुछ मुसलमानो ने स्वागत करना शुरू किया परंतु जेहादियों ने एक नया प्रकार खोज लिया। थूक कर रोटियां बनाना, जूस में पेशाब मिलाना, अपने नाम व पहचान छुपा कर हिंदू नाम से दुकान खोलकर हलाल के समान के साथ यात्रियों को भोजन भी देना। इससे हिंदुओं की आस्थाएं अपमानित होती थीं। यह यात्रियों का अधिकार है कि जिस दुकान से वह सामान ले रहे हैं, वह दुकान किनकी है। किसी जिहादी के द्वारा चलाई जा रही दुकान तो नहीं है, यह जानने का उसका संवैधानिक अधिकार है। इसलिए वर्तमान सरकार ने जो नियम बनाए हैं हम उन नियमों का स्वागत करते हैं। वे नियम यात्रियों के लिए भी है और वहां पर रहने वाले समाज के लिए भी। यात्री तो नियमों का पहले से ही पालन करते हैं। वहां का सम्पूर्ण समाज भी करेगा यह हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि जब ऐसा कोई भी विषय आता है तो कुछ लोग तुरंत न्यायपालिका में जाते हैं और कोई एक जज अपने व्यक्तिगत संस्कार और विचारों के आधार पर तुरंत स्टे दे देता है। इससे न्यायपालिका की आलोचना भी शुरू हो जाती है।

सोशल मीडिया पर कोई नियंत्रण नहीं रहता है। न्यायपालिका के सम्मान की सुरक्षा हमारी भी चिंता का विषय है। लेकिन जिम्मेदारी न्यायपालिका की भी बनती है। इसलिए हम मुख्य न्यायाधीश महोदय से निवेदन करते हैं कि वे सभी न्यायाधीशों को संकेत दें कि किसी भी विषय पर निर्णय देने से पहले हिंदुओं के संवैधानिक अधिकारों का भी विचार करें। संविधान के धारा 25 और 26 हिंदुओं के अधिकारों के लिए भी हैं। स्थानीय परिस्थितियों, हिंदुओं की भावनाओं तथा वहां की परिस्थितियों, इन सब का विचार करके ही निर्णय देना चाहिए।डॉ जैन ने कहा कि दुर्भाग्य से कुछ लोग इस विषय को राजनीति से भी जोड़ने की कोशिश करते हैं। भारत में तो प्रत्येक महीने कहीं ना कहीं चुनाव होते ही रहते हैं। यात्रा हर वर्ष निकलती है, निश्चित तिथि पर निकलती है। इसको राजनीति से जोड़ने वाले वास्तव में, हिंदू आस्थाओं का अपमान करते हैं। इसको बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वह अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इतना नीचे ना गिरे कि उनका उठाना मुश्किल हो जाए।

# बेखौफ बदमाशों ने पुलिसकर्मी की फाड़ी वर्दी तीन में से एक आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**नगराम। लखनऊ,** राजधानी लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम चंगा खेडा में उस समय हड़कंप मच गया जब ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी अनुज भाटी पर तीन अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। यह मामला बीते सोमवार को सामने आया है जब पुलिसकर्मी नगराम थाने से चंगा खेडा विवेचना हेतु निकले थे।रास्ते में जब वह बरकत नगर चौराहे के पास पहुंचे, तो देखा कि बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सड़क के बीच खड़ी है, जिस पर तीन युवक सवार थे। पुलिसकर्मी ने जब पूछताछ के लिए उन्हें रोका, तो आरोपियों ने विरोध कर दिया और गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी और सरकारी वाहन की चाबी छीनने का प्रयास किया।घटना के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा मदद मांगे जाने पर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए।

पकड़े गए युवक की पहचान धर्मेंद्र उर्फ बीर पुत्र छोटेलाल निवासी साहनखेड़ा, थाना गोसाईगंज लखनऊ के रूप में हुई है।फरार हुए अन्य दो आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र रमेश व नारायण पुत्र जयकरण निवासी ग्राम साहनखेड़ा, थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ के रूप में हुई है।

पकड़े गए आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि "पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उन्हें भी हिरासत में लिया जाएगा।इस दुस्साहसिक घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है।

# 3श्रेष्ठ कार्य है ज्ञानदान- उमानन्द शर्मा

● **गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के पुस्तकालय में हुई 441वें युगऋषि वाड्मय की स्थापना**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक'' के सन्दर्भ पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 441वाँ ऋषि वाड्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्ता एम0के0 निरंजन एवं अर्चना निरंजन ने अपने माता-पिता मिथिलेश निरंजन एवं प्रसाद निरंजन की स्मृति में भेंट किया तथा उपस्थित लोगों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान श्रेष्ठ कार्य है। इस अवसर पर बृजेश पाठक ने अभिनन्दन करते हुये कहा कि ऋषि का सद्साहित्य हमें प्राप्त हुआ यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने एम0के0 निरंजन, अर्चना निरंजन सहित गायत्री परिवार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि एम0के0 निरंजन, अर्चना निरंजन, उमानंद शर्मा, सावित्री शर्मा, वी0के0 श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह और डॉ0 नीलम गुप्ता, उषा सिंह, कमला सक्सेना सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शक्ति केंद्रों का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया दौरा

● **...कार्यकर्ताओं को दिए संगठन को सशक्त करने के निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात







**मोहनलालगंज। लखनऊ,** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के मंडल मोहनलालगंज, निगोहां और नगराम के शक्ति केंद्रों का दौरा किया। इस प्रवास के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्रों पर पहुंचकर बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया तथा संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की नींव बूथ स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ता ही होते हैं और इनकी सक्रियता से ही पार्टी की जड़ें मजबूत होती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को पूरी निष्ठा और समर्पण से बूथ स्तर तक पहुंचाएं, जिससे संगठन की नीति और नीयत आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से पार्टी द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक पौधे रोपे जाएं और लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी कार्यकर्ता अपने स्तर से निभाएं। विजय मौर्य ने कहा कि हर कार्यकर्ता "पालक" के रूप में एक पौधे की रक्षा करे, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज में व्यापक रूप से जाए।

दौरे के दौरान शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे और समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान जिला अध्यक्ष द्वारा आश्वस्त किया गया।इस प्रवास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय 'धीरू',ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहनलालगंज चक्रवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष निगोहां ललित सिंह, मंडल अध्यक्ष नगराम बलराम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, श्याम प्यारी लोधी, आशुतोष शुक्ला, सभासद हिमांशु सिंह, सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पूर्ण उत्साह से उसमें भाग लेने की अपील की।

# दो पक्षों में मारपीट एक ही परिवार के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज

● **निगोहां थाना क्षेत्र का मामला।**

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां। लखनऊ** राजधानी लखनऊ के निगोहां के थाना ब्रहमदासपुर गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और धमकी तक जा पहुंचा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए निगोहां थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने एक ही परिवार के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र ब्रह्मदासपुर गांव निवासी रेखा देवी पत्नी आशाराम रावत ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ओमकार पुत्र राकेश रावत, गुलशन पुत्र शैलेन्द्र रावत, कृष्णदीपक पुत्र जनार्दन रावत और जनजीवन पुत्र साहेबलाल रावत उनके घर के सामने आकर बिना किसी कारणवश अश्लील व गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज के साथ ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया।इस दौरान पीड़िता की बेटियां सपना और दुर्गा जब उन्हें बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई। यही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीं दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि नशे में गाली-गलौज व मारपीट, जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ओमकार पुत्र राकेश रावत ने भी थाने में तहरीर दी है कि आशाराम पुत्र मैकटूलाल रावत, सपना पुत्री आशाराम रावत और आशाराम की पत्नी ने उनके घर के सामने आकर शराब के नशे में गंदी-गंदी गालियां दीं।जब उन्होंने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने इस मामले में भी विधिक कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी के अनुसार, दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52 वे जन्म दिवस पर संकल्प दिवस पर पीडीए सम्मेलन

● **भाजपा बहुराष्ट्रीय कंपनियों को ढ़ावा देकर प्रदेश के लघु उद्योग को बर्बाद कर रही है- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52 वे जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में पीडीए सम्मेलन गोविंद नगर कैंट आर्य नगर सीसामऊ किदवई नगर सहित सभी विधानसभा क्षेत्रो के 1607 बूथों पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में मिष्ठान वितरण तथा केक काटकर विधानसभा अध्यक्षों फ्रंटल संगठनों ब्राह्मण महासभा के सदस्यों शिक्षकों प्रबुद्ध सभा के साथियों के साथ सादगी के साथ जन्मदिन मनाया गया तथा सपा कार्यालय में आयोजित पीडीए सम्मेलन में केक काटकर मिष्ठान वितरण कर जन्मदिन की बधाई भेजी गई। कार्यालय में आयोजित पीडीए सम्मेलन का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया।

उक्त अवसर पर आयोजित पीडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है बिजली की समस्या विकराल बनती जा रही है बिजली के बिलों में बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं पर बोझ लादा जा रहा है लेकिन उपभोक्ताओं का अतिरिक्त 33122 करोड रुपए का आज तक समायोजन भी नहीं किया गया है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भाजपा सरकार बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देकर लघु उद्योगों को बर्बाद कर रही है जिसकी वजह से विदेशी उत्पादों के आगे देसी उत्पादों को महत्व नहीं दिया जा रहा है सरकार द्वारा बहुराष्ट्रीय कंपनियों व निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप ले रही है।महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भाजपा स्वदेशी मंच भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को तरजीह देने लगा है भाजपा लघु उद्योगों पर ध्यान न देकर विदेशी कंपनियों को महत्व के कारण मोहल्लों की लाखों परचून कारोबारियों का कारोबार चौपट होने के कगार पर पहुंच गया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू,राष्ट्रीय सचिव रामगोपाल पुरी पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट राजीव शर्मा अम्बर त्रिवेदी कमलेश यादव नंदलाल जयसवाल आनंद शुक्ला बादशाह सलाम इदरीसी राहुल वर्मा निशांत गुप्ता जीतू शर्मा राजेंद्र कोरी शादाब आलम मुन्ना अली रेहान हाशमी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जद (यू0) का बूथ जीतो चुनाव जीतो पंचायत वार बूथ कमिटी की बैठक

● **दो पाली में तीसरे दिन महाराजगंज, बड़हरिया, रघुनाथपुर, जीरादेई में सम्पन्न- जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल**

स्वतंत्र प्रभात







**सिवान/गोपालगंज-** जनता दल युनाइटेड पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिह कुशवाहा के दिशा निर्देश में 29 जून से बिहार में दूसरे चरण में 109 विधानसभा क्षेत्र मे एंव सिवान जिला के 4 विधानसभा क्षेत्र महाराजगंज, बड़हरिया, रघुनाथपुर, एंव जीरादेई मे पंचायत वार दो पाली में पूर्व से हर बूथ पर चयनित बूथ कमिटी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने बताया की बैठक को वर्चुअल वीडियो काँफ्रेंसिग् के माध्यम से प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिह कुशवाहा ने बैठक में उपस्थित जिला संगठन प्रभारी, जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, राज्य परिषद सदस्य, बूथ कमिटी के सदस्यों,सांसदो, विधायको, पूर्व सांसदो को सम्बोधित करते हुए कहा की सभी लोग अपने अपने बूथों पर संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से लग जाए और सरकार की योजनाओ से हर मतदाता को बताये और नितीश कुमार की उपलब्धियों के साथ लोगो के घर घर तक पहुँचे। जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने महाराज गंज मे कहा कि विधानसभा चुनाव में फिर से नितीश कुमार को मुख्य मंत्री बनाना है। बैठक में जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष चन्द्र केतु सिह, विधानसभा प्रभारी पशुपति नाथ पटेल, विकाश कुमार सिह उर्फ जीशू सिह, जिला परिषद अध्यक्ष संगीता देवी, मोहन राजभर, डा प्रकाश चन्द्र कुशवाहा, पूर्व विधायक हेम नारायण साह, सत्यदेव सिह, निकेश चन्द्र तिवारी, मोश अयूब सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पत्नी से मिलने आए युवक को कोल्डड्रिंक में दिया जहर

**अलीगढ़।** थाना टप्पल के गांव नगला बिजना में पत्नी से मिलने आए एक युवक की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक ने मरने से पहले पत्नी पर कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया था।

गांव दमुआका की एक युवती की शादी सात साल पहले टप्पल के गांव मथना कीलपुर निवासी मेघश्याम से हुई थी। शादी के बाद दंपती में विवाद के बाद कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मेघश्याम के भाई का कहना है कि आज वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए गांव नगला बिजना गया था, जहां उसकी पत्नी एक दुकान चलाती है। दुकान पर पहुंचने पर पत्नी ने शोर मचाते हुए दुकान का शटर गिरा दिया और पुलिस को सूचना दी। इस बीच मेघश्याम वहां से गांव जलालपुर पहुंचा, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी टप्पल में भर्ती कराया, जहां उसने अपनी पत्नी पर कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया। इसके कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी उदयभान सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। युवक ने कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# वन महोत्सव के शुभारंभ पर जिलाधिकारी ने किया वृक्षारोपण

● **जिलाधिकारी ने फ्रवन महोत्सवफ्र के अंतर्गत लगाया एक पेड,अपनी मां के नाम***

**केएनपीजी हॉस्टल परिसर में डीएम ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संचेतना के प्रति जनपदवासियों को किया जागरूक**

**भदोही** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ÷वन महोत्सव" के शुभारंभ के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम"÷ अभियान के तहत केएनपीजी हॉस्टल परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया। यह आयोजन 1 से 7 जुलाई तक चलेगा, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। जिलाधिकारी ने अपनी मां ने नाम से छात्र-छात्राओं के साथ पौधे लगाए, जिससे परिसर की हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन बना रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया और कहा कि वृक्षारोपण हमारी जिम्मेदारी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने में मदद करेगा। केएनपीजी हॉस्टल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधारोपण के महत्व को समझा।

प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य ने बताया कि वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हरित आवरण बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष वन महोत्सव के दौरान उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों की भागीदारी होगी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वन महोत्सव के दौरान पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर जनपद के ट्रीमैन अशोक गुप्ता, शिक्षिका उर्मिला देवी, सुमन गुप्ता, आलोक ,अमृता गुप्ता ने भी पौधारोपण कर धरती की हरितिमा को बढ़ाने का प्रयास किया।

# बड़ी चुनौती है फैक्ट्री के धमाकों को रोकना

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज एक इलाके में सोमवार को एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 34 कर्मचारियों की मौत हो गई । तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र स्थित डी-93 सेक्टर-दो स्थित शाम पेंट इंडस्ट्रीज केमिकल की कंपनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान तक छूती नजर आई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम ने इस आग की घटना में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान न होने की बात कही है। इसी 16 जून को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब दो किलोमीटर दूर यह फैक्टरी चार महिलाओं की मौत हो चुकी थी। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।आरोप है कि फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। मजदूरों को न कभी ट्रेनिंग दिलाई और नही आपातस्थित से निपटने का कोई प्रशिक्षण दिया गया। फैक्ट्री में दुर्घटनाएं होने पर कुछ दिन शोर मचता है। मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा होने के बाद सब शांत हो जाता है।दुर्घटनाएं रोकने की कोई योजना नही बनती।नही फैक्ट्री के श्रमिकों को दुर्घटना होने के समय की चुनौती बताई जाती है। दुर्घटना होने के समय की चुनौती के समय के लिए प्रशिक्षित भी नही किया जाता।दुर्घटना होने पर क्या किया जाए इसका भी प्रशिक्षण नही दिया जाता। फैक्ट्री लगती है किंतु उनका तकनीकि निरीक्षण नही होता। निरीक्षण करने वाली अधिकारी पैसे के बल पर अपने आफिस में ही बैठकर रिपोर्ट बना देते है। सही मायने में फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौत का जिम्मेदार वह अमला भी है जो समय -समय पर इनके सुरक्षा तंत्र का निरीक्षण करता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मज़दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं।नवंबर 2022 में आरटीआई जवाब के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड फ़ैक्ट्रियों में हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो गई और 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है।वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या और भी ज़्यादा है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्रों में होने वाले हादसों की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं की जाती है।

निदेशालय जनरल फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीट्यूट्स की रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2021 में, महाराष्ट्र में 6,492 खतरनाक फैक्ट्रियों में से केवल 1,551 का निरीक्षण किया गया, जिससे 23.89 प्रतिशत निरीक्षण दर प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, 39,255 पंजीकृत फैक्ट्रियों में से केवल 3,158 का निरीक्षण किया गया। इससे 8.04 प्रतिशत निरीक्षण मिली। अन्य प्रमुख औद्योगिक राज्यों में भी यह प्रवृत्ति दिखाई देती है। तमिलनाडु में सामान्य निरीक्षण दर 17.0 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 25.39 प्रतिशत थी। गुजरात में सामान्य निरीक्षण दर 19.33 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 19.81 मिली।। 2021 के लिए अखिल भारतीय आंकड़े सामान्य निरीक्षणों के लिए 14.65 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों के लिए 26.02 प्रतिशत थे। उपर्युक्त विवरण से लिया गया है। खराब निरीक्षण दरों का एक कारण कर्मचारियों की कमी है। महाराष्ट्र में निरीक्षकों की नियुक्ति दर केवल 39.34 प्रतिशत थी। इसमें 122 स्वीकृत अधिकारियों में से केवल 48 कार्यरत थे। गुजरात में नियुक्ति दर 50.91 प्रतिशत रही , तो तमिलनाडु में यह 53.57 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय नियुक्ति दर 67.58 प्रतिशत थी। स्वीकृत पदों की संख्या पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या के सापेक्ष वार्षिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपर्याप्त रही है। 2021 में, अखिल भारतीय स्तर पर 953 स्वीकृत निरीक्षकों में से प्रत्येक को वार्षिक रूप से 337 पंजीकृत फैक्ट्रियों का निरीक्षण करना पड़ता है ।

मई 2024 में, महाराष्ट्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट में स्वीकार किया कि सुरक्षा निरीक्षण और प्रमाणन अक्सर ऑडिटरों और फैक्ट्री मालिकों या प्रबंधकों के बीच "समझ" के आधार पर किए जाते थे। यह संकेत देता है कि नियोक्ता भी श्रम निरीक्षकों के समान ही दोषी हैं, और भ्रष्ट प्रथाओं की "आपूर्ति पक्ष" को संबोधित करना "मांग" पक्ष के सुधार के समान ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश सतर पर विशिष्ट सीमा मात्रा के साथ खतरनाक रसायनों और ज्वलनशील गैसों की एक सूची स्थापित की जानी चाहिए।प्रत्येक राज्य को प्रमुख खतरे वाले कार्यस्थलों की सूची बनाए रखनी चाहिए। समे सुविधा का प्रकार, उपयोग किए गए रसायन और संग्रहीत मात्रा का विवरण हो। खतरनाक सामग्री की सूची और इन्वेंट्री को एक केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहीत करें, जिस तक नियामक निकाय, आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता, और जनता आसानी से पहुंच सकें।निरीक्षण प्रणाली को उदार बनाने के बजाय, सरकारों को आईएलओ सम्मेलन के प्रावधानों का पालन करके मजबूत श्रम बाजार शासन सुनिश्चित करना होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति और खतरनाक और रासायनिक पदार्थों के उपयोग को देखते हुए, सख्त निरीक्षणों की आवश्यकता है।

औद्योगिक आपदाओं की पुनरावृत्ति सरकार की विफलता को दर्शाती है कि उसने पिछले घटनाओं से सबक नहीं सीखा है। सुधारों और कमजोर शासन के नाम पर, राज्य अपने मूल कर्तव्य से पीछे नहीं हट सकता कि वह एक सुरक्षित कार्य और जीवन सुनिश्चित करे। एक प्रभावी और नैतिक श्रम निरीक्षण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सार्थक सुधारों की आवश्यकता है जो श्रमिकों और समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दे। इसके साथ ही फैक्ट्री श्रमिकों को आपदा के समय सुरक्षा के उपाए, कैसे बचाव करें आदि का बार -बार प्रशिक्षण देना होगा। सभी उद्योगों के निरीक्षण के लिए तकनीकि विशेषज्ञों की टीम बनानी होगी। उन्हें नियमित निरीक्षण के निर्देश करने होंगे। इससे किसी दुर्घटना होने पर मौत और घायलों का आंकड़ा कम किया जा सकता है। दुर्घटना होने के हालात में इन तकनीकि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी फिक्स करनी होगी।देखने में आ रहा है कि निरीक्षण स्टाफ को फैक्ट्री स्वामियों से मिलीभगत होने के कारण उद्योग स्वामी प्रायः प्रशिक्षित स्टाफ नही रखते । उत्तर प्रदेश के अमरोहा के अगवानपुर की दुर्घटना ग्रस्त पटाखा फैक्ट्री का भी ये ही कारण रहा। फैक्ट्री स्वामी ने सस्ते के चक्कर में फैक्ट्री के आसपास रहने वाली महिलाएं रख रखी थी। उन्हें वह मात्र तीन सौ रुपया रोज मजदूरी देता था। उनकी सामजिक सुरक्षा आदि का भी प्रबंध नही था।

केंद्र ही नही प्रदेश सरकारों को भी उद्योग स्वामियों को बताना होगा कि उनके यहां काम करने वाले श्रमिक और तकनीकि विशेषज्ञ देश की धरोहर है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उद्योग के साथ देश और समाज की भी है।घटना होने पर मात्र जांच के आदेश और मुआवजा देने से ही काम नही चलेगा। दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी भी तै करनी होगी। जिम्मेदार लोगों को दंडित भी करना होगा तभी जाकर ये दुर्घटनाएं रूकेंगी। एक बात और यदि उद्योग में सुरक्षा मानक कड़े हों, उद्योग श्रमिकों को समय -समय पर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण मिले तो दुर्घटनाएं ही न हों। हों तो मौत और घायलों की संख्या बहुत कम रहे। दुर्घटनाएं न हो तो उद्योग भी न मरे।दुर्घटनाएं होने से श्रमिकों के साथ एक प्रकार से संबधित उद्योग भी मर जाता है। अधिकतर दुर्घटनाग्रस्त उद्योग के स्वामी दुर्घटना के कारण हुए नुकसान ,श्रमिकों को मुआवजा आदि देने के कारण बर्बाद हो जाते हैं। वे दुबारा से मुश्किल से ही काम को जोड़ पाते हैं। इससे देश का एक व्यापारी,एक व्यवसायी भी एक प्रकार से मर जाता है। उसका आर्थिक रूप से मरना देश की प्रगति को भी नुकसान देता है।

**अशोक मधुप**

## संपादकीय

# साहित्य से संवेदना, सद्गति

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है।मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

**संजीव ठाकुर**

# विवाह संस्कार को कलंकित कर हत्यारिन बनती नवयौवनाए!

समझ में नहीं आता है कि क्या यह वही भारतीय समाज है जिसकी ललनाएं विवाह को सात जन्म का पवित्र सम्बन्ध मानकर यमराज से भी टकराने का साहस करती थी ऐसे एक नहीं लाखों उदाहरण है जिनमें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पति की प्राण रक्षा के लिए अनेक कष्ट सहन कर अपनी जान की भी बाजी लगा दी लेकिन बोए पेड़ बबूल का तो आम कहां से होए यह वो समय था जब भारतीय समाज की लड़कियां शैशव काल से सीता सावित्री गार्गी और लक्ष्मी बाई की चरित्र गाथाओं को पढ़ने सुनने के बाद अपने चरित्र को सर्वोच्चता देती थी लेकिन आज दौर बदल चुका है एकता कपूर के सीरियलों को देख कर पैदा और परवरिश पा रही लड़कियों को समझ नहीं आ रहा है कि सीरियलों में दर्शाये गए विवाह पूर्व प्यार सेक्स लिव-इन और विवाहेत्तर संबंधो में कौन सा रिश्ता सत्य है? बिन फेरे हम तेरे लिव-इन रिलेशन को मान्यता दे रही अदालतों और मूकदर्शक बने समाज में लोकलाज का भय समाप्त हो गया है और प्रकृति प्रदत्त सुकुमार कोमल और जल्द भ्रमित होने वाली जींस को लेकर जन्म लेने वाली लड़कियां एक बेहद भोगी कामातुर सोशल मीडिया पर रील बनाने में लगे समाज में दिग्भ्रमित होकर जाने अनजाने अपराध के रास्ते पर भटक रहीं हैं और रिश्तों का कत्ल करने से नहीं चूक रहीं हैं। इस बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों को तार-तार करने वाली घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है, जो बेहद चिंता जनक है, क्योंकि कहीं बेटा अपनी मां-बाप की हत्या कर रहा है, तो कहीं पति अपनी पत्नी की। सिर्फ इतना ही नहीं, अब तो पत्नियां भी अपने पति की हत्या कर और करवा रही है। हर रिश्ता विश्वास और भरोसे पर टिका होता है, लेकिन पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं सामने आ रही है, जो दर्शाती है कि रिश्तों में विश्वास और भरोसा खत्म होता जा रहा है। भौतिकवादी दौर में इंसान इतना ज्यादा स्वार्थीं होता जा रहा है कि यह रिश्तों के मायने ही भूलता जा रहा है। हाल में ऐसी ही एक घटना मेघालय के रमणीय पर्यटक स्थल शिलांग से सटे चेरापूंजी में सामने आयी है, जो मानवता को झकझोरने वाली है। इंदौर के नव विवाहित युवक राजा रघुवंशी की हत्या मामले में जो सच्चाई सामने आयी है, उसने पूरे देश को चौंका दिया है। ये पूरा मामला प्यार, शादी और धोखे का ऐसा मिश्रण है, जिसने समूचे देश को झकझोर दिया है। भारतीय समाज में शादी के बंधन को सात जन्मों का साथ माना जाता रहा है, पर आजकल के रिश्ते सात जन्म तो दूर ठीक से सात दिन सात हफ्ते में ही दरक रहे हैं। पुलिस खुलासे में पत्नी सोनम रघुवंशी ही इस हत्याकांड की मुख्य साजिश कर्ता के तौर पर सामने आई है। बताया जा रहा कि सोनम ने अपने फर्म के ही कर्मचारी प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची । शादी से पहले सोनम और राज के बीच प्यार था। लेकिन घरवालों ने उसकी शादी राजा से करवा दी। पुलिस का आरोप है कि पत्नी सोनम ने ही राजा को रास्ते से हटाने के लिए ये साजिश रची। इस पूरे घटनाक्रम ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर किस पर भरोसा करें। जब पनी ही अपने सुहाग की कातिल बन जाए तो शादी जैसे पवित्र रिश्ते पर कैसे भरोसा किया जाएगा। राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई को इंदौर में बड़े धूमधाम से हुई थी। शादी के वीडियो में राजा और सोनम बेहद खुश नजर आ रहे। वो डांस करते दिख रहे। शादी के बाद सोनम ने ही हनीमून के लिए शिलॉन्ग की टिकट कराई थी। हालांकि, राजा रघुवंशी का हनीमून पर जाने का प्लान नहीं था। लेकिन पत्नी की जिद के आगे वो तैयार हो गया। जानकारी ये भी आ रही कि सोनम ने वापसी को लेकर टिकट नहीं कराया था। मेघालय पहुंचने के बाद 23 मई को अचानक ही राजा रघुवंशी और सोनम लापता हो गए। फिर राजा की लाश तो मिली लेकिन सोनम का पता नहीं चला। 9 जून की सुबह-सुबह खबर आई कि सोनम यूपी के गाजीपुर में एक दावे के पास देखी गई। इसके बाद उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह मामला केवल एक हत्याकांड नहीं, बल्कि सामाजिक दवाव, मनोवैज्ञानिक जटिलताओं, और संगठित अपराध के संभावित नेटवर्क का एक जटिल मिश्रण है। देखा जाए तो समाज में पहले यह सुनने को मिलता था कि पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, लेकिन कुछ समय से इसके विपरीत खबरे आ रही है। इस साल में कई पत्नियों ने अपने पतियों को मौत के घाट उत्तरवा दिया। रिश्ते और भरोसे के कत्ल की यह पहली वारदात नहीं है। इससे पहले मेरठ का सौरभ हत्याकांड सामने आया था। इसी साल 3 मार्च 25 को मेरठ उत्तर प्रदेश की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी थी। उसके शव के कई टुकड़े कर नीले ड्रम में सीमेंट के साथ डाल दिया था। फिर मुस्कान और साहिल घूमने चले गए। जब दोनों लौटे तब सौरभ की हत्या का खुलासा हुआ, फिलहाल दोनों जेल में बंद है। मेरठ में ही अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर कर दी थी। इस हत्या को हादसा साबित करने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया था और लोगों को बताने लगी कि अमित की सांप के काटने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रविता का झूठ पकड़ा गया। उसने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी। इसी साल बिजनौर में भी पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। रेलवे में कर्मचारी दीपक कुमार की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली थी। पत्नी शिवानी ने ससुराल वालों को बताया कि दीपक की हार्ट अटैक से मौत हुई है। दीपक के परिवार वालों को शक हुआ तो वह लाश का पोस्टमार्टम कराने की मांग करने लगे। शिवानी ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। बाद में पुलिस ने जब पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि दीपक की गला घोंटकर हत्या की गई थी और पत्नी ही कातिल निकली। इसी साल मार्च में बिजनौर में एक और पत्नी ने अपने पति की हत्या करवा दी थी। 13 मार्च को होली के दिन मकरेंद्र अपनी पत्री पारुल की दवा लेने मार्केट गए थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। 15 मार्च को मकरेंद्र की लाश अमरोहा में मिली। पुलिस की जांच में पता चला कि पारुल का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी भनक मकरेंद्र को लग गई थी। इसके बाद पारुल ने अपने प्रेमी विनीत के साथ मिलकर मकरेंद्र की हत्या करवा दी। पिछले एक साल के भीतर ऐसी कई घटनाएं सामने आयी हैं। अपराध और नैतिक पतन की ये घटनाएं यह दर्शाती हैं कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्य और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट है। ऐसी घटनाएं दर्शाती है कि समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी की हत्या की क्यों न करना पड़ें। लोगों में नैतिकता और ईमानदारी घटती जा रही है और लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। समाज में जो घटनाएं हो रही हैं, उन्हें देखकर यही लगता है कि हम घोर कलयुग के उस दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहाँ पहले रिश्ते, प्रेम, सम्मान और नैतिकता को महत्त्व दिया जाता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच, क्रोध और हिंसा हावी होती जा रही हैं। समाज में बढ़ते अपराधों को देखकर ऐसा लगता है कि इंसानियत, सहनशीलता और प्रेम धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। भारतीय समाज में नैतिक संस्कारों रिश्तो की मर्यादा और पवित्रता के मानवीय गुणों को किस तरह बनाए रखा जाए इस पर गहन विचार और व्यवहार की जरूरत है ताकि लड़के लड़कियों में समाज के लोकलाज का भय बने और रिश्तों की पवित्रता बनी रहे।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# क्या हत्या के आरोपियों को मीडिया में अधिक कवरेज मिलना चाहिए?

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और भारत में यह स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। इसका कार्य केवल देश-विदेश की घटनाओं से समाज को परिचित कराना नहीं, बल्कि जनमत निर्माण, नैतिक दिशा-निर्देशन और सामाजिक जागरूकता का माध्यम बनना भी है। किंतु जब मीडिया अपराध और अपराधियों को इस प्रकार प्रस्तुत करने लगे मानो वे कोई 'सेलेब्रिटी' हों, तो यह गंभीर चिंतन का विषय बन जाता है। उदाहरण के रूप में सोनम रघुवंशी के प्रकरण को देख सकते हैं जिस पर अपने पति की हत्या का आरोप है। मीडिया द्वारा कुछ ज्यादा ही कवरेज दे दिया गया है। क्या यह उचित है? क्या यह नैतिक मूल्यों के क्षरण का संकेत नहीं है? हत्या, चाहे किसी ने की (पुरुष/महिला)हो या किसी के भी साथ हुई हो, एक गंभीर आपराधिक कृत्य है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। हर नागरिक – चाहे वह अमीर हो या गरीब – के साथ न्याय होना चाहिए, और अपराधी को कानून के अनुसार कठोर दंड मिलना चाहिए। परंतु जब न्यायालय का निर्णय आए बिना ही किसी मामले को 'सेंसेशनल' बनाकर प्रस्तुत किया जाता है, तो यह क्या उचित है विचार करने का प्रश्न है? अक्सर देखा गया है कि मीडिया ट्रायल एक बड़ा खतरा बन सकता है, जिससे आरोपी और पीड़ित – दोनों के अधिकारों का हनन होता है। उदाहरण के रूप में सोनम के मामले में रिपोर्टिंग इतनी आक्रामक रही कि एकतरफा छवि उभरने लगी – या तो वह 'क्रूर हत्यारिन' है या 'बेबसी की शिकार'। जबकि सत्य तो केवल न्यायालय के निर्णय से ही स्पष्ट होगा। इस केस में केवल अपराध नहीं, बल्कि एक महिला के 'चरित्र', 'जीवनशैली' और 'अतीत' को भी विकृत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे आरोपी महिला को दोहरा दंड मिलता है – एक कानून द्वारा और दूसरा समाज की 'नैतिक पुलिसिंग' द्वारा।इस प्रकरण से समाज में एक नया विमर्श शुरू हो गया है कि क्या नवविवाहिता महिला भी इतनी क्रूर और निर्दई हो सकती है कि अपने सुहाग को, माथे के सिंदूर को अपने ही हाथों से मिटा दे ?इस तरह की घटनाओं के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है?पारिवारिक और नैतिक मूल्यों का क्षय,या परिवार में संवाद की कमी, या अश्लीलता, हिंसा और लालच का बढ़ावा देने वाली सामग्री, या शिक्षा और संस्कारों में चरित्र निर्माण की उपेक्षा, या महिला सशक्तिकरण के नाम पर कानूनी दुरपयोग की प्रवृत्ति, या मानसिक और आर्थिक तनाव आदि।

डिजिटल युग में मीडिया एक सशक्त मार्गदर्शक बन चुका है। जब किसी महिला या पुरुष आरोपी की पोशाक, चाल-ढाल और सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अनावश्यक चर्चा होती है, तो इससे समाज को एक विकृत संदेश जाता है कि नकारात्मक कृत्य भी प्रसिद्धि का साधन बन सकते हैं। यह एक मूल्यहीन समाज की नींव डाल सकता है। कई बार आरोपी पर केंद्रित रिपोर्टिंग इतनी प्रबल हो जाती है कि असली पीड़ित , मृतक और उसके परिजन – पृष्ठभूमि में चले जाते हैं। इससे 'क्रूरता के प्रति आकर्षण' और 'दुख के प्रति उदासीनता' जैसी प्रवृत्तियाँ जन्म लेती हैं।ऐसी रिपोर्टिंग में अपराध एक 'स्पेक्टैकल' बनकर रह जाता है – देखने, चौंकने और बाँटने योग्य दृश्य। उदाहरण के लिए सोनम के मामले में भी ध्यान आरोपी पर केंद्रित ज्यादा रहा, न कि पीड़ित पर। यह हमारी सामाजिक संवेदनाओं की शिथिलता को दर्शाता है।

एक और चिंताजनक पहलू यह है कि जब आपराधिक घटनाओं को लगातार नाटकीय अंदाज़ में प्रस्तुत किया जाता है, तो युवा वर्ग के मन में अपराध के प्रति संवेदना कम हो जाती है और जिज्ञासा या आकर्षण बढ़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह एक खतरनाक सामाजिक प्रवृत्ति है। अतः मेरा ऐसा मानना है कि गंभीर आपराधिक मामलों में मीडिया की भूमिका अत्यंत जिम्मेदार और संयमित होनी चाहिए। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी आरोपी को 'दोषी' या 'निर्दोष' घोषित करने से बचना चाहिए। क्योंकि इस प्रकार की रिपोर्टिंग न केवल न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकती है, बल्कि अपराध को मनोरंजन का स्वरूप भी दे सकती है। मीडिया को चाहिए कि वह विवेक और संतुलन के साथ रिपोर्टिंग करे तथा पीड़ित और आरोपी – दोनों की गरिमा की रक्षा को प्राथमिकता दे। समाचारों की शक्ति केवल सूचना देने में नहीं, बल्कि समाज को अपराध मुक्त बनाने में है। मिडिया अद्भुत शक्ति शाली है उसमें दिशा निर्धारित करने की क्षमता है। और इस दिशा को 'संवेदनशील', 'न्यायप्रिय' और 'नैतिक' बनाए रखना ही मीडिया की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# दैनिक राशिफल



ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी




**मेष**-कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

**वृष**-सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें।

**मिथुन**-डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दुःख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है।

**कर्क**-कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें।

**सिंह**-जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**-पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

**तुला**-सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**वृश्चिक**-बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**धनु**-रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**-भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ**-कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें।

**मीन**-चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उम्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान पर सामान लेने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**गोला बाजार/गोरखपुर** - गोला थाना क्षेत्र के लाहीडांडी निवासी एक व्यक्ति की बाइक जानीपुर चौराहे से चोरी हो गयी।जांच पड़ताल के बाद जब बाइक नही मिली तो उन्होंने सम्बंधित थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है।लाहीडांडी निवासी अमरनाथ यादव पुत्र रामदरश यादव ने गोला थाने में प्रार्थना देते हुए बताया है कि जानीपुर चौराहे के पास लगे टावर के बगल में काम करने गए थे।इस दौरान कुछ सामान लेने जानीपुर चौराहे पर चले गए।जब वापस लौटकर आया तो देखा कि मेरी up53cv0129 यचएफ डीलक्स बाइक गायब है।अगल बगल के लोगो से काफी पूछताछ किया जब बाइक का कोई सुराग नही मिला तो गोला थाने में बाइक चोरी का प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग किया है।

### प्रियांशु के शानदार खेल से वीएसएस अकादमी ने गोमती ग्लोबल स्कूल को 8 विकेट से दी शिकस्त




**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच वीएसएस अकादमी और गोमती ग्लोबल स्कूल के बीच में खेला गया , जिसमें टॉस जीतकर गोमती ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आशीष ने 33 और दिव्यांश के 14 रनों की बदौलत गोमती ग्लोबल ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। वीएसएस अकादमी के लिए क्रमशः दिव्यांश और अनुराग ने एक एक विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसएस अकादमी ने 8.2 ओवरों में ही 2 विकेट खोकर आदित्य के 32 और प्रियांशु के 30 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।प्रियांशु को उनके प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।दिन का दूसरा मैच बारिश के कारण नहीं खेला जा सका ।मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्कांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला ,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश ,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा और विनीत मिश्रा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### समिति क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेगी-अमित

**लार, देवरिया।** खेमादेई मे स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति का कायाकल्प किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में समिति के सदस्यों, स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समिति की गतिविधियों को पुनर्जीवित करना और क्षेत्र के विकास में इसका योगदान बढ़ाना था। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह ने समिति के उद्देश्यों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि समिति क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को कृषि ऋण, खाद, बीज, और विपणन सहायता प्रदान करेंगी। इसके अलावा, समिति स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी काम करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने समिति के प्रयासों की सराहना की और इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता नरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के नेता भानु प्रताप सिंह, चूरिया निवासी राजेश सिंह, प्रधानसंघ के अध्यक्ष आस नारायण सिंह, ग्राम प्रधान नेमा भोला सिंह, प्रधान परासी चकलाल मन्नू गुप्ता, प्रधान खेमादेई सुनील जायसवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य मन्नू सिंह, संतोष राजभर, अंशु सिंह, एडीओ शिवेंद्र मौर्य, युवा मोर्चा के नेता शैलेश सहाय, सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित नागरिक उपस्थित थे।

# तूफान ने मचाई तबाही- सड़कें बंद, गांव अंधेरे में, स्कूली बच्चे परेशान

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोलबाजार गोरखपुर-** सोमवार रात की तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने गोला क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। डड़वापार से मझगांवा मार्ग पर कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे धराशायी हो गए, जिससे सड़कें जाम और गांव अंधेरे में डूब गए। बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं स्कूली बच्चों को कीचड़ और टूटे तारों के बीच स्कूल पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गोलाबाजार तहसील संवादाता वृजनाथ त्रिपाठी अनुसार रात करीब 10 बजे शुरू हुआ तूफान कुछ ही मिनटों में विनाशकारी बन गया। पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गए, बिजली के तार टूटकर सड़कों पर बिखर गए। डड़वापार, मझगांवा, और आसपास के गांवों में रात से बिजली गायब है।

ग्रामीण रामअवतार ने बताया, "पेड़ गिरने से रास्ता पूरी तरह बंद है। सुबह बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया। कीचड़ और टूटे तारों के बीच से निकलना जोखिम भरा था।"बिजली न होने से ग्रामीणों की दिनचर्या पर भी असर पड़ा। दूध निकालने की मशीनें बंद, मोबाइल डिस्चार्ज, पानी की मोटरें खामोश–हर तरफ परेशानी। गर्मी और उमस ने हालात को और बदतर कर दिया। एक स्थानीय दुकानदार श्यामलाल ने कहा, "बिना बिजली के व्यापार भी ठप है। प्रशासन को जल्द कुछ करना चाहिए।"स्थानीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी कम रही। शिक्षक रमेश यादव ने बताया कि कई बच्चे रास्ते बंद होने और माता-पिता की चिंता के चलते स्कूल नहीं पहुंच सके। मरीजों को भी अस्पताल ले जाने में दिक्कत हुई।अवर अभियंता (जेई) अजय कुमार ने बताया कि बिजली बहाली का काम शुरू हो चुका है। "टूटे खंभों और तारों को बदलने में समय लगेगा, लेकिन प्राथमिकता पर काम चल रहा है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सड़कें भी जल्द खुलवाएंगे।" ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि सड़कें खुलें, बिजली आए, और बच्चों, मरीजों व किसानों को राहत मिले। क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने तक लोगों की मुश्किलें बरकरार रहने की आशंका है।

### हवन यज्ञ के साथ शिक्षण संस्थानों में नवीन सत्र का शुभारंभ

**मथुरा।** एक जुलाई से स्कूल खुल गये। लम्बी छुट्टी की बाद शिक्षण संस्थाओं में रौनक लौट आई। बच्चे भी पहले दिन उत्साह से उछलते कूदते स्कूल पहुंचे। मित्रों, सहपाठियों से मिल कर चेहरे खिल उठे। एक जुलाई से नए सत्र का शिक्षण संस्थानों में हवन यज्ञ सुंदरकांड पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ हुआ। राया कस्बे के रेलवे रोड स्थित श्रीमती प्रेमलता बालिका इंटर कॉलेज में हवन यज्ञ सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापक अध्यापिकाओं व छात्राओं ने भाग लिया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कालेज अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल प्रबन्धक चंद्रप्रकाश अग्रवाल प्रधानाचार्य राजवती शर्मा रेनू अग्रवाल दिनेश शर्मा श्यामवीर चौधरी सुरेंद्र शर्मा टीकाराम शर्मा कु ललितेश जितेंद्र सिंह सुरेंद्र शर्मा आर्य आदि मौजूद रहे। षिक्षण संस्थओां में बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया।

## कृष्ण गोपाल त्रिपाठी के डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन पर लोगों ने जताई खुशी

**●कृष्ण गोपाल त्रिपाठी अपने सौम्य स्वभाव व सरल भाषा और जनता,वकील,व मिडिया के साथ अच्छे संबंध एव न्याय प्रियता के लिए जाने जाते**

**स्वतंत्र प्रभात**



**खजनी-** गोरखपुर कृष्ण गोपाल त्रिपाठी का 5 फरवरी को खजनी तहसील से गोला तहसील मे तहसीलदार के पद पर स्थानांतरण हुआ तभी से गोला तहसील मे अपना कार्य संपादित कर रहे हैं, खजनी तहसील से स्थानांतरण होने के बाद मीडिया , अधिवक्ता, आम जनता दुखी थी वही आज उनके डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन होने पर खजनी तहसील मे खुशी की लहर दौड़ गई कृष्ण गोपाल त्रिपाठी अपने सौम्य भाषा सरल स्वभाव और मानव सम्मान के लिए जाने जाते रहे उन्होंने ने अपने कार्यकाल मे भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जिससे कई लोगों के दिलों में उनके लिए सम्मान पैदा हो गया। आज उनके डिप्टी कलेक्टर के पद पर प्रमोशन होने पर लोगों में खुशी लौट आई तहसील कैम्पस से लेकर गांवो मे उनके डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन की चर्चा लोग कर रहे हैं तथा एक दूसरे से खुशी का इजहार किये।

# आयुष चिकित्सा शिक्षा में नया इतिहास, राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का किया लोकार्पण

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को गोरखपुर में प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण कर पूर्वांचल को बड़ी सौगात दी। करीब 268 करोड़ रुपये की लागत से 52 एकड़ में बने इस भव्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ ही आयुष चिकित्सा शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में प्रदेश ने नया अध्याय लिख दिया। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के पिपरी गांव में बने महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय के अधीन प्रदेश के 98 आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक कॉलेज संचालित होंगे। इस विश्वविद्यालय से पूर्वांचल सहित पूरे उत्तर प्रदेश में आयुष चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे हजारों छात्रों को लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शोध और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 28 अगस्त 2021 को किया था। मात्र चार वर्षों में भव्य भवन और आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस संस्थान को तैयार कर उत्तर प्रदेश ने विकास की रफ्तार का परिचय दिया है। विश्वविद्यालय में 500 बेड का आयुष अस्पताल भी संचालित किया जाएगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, आयुष चिकित्सा से जुड़े डॉक्टर और स्थानीय लोग शामिल हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में एम्स और आयुष विश्वविद्यालय का एक साथ संचालन पूर्वांचल को स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियों ने कोविड काल में अपनी उपयोगिता साबित की है और अब शोध व शिक्षण में यह विश्वविद्यालय अहम मील का पत्थर साबित होगा।

## चिकित्सक का समाज में सबसे प्रतिष्ठित स्थान- डॉ. अनिल कुमार

**● चिकित्सक अपनी गरिमा को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाएं - सुमित पंवार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि चिकित्सक का समाज में सबसे प्रतिष्ठित स्थान है चिकित्सक अपनी गरिमा को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मंगलवार को चिकित्सक दिवस पर डॉ सोनेलाल पटेल चिकित्सा महाविद्यालय में लायंस क्लब हर्ष,गौरव व शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चिकित्सक दिवस पर 40 चिकित्सकों का सम्मान करने का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चिकित्सक दिवस डाक्टर बीसी राय के जन्मदिवस व पुण्य तिथि(एक ही दिन)पर मनाया जाता है । डाक्टर राय पश्चिम बंगाल के अपने मुख्यमंत्री काल में रोगियों को निःशुल्क इलाज करते थे।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोविड के समय चिकित्सकों ने अपने प्राणों की बाजी लगा कर रोगियों का इलाज किया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार ने चिकित्सकों का सम्मान किया तथा उद्बोधन में कहा कि चिकित्सक समाज में सबसे पूजनीय रहा है। चिकित्सा धर्म राष्ट्र धर्म से भी ऊपर है। उन्होंने चिकित्सकों का आवाहन किया की उनकी शरण में जो आये उसे ठीक करना अपना धर्म समझे । इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा. शैलेन्द्र कुशवाहा, चिकित्सा महाविद्यालय की उप प्राचार्य डा.रश्मि ने भी संबोधित किया।प्रारंभ में बी.एस.मेमोरियल विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।सम्मानित होने वालों में डा.आर.पी.चौबे, डा.रवि श्रीवास्तव, डा. अतुल शुक्ला, डा.के. के. तिवारी, डा.लक्ष्मीकांत, डा. अनिल कुमार सरोज,डा. विनय सिंह, डा.शक्ति बाला डा.शैलेंद्र कुशवाहा सहित चिकित्सा महाविद्यालय के समस्त प्रोफ़ेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सी.ए. डे पर लायन अर्पित खंडेलवाल को भी सम्मानित किया गया। प्रारंभ में डा. बी.सी.राय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । संचालन डॉ. पीयूषकांत शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष भगवन ने किया । कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी व सरदार अमोलक सिंह सनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के शिशिर खरे, आर.बी.सिंह,डॉ अवंतिका पाण्डेय, प्रमिला शुक्ला, क्षितिज श्रीवास्तव अरविंद सिंह, डी.पी.सिंह,अनीता पांडे, लाल जी चौरसिया, कृष्ण प्रताप सिंह, हरि शंकर सिंह, लाल जी तिवारी सहित अनेक लायन उपस्थित रहे।

## युवक का मकान के अंदर छत के पंखे से लटकता हुआ शव मिला

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समोगरा में एक 23 वर्षीय युवक का मकान के अंदर छत के पंखे से लटकता हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला,जिससे क्षेत्र में सनसनी फैला गई। मृतक की पहचान दीनानाथ (23) पुत्र राम कला के रूप हुई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी का कहना है कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

### सेठ बीएन पोद्दार स्कूल से कृष्णपुरी को जोड़ने वाले मार्ग का किया निरीक्षण



**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा सेठ बीएन पोद्दार स्कूल से कृष्णपुरी तक जाने वाले मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की सफ़ाई व्यवस्था, डलाव घर की सफाई एवं जलभराव की स्थिति का जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान रोड़ के किनारे जलभराव पाया गया। इस पर नगर आयुक्त महोदय जी ने संबंधित अधिकारी को रोड साइड जल भरा वाले स्थान पर मार्ग को इंटरलॉकिंग द्वारा चौड़ा एवं समतल कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे जलभराव की समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल सके। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मार्ग की नियमित रूप से साफ़ सफ़ाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, डलाव घर की प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पूर्व सफाई अनिवार्य रूप से पूरी कराए जाने के भी सख्त निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग एवं क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक श्री सौरभ अग्रवाल उपस्थित रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**●सी एच सी गोला के कर्मचारियों ने निकला जागरूकता रैली**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाजार गोरखपुर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक कार्यक्रम सत्र का शुभारम्भ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला परिसर से जागरूकता रैली निकाल कर किया गया।जिसका नेतृत्व अधीक्षक डॉ ए एन ठाकुर ने किया। इस जागरूकता रैली में डॉ तनवीर असलम अंसारी, डा सी के मौर्या सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आशा संगिनी सम्मिलित रहे।। इस जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षक डॉ ए एन ठाकुर ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31जुलाई तक चलेगा। जिसमे आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई, डेंगू, टीवी, तथा कुष्ठ रोग से संबंधित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।साथ ही गंभीर बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा पर उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श के लिए बताएगी । उन्होंने दस्तक अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा।इसमें भी आशा व आगनबाड़ी कार्यकत्रीयों की अहम भागीदारी है।ये डोर टू डोर जाकर मच्छरों से बचाव, लेप्रोसी, फाईलेरिया एईएस, जेई, के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी।साथ ही किसी में यदि तेज बुखार के साथ झटके का लक्षण दिखने पर 108 या 102 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर भेजने का कार्य करेगी।

## गोलाबाजार के बगहा गांव में सरयू नदी का कहर- कटान से संपर्क मार्ग खतरे में, किसानों की जमीनें निगलीं

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोरखपुर** - सरयू नदी के उफान ने गोरखपुर के गोला तहसील क्षेत्र के बड़हलगंज थाना अंतर्गत बगहा गांव में तबाही मचा दी है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से कटान की समस्या भयावह हो गई है। गांव का मुख्य संपर्क मार्ग टूटने की कगार पर है, और अधिकारियों का अनुमान है कि अगले दो-तीन दिनों में यह पूरी तरह ध्वस्त हो सकता है। गोलाबाजार तहसील संवादाता वृजनाथ त्रिपाठी अनुसार बगहा के साथ-साथ पास के विस्थापित गांव ज्ञानकोल और कोलखास भी इस कटान की चपेट में हैं। पिछले साल बाढ़ की मार झेल चुके इन गांवों के लोग अब फिर से दहशत में हैं। नदी की लहरें न केवल रास्तों को निगल रही हैं, बल्कि किसानों की उपजाऊ जमीनों को भी लील रही हैं। स्थानीय किसान कांता यादव की 5 बीघा, सरबजीत यादव की 3 बीघा और वंशी यादव की 4 बीघा कृषि भूमि नदी की भेंट चढ़ चुकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि कटान की रफ्तार इतनी तेज है कि हर दिन नदी गांव की ओर बढ़ रही है। "हमारी जमीनें चली गई, अब रास्ता भी टूटने वाला है। अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाया, तो हम पूरी तरह कट जाएंगे," एक ग्रामीण ने दुखी मन से बताया।स्थानीय प्रशासन ने स्थिति का जायजा लिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने बांध निर्माण और तटबंध मजबूती की मांग की है। क्या प्रशासन समय रहते इस संकट का समाधान कर पाएगा, या सरयू का कहर बगहा और आसपास के गांवों को और नुकसान पहुंचाएगा? यह सवाल हर किसी के मन में है।

**क्या है आगे की राह?**

क्या सरकारी मदद समय पर पहुंचेगी, या ग्रामीणों को अपनी जमीन और घर बचाने के लिए खुद ही जद्दोजहद करनी होगी? यह कहानी अभी अधूरी है, लेकिन सरयू की लहरें हर पल एक नया अध्याय लिख रही हैं।

### सोनभद्र जुगैल में 25 वर्षीय नेहा गुप्ता का शव दुपट्टे से लटका मिला, पति पर हत्या का आरोप

**स्वतंत्र प्रभात**



**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।** सोनभद्र जिले के थाना जुगैल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोठानी के बरेड गांव में 25 वर्षीय नेहा गुप्ता का शव एक दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला है। इस घटना में मृतका के पति अयोध्या गुप्ता पर हत्या का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका के पिता ने बताया कि नेहा की शादी जुगैल गांव के अयोध्या गुप्ता से हुई थी। उनका आरोप है कि नेहा के ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित करते थे, जिसके कारण वह अक्सर अपने मायके में रहती थी। पति अयोध्या का उसके मायके आना-जाना लगा रहता था और पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे।मृतका के पिता ने बताया कि वह पिछले दो दिनों से रॉबर्ट्सगंज के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती थे। आज सुबह उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली कि नेहा गुप्ता ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही वे तत्काल घर पहुंचे, जहां नेहा का शव फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया।यह भी बताया गया है कि मृतका का एक छह वर्षीय बेटा है। घटना के समय मृतका और उसके पति दोनों ही साथ में थे।घटना की सूचना मिलते ही जुगैल थाना प्रभारी नागेश सिंह अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जुगैल पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

# देवीपाटन मंडल का प्रथम रक्तदान शिविर जिसमें सम्पूर्ण परिवार ने किया रक्तदान

**●तीन पति - पत्नी की जोड़ियों ने भी किया रक्तदान**

**डॉक्टर्स डे के मौके पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आकांक्षा शुक्ला ने भी किया शिविर में रक्तदान**





**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर-** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 321क्श के लायंस क्लब, बलरामपुर द्वारा आज एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन बलरामपुर चीनी मिल के सहयोग से चीनी मिल परिसर में स्थित ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस शिविर का आयोजन लॉयनिस्टिक नवसत्रारम्भ, डॉक्टरर्स डे एवं सी. ए. डे के अवसर पर किया गया। शिविर का शुभारंभ बलरामपुर चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के. के. बाजपेयी के द्वारा किया गया। उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और आज आप सभी इस महादान के पश्चात ईश्वर के द्वारा पुण्य प्राप्त करने के पात्र हो गए हैं। आपके द्वारा किए जा रहे रक्तदान से न जाने कितने परिवारों की ज़िंदगी में सार्थक बदलाव आएगा। लायंस क्लब बलरामपुर समय समय पर जनोपयोगी कार्यों से जनता की सेवा लगातार करता आ रहा है। साथ में लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 321B1 के वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन परमजीत सिंह, क्लब अध्यक्ष लायन प्रीतपाल सिंह भी रहे। शिविर के मुख्य सँयोजक लायंस क्लब बलरामपुर के ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन लायन आलोक अग्रवाल ने बताया कि कुल 81 लोगों ने रक्तदान करने के लिए अपना नाम लिखवाया था जिसके सापेक्ष में 72 लोग उपस्थित हुए और कुल 55 लोगों ने रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। 17 लोग विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान से वंचित रह गए।

शिविर के आयोजन में सचिव लायन प्रद्युम्न सिंह, क्लब के एकमात्र चार्टर सदस्य लायन अशोक गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय सँयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर के ब्लड बैंक की टीम में डॉ आकांक्षा शुक्ला, डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला, काउंसलर हिमांशु तिवारी, लैब टेक्नीशियन अशोक पांडेय, सोनम तिवारी एवंअभिषेक सिंह, साथ में राजीव व विकास का सराहनीय सहयोग रहा। रक्तदानियों में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आकांक्षा शुक्ला, आशीष अग्रवाल (उन्नीसवाँ), दिनेश चौहान, नवीन सिंह (उन्नीसवाँ), परमजीत सिंह (चालीसवां), प्रद्युम्न सिंह (चौबीसवां), संतोष राय (चतुर्थ), कुमार पीयूष (उन्नीसवाँ), शशि कपूर,विनीत सिंह (तेरहवां), विनोद चौहान (पंचम) एवं विवेक श्रीवास्तव (अट्ठाईसवाँ) सहित अन्य रक्तदानी रहे। शिविर की मुख्य विशेषता रही कि मंडल देवीपाटन में पहली बार सम्पूर्ण परिवार ने एकसाथ रक्तदान किया - हिमांशु मणि दीक्षित ने अपना (55वाँ) रक्तदान किया, उनकी पत्नी सीता दीक्षित ने अपना (पहला), छोटे पुत्र यशवर्धन ने अपना (दूसरा) व उनके बड़े पुत्र दिव्यांग अंतर्राष्ट्रीय पैराएथलीट हर्षवर्धन ने अपना (पहला) रक्तदान किया। तीन पति पत्नी की जोड़ी ने भी एक साथ रक्तदान किया जिसमें शामिल रहे मनीष सिंह (छठा) व सुनीति सिंह (दूसरा), बी. एन. ठाकुर एवं दीपिका ठाकुर तथा डी. के. सिंह एवं पूनम सिंह शामिल रहे। आज के शिविर में प्रथम बार रक्तदान करने वालों की संख्या 5 रही जो इन नए रक्तदाताओं के लिए शुभ संकेत रहा। साथ ही नारी शक्ति की भागीदारी 5 की संख्या के साथ उत्साहवर्धक रही। शिविर में सभी रक्तदाताओं को विशेष प्रमाणपत्र देकर उंनके सम्मान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोला में अखिलेश यादव का सांसद उत्कर्ष वर्मा ने मनाया जन्मदिन एवं सुनी जन समस्याएं



अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाने हुए सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन गोला नगर में पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा द्वारा केक काटकर कार्यकताओं के साथ मनाते हुए दीर्घायु की कामना के साथ जन्मदिन की खुशियां बनाई गई।उसके बाद सांसद उत्कर्ष वर्मा लखीमपुर रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुचे। जिसमें क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी व उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों और विकास पर बातचीत की क्षेत्र के भ्रमण पर निकलने के दौरान सांसद की टीम नें मूड़ा, जड़ौरा,बिलहरी समेत कई गांव में जाकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।इस मौके पर रोहित वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यराम वर्मा लल्लन, अशोक वर्मा, पूर्व प्रधान रियाजुल्ला खां, नसीम अहमद सुयेवअहमद, श्याम देव वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### संचारी रोग एवं दस्तक अभियान अंतर्गत रोकथाम हेतु शपथ दिलाई



संचारी रोग के रोकथाम हेतु शपथ दिलाते हुए डॉ अनिल

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में 1 से 31 जुलाई चल रहे विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत आज संचारी रोग की रोकथाम जागरूकता की शपथ दिलाई गई। संचारी रोग एवं दस्त अभियान के जनपद नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के निर्देशों के अनुपालन में आज से समस्त प्रधानाचार्य माइक्रो प्लान के अनुसार कार्यक्रम करेंगे विद्यालयों में पोस्टर स्लोगन निबंध,कार्यशाला का आयोजन एवं रैली के माध्यम से जागरूक किया जाएगा साथ ही साथ 12 बिमारी जैसे टी बी, पोलियो, पीलिया, रोटा वायरस जनित रोग, गलघोंटू, काली खांसी, टेटनस जापानी इनसेफेलाइट्स, हीमोफिलिसइंफ्लूएंजा, निमोनिया, दिमागी बुखार, रतौंधी आदि बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। शपथ प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी स्काउट गाइड के विद्यार्थी उपस्थित रहे संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

### जय गुरु देव संगठन के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष व दूरदर्शी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र श्रीवास्तव हुए पंचतत्व में विलीन



**गोंडा-** जय गुरुदेव संस्था के पूर्व तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अब नहीं रहे यह खबर सुनकर जय गुरुदेव संस्था के सदस्यों और उनके अनुयायियों में शोक की लहर है जय गुरुदेव संस्था के तहसील अध्यक्ष, संस्था के स्थानीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पद पर थे, जो संगठन के कार्यो को तहसील स्तर पर संचालित करते थे उन्होंने जबसे इस संस्थान में आए उन्होंने वस्त्रों में टाट का वस्त्र धारण किया साथ ही साथ हमेशा लोगों को सदा शाकाहारी बनने का ज्ञान दिया उनका एक ही नारा था हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई शाकाहारी हो जाओ भाई उन्होंने तीन बार बाबा जय गुरु देव के द्वारा स्थापित की गई दूरदर्शी पार्टी से विधायक के पद के प्रत्याशी भी रहे इस प्रकार उनका संबंध कुछ दिन राजनीति में भी रहा उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे काफी दिनों से बीमारी की अवस्था में चल रहे लेकिन सोमवार को उनका निधन हो गया और मंगलवार को उन्हें उनके पैतृक निवास मे पंचतत्व में विलीन किया गया जिसमें जय गुरु देव संस्था के लोग पत्रकार व राजनीति से जुड़े लोग भी शामिल रहे।

# पत्नी की मौत के बाद पति ने किया सुसाइड

**मृतक प्रवीण कुमार घर मे सबसे बड़ा था उसके तीन भाई और एक बहन है घर में कमाऊ दार एक वही था। मृतक प्रवीण व शिल्पी के तीन साल का बेटा वास्तिक जिसके सर से मां बाप का साया नही रहा लेकिन उसे क्या पता की वो किस साये में रहकर जिये गा।**

स्वतंत्र प्रभात

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम करदहिया में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 28 वर्षीय प्रवीण कुमार ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। दो दिन पहले पत्नी ने उसी कमरे में लगाई थी फांसी। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया मजरा करदहिया में सोमवार की रात परिवार के लोग बरामदे में सोए हुए थे। रात करीब 11 बजे प्रवीण की मां दयावंती की नींद खुली तो देखा कि बेटा चारपाई से गायब है। अनहोनी की आशंका में उन्होंने पति रामसनेही को जगाया। दोनों ने मिलकर घर के अन्य लोगों को जगाया और उसकी तलाश शुरू की।जब वे उस कमरे में पहुंचे, जहां शिल्पी ने जान दी थी, तो वहां का दृश्य दिल दहला देने वाला था। उसी कमरे के कुंडे में प्रवीण का शव फंदे से लटकता मिला। प्रवीण के शव को फंदे से लटका देख परिजनों ने थाना सिंगाही पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस घटना से पहले 29 नवम्बर को प्रवीण कुमार की पत्नी शिल्पी ने भी उसी कमरे में फांसी लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली थी। शिल्पी की आत्महत्या के दो दिन के अंदर एक ही परिवार में पति-पत्नी की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पत्नी की मौत के बाद मायके वालों के दबाव के कारण उसने यह कदम उठाया। हालांकि, इस मामले की सही वजह का अभी तक कोई पता नही चल पाया है। इस दोहरी त्रासदी ने परिवार पर




दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। मृतक की मां का आरोप है कि बहू शिल्पी ने बीमारी के चलते आत्महत्या कर ली थी,लेकिन मेरे बेटे को लड़की पक्ष के लोगों ने घर पर फैसले के नाम पर बुला कर उसे डराया-धमकाया व छः बीघे जमीन व पैसों की मांग करते हुए उसे आत्महत्या के लिए भी उत्तेजित किया। पुलिस के अनुसार मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से कोई आरोप प्रत्यारोप नही लगाए गये हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## सीनियर सिटीजन के दांतों की बीमारियों के निदान हेतु पीएम को प्रेषित किया पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** 50 साल आयु के ऊपर के वृद्धो के दांतों की बीमारियोंके निदान को लेकर मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी को दो सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित कर समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री को प्रेषित किए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्री, 16 वैज्ञानिक विश्वकर्मा, 14 करोड़ किसानों, पिछड़े अति पिछड़े दलित अति दलित अल्पसंख्यक, अधिवक्ताओं, पत्रकारों बंधुओं, खुदरा व्यापारियों की स्वास्थ संबंधित समस्याओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मांग की है कि पूरे भारत के गांव व शहरों में जो पुरुष व महिलाएं 50 वर्ष की आयु से ऊपर हो गए है। जिनके दांत नाना प्रकार के भोजन करने योग्य नहीं। इस लिय खाने पीने में तकलीफ होती है। और स्वास्थ खराब रहता है। इस लिय इसे गंभीर बिमारी घोषित करके निशुल्क आपरेशन विधि द्वारा दांत ग्राम पंचायतों व शहरों में शिविर लगाकर लगाएं जाएं। जिससे नाना प्रकार का भोजन सभी लोग खा सकें। श्रीं शर्मा ने जोर देकर कहा कि भारत के सभी क्षेत्रीय व जिला के स्वास्थ केंद्रों पर स्वास्थ के लिय सभी बीमारियों की जांच निशुल्क कराने के लिय व्यवस्था की जाए। जिससे भारत के 140 करोड़ आम जनता को न्याय मिल सकें।

क्षेत्रीय अस्पतालों में ×-ray अल्ट्रासाउंड



राष्ट्रीय अध्यक्ष का फोटो दिया गया ज्ञापन

करवा सके। श्री शर्मा ने भारत के सभी राजनैतिक दलों के मुखिया व राज्य के मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, से भी इस और ध्यान देने हेतु आग्रह किया।

## पं0 सियाराम मिश्रा नगर की अमूल्य धरोहर है- विजय शुक्ला रिंकू

स्वतंत्र प्रभात

**गोला-गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के स्थानीय राष्ट्रीय कवि स्वर्गीय पंडित सियाराम मिश्रा की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पड करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न0 पा0 अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पं0सियाराम मिश्रा नगर के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय कवि विशिष्ट अतिथि शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने पं0सियाराम मिश्रा की ख्याति से नगर अभिभूत हो गया है।विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा पं0 सियाराम मिश्रा सादगी पसंद व्यक्ति थे। कार्यक्रम का संयोजन साहित्यकार मधुकर



राष्ट्रीय कवि पंडित सियाराम मिश्रा की जयंती मनाते हुए संभ्रांत नागरिक।

सैलाई ने किया। पं0 सियाराम मिश्रा के पुत्र राजन मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता गोपाल शुक्ला,भाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र शुक्ला, सभासद नानक चन्द्र वर्मा, पूर्व सभासद द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, पियूष मिश्रा भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,प्रमोद दीक्षित,सचिन सिंह, शिवम गुप्ता, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ

**● सच्ची शिक्षा वही है, जो ज्ञान के साथ व्यक्तित्व का विकास करे- प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, रायबरेली-** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, में मंगलवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत विद्यालय पुनः विद्यार्थियों की चहचहाहट और उल्लास से गुलजार हो गया। नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं के उमंग और उत्साह से पूरा परिसर प्रफुल्लित हो उठा। विद्यालय के शिक्षकों ने पारंपरिक आत्मीयता के साथ गेट पर बच्चों का स्वागत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रोच्चार के बीच मां वीणावादिनी से ज्ञान, संस्कार और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे उद्धरणों, प्रेरणादायक विचारों और रचनात्मक सजावट से सजाया गया, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और नवचेतना का संचार हुआ।

छात्रों ने अपने अवकाश अनुभव शिक्षकों से साझा किए और नये संकल्पों के साथ पढ़ाई में जुटने का उत्साह दिखाया। प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा,कि "सच्ची शिक्षा वही है, जो ज्ञान के साथ व्यक्तित्व का विकास करे। आप सभी छात्र-छात्राएं अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। शिक्षकगण सदैव आपके मार्गदर्शक रहेंगे।" कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गाँधी पार्क गोण्डा से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली का शुभारंभ-जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

**● समन्वित प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव-जिलाधिकारी**

**● संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गाँधी पार्क गोण्डा से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व यूनीसेफ के प्रतिनिधि, एससीपीएम कालेज के छात्र-छात्राएं, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।रैली के शुभारंभ से पूर्व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वहां उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें, तो इन रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत गांवों व शहरी क्षेत्रों में साफ- सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता व रैलियों का आयोजन किया जाएगा। रैली गाँधी पार्क से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विभिन्न चौराहों से गुजरी, जिसमें प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियाँ लेकर नागरिकों को जागरूक किया। "स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो", "मच्छर भगाओ, बीमारी मिटाओ", "घर-आंगन साफ रखो, बुखार दूर भगाओ" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

जिलाधिकारी ने रैली के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समन्वित प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर जय गोविंद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सीके वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी सहित यूनीसेफ के प्रतिनिधी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई



**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर में स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के सहायक अब्ध्यापक पुनीत श्रीवास्तव जी का 01 जुलाई 2025 को गोरखपुर हुआ स्थानांतरण। ये अपनी मेहनत और ईमानदारी के लिए सदैव जाने जाते रहे हैं।स्थानांतरण के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदम्बा प्रसाद,अध्यापक अध्यापिकाओं तथा अन्य कर्मचारीगणों में नम आंखों से विदाई दी तथा प्रधानाध्यापक ने विदाई के अवसर पर अंग वस्त्र प्रदान किया। सहायक अध्यापक पुनीत श्रीवास्तव जी गणित विषय के काफी अच्छे अध्यापक जाने जाते हैं और जाने जाते रहे हैं। उनकी कमी को शायद ही मैलानी में पूरा किया जा सके।इन्होंने विद्यालय में 19 वराह और 09 माह अपनी सेवा प्रदान की था।प्रधानाध्यापक जगदम्बा प्रसाद ने बताया कि इनकी कार्यकुशलता के कारण गुरुजी जी का आजीवन ह्रदय में स्थान बना रहेगा।इस अवसर पर विद्यालय परिवार में स्नेह एवं सम्मान पूर्वक इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित विदाई दी।

## सूफी जलालुद्दीन मियां हसनी? इस्हाकी का तीन रोजा उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न



**● मुल्क में खुशहाली और अमनो सुकून की दुआ मांगी गई**

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**क्योलडिया ! नगर में स्थित हजरत ख्वाजा सूफी जलालुद्दीन हसन शाह इस्हाकी अहमदी हसनी जहांगीरी का 15 व सालाना तीन रोजा उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया बीती शाम हल्का ए जिक्र शरीफ के बाद महफिलें शमा कब्बाली का प्रोग्राम हुआ और आज बाद नमाजे फजर कुरान खानी हुई। इसके बाद दरगाह पर चादरो का जुलूस निकला कुल शरीफ ठीक 11:00 बजे कुल शरीफ शुरू हुआ जिसमें ना तो मनकबतऔर उल्माओ ने बुजुर्गो की शान में तकरींरेंकी इसके बाद कुल शरीफ की फातिहा हुई जिसमें मुल्क की खुशहाली और अमनो सुकून की दुआ मांगी गई इसके बाद कब्बालो ने रंग पड़ा इसके बाद लंगर तकसीम किया गया इस उर्स की जेरे कयादत दरगाह के सज्जादा नसीन पीरे तरीकत हजरत ख्वाजा सूफी समशुल मियां इस्हाकी।

की कयादत में मनाया गया इस दौरान सूफी नवाब मियां सूफी अकबर हुसैन सूफी अबरार बजाज सूफी लियाकत हुसैन सूफी ताजुद्दीन सूफी मोहम्मद अजीज मोहम्मद हसन अजराअंसारी मोहम्मद फरकान मोहम्मद रिजवान मौलाना सत्तार हाफिज कमालुद्दीन अकबर बजाज मौलाना जब्बार सूफी शमशेर मोहम्मद हारुन मोहम्मद ओवैस गुल मोहम्मद इकरार अहमद डंपी सिद्दीकी मोहम्मद आशिक इश्तियाक अहमद समेत सैकड़ो लोगों ने उर्स में सिरकत की।

## पहली बारिश में ही बही उम्मीदें, सवालों में घिरी 22 करोड़ की बाढ़ परियोजना

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के चलते बनबसा बैराज से छोड़े जा रहे हजारों क्यूसेक पानी ने शारदा नदी का रौद्र रूप एक बार फिर दिखा दिया है। रविवार को शारदा नदी का जलस्तर बढ़ते ही पलियाङ्कमैलानी रेलवे ट्रैक के पास रिसाव शुरू हो गया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आक्रोशित किसानों ने सड़क जाम कर प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने समझाइश के बाद जाम खुलवाया और एहतियातन पलिया-मैलानी रेल सेवा को स्थगित कर दिया गया है।लेकिन इस घटनाक्रम ने एक बार फिर पलिया की जनता को पिछली वर्ष की बाढ़ त्रासदी की याद दिला दी है, जब शारदा नदी के विकराल कटान से पलियाङ्कमैलानी रेलवे ट्रैक हवा में झूलने लगा था, भीराङ्कपलिया मार्ग पूरी तरह कट गया था और पलिया नगर टापू में तब्दील हो गया था।पिछली बाढ़ से सबक लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पलिया को बाढ़ से सुरक्षित करने के लिए 22 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से चैनलाइजेशन और ड्रेजिंग परियोजना को स्वीकृति दी थी। खुद मुख्यमंत्री, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और मंडलायुक्त रोशन जैकब ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य का निर्देश दिया था। परियोजना का कार्य धीमी गति से चलता रहा। किसानों ने कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्य की प्रगति पर नाराजगी जताई और जांच की मांग की।अब जबकि पहली ही बारिश में शारदा उफान पर है और रेलवे ट्रैक से रिसाव शुरू हो गया है, ग्रामीणों और किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। वे पूछ रहे हैं कि आखिर 22 करोड़ की परियोजना का असर कहां है।

बाढ़ खंड के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि परियोजना पूरी हो चुकी है और शारदा नदी अब एक धार में बह रही है, कटान नहीं हो रहा। इसके उलट ग्रामीण सोशल मीडिया पर नदी के कटान और रिसाव के वीडियो वायरल कर रहे हैं और अधिकारियों के दावों की पोल खोल रहे हैं।समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने इस हालात को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा 22 करोड़ की बाढ़ परियोजना पहली ही बारिश में फेल हो गई। यह दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकता केवल कागज़ों पर है, ज़मीन पर नहीं। जनता के टैक्स का पैसा बह गया लेकिन बाढ़ का ख़तरा आज भी जस का तस है।

## महारानीगंज में गल्ला व्यापारी की हत्या से आक्रोश, व्यापारियों ने किया हत्याकांड के खुलासे की मांग

**● पत्नी ज़िन्दगी और मौत से लड़ रही , परिजनों में दहशत का माहौल**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के महारानीगंज बाजार में गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी सरोजनी देवी को गंभीर रूप से घायल किए जाने की घटना से व्यापारी समाज में आक्रोश है। घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में आक्रोश व्यक्त हो गया , महारानीगंज के व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे। अनिल कुमार ने घटना को बेहद दुखद





बताते हुए कहा कि देर रात लगभग दो बजे सुखदेव लोधी की हत्या कर दी गई और उनकी पत्नी इस समय जिला अस्पताल रायबरेली में जिंदगी और मौत से लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द हत्याकांड का खुलासा करने और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल ने ईश्वर से घायल महिला के शीघ्र स्वस्थ होने और मृत व्यापारी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने भी मौके पर पहुंचकर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। घटना-स्थल पर खीरों के सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## आग का गोला बनी बाइक, जलकर हुई राख, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

**● सब्जी विक्रेता भाग कर बचाई जान, बाजार में मची अफरातफरी**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ले में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेजगांव परिसर के सामने जाम में फंसी एक बाइक में अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में बाइक पूरी तरह जलने लगी और आग का गोला बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सराफा मंडी निवासी अनुज गुप्ता पुत्र रवि शंकर युवक अपनी बाइक से डिग्री कॉलेज की ओर एसजेएस पब्लिक स्कूल अपनी भतीजे को स्कूल लेने जा रहा था। तभी जाम के कारण वह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। तेजगांव परिसर के पास पहुंचते ही बाइक से



अचानक धुआं निकलने लगा। युवक ने नजदीक के एक सब्जी विक्रेता से पानी लेकर बाइक के इंजन में डाला लेकिन इससे बाइक में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई। आसपास के दुकानदारों ने साहस दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी खबर दी गई। हालांकि फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। बावजूद इसके बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। बाइक किसकी है, इसकी पहचान की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** विगत माह की भांति इस माह भी 1 जुलाई 2025 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पी सी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 जुलाई को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ, पेशकार- अशफाक, सीओ, दिवान सूरज कुमार वर्मा, एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय, दीवान अजय चौधरी,




हिमांशु ,कुंदन, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, बी. ओ. राजेश कुमार राय, ए. सी. सी. बुध्दिसेन शर्मा, पी.सी रमेश मौर्य, राजेश कुमार सिंह , राम प्रताप यादव, जगदीश गुप्ता, रामदास यादव, राम प्रकाश, कमलाकान्त, सन्तोष द्विवेदी, शिवकरन यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव, लाल मोहम्मद , दिनेश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,रामकुमार सिंह, जगदेव मिश्रा, राम भुवन सिंह, धर्मदास, सुरेश यादव, छेदीलाल, रामकुमार यादव, रामयस मौर्य, ईशा मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई एवं परेड निरीक्षण किया गया

जेसीटी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव चयनित रिक्रूट आरक्षियों की सुविधाओं को चेक कर दिए गए निर्देश



**भदोही** दिनांक-01.07.2025 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली



गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। परिवहन शाखा को चेक कर रख रखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिए। पुलिस लाइन में जीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षियों के बैरक क्लासरूम इत्यादि सुविधाओं का गहन अवलोकन किया तथा मेस में भोजन की स्वच्छता और व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए, उन्होंने साफ-सफाई के लिए कड़े निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### चिकित्सक दिवस पर लोगों ने किया डाक्टरो के सहयोग का वर्णन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**हलिया मिर्जापुर।** मगलवार को चिकित्सक दिवस पर लोगो ने डाक्टरो के सहयोग का वर्णन करते हुए बताया की डाक्टर भगवान स्वरूप होते है साथ ही साथ ग्रामीण ने डाक्टरो पर कहा की जब हर माँ - बाप चाहता है कि उसका बच्चा डॉक्टर बन जाये फिर अचानक से डॉक्टर बनते ही वो लुटेरा क्यों हो जाता है आप की नजर में हे प्रभु ! हर घर में एक डॉक्टर पैदा कर ताकि लोग समझ सके की ।किस मेहनत और कष्ट से डॉक्टर बनते है। वही डॉक्टर आज किस वेदना से गुजर रहा है। समाज से विनम्र निवेदन है कि डॉक्टर को भगवान नही पर कम से कम डॉक्टर और इंसान तो समझें किसी मरीज ने तो अब तक कभी शुभकामनायें नहीं दी।हाँ पर कम्पनी के एम आर इस दिन को याद दिलाना नहीं भूलते चाहें वो कहीं भी रहें। हैप्पी-डॉक्टर्स-डे शुभकामना देते रहते हैं ।ग्रामीणों के तरफ से सभी डॉक्टर मित्रों को चिकित्सक दिवस की शुभकामना।

### गरीब के जमीन पर दबंग कर रहा है कब्जा प्रार्थना पत्र लेकर टहल रहा गरीब नहीं हो रही कहीं पर सुनवाई आरजीआरएस पर किया शिकायत



**हलिया मिर्जापुर।** मगलवार लालगंज तहसील क्षेत्र के भिटहा गांव निवासी । विश्वनाथ पुत्र खेदु ने आरजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आराजी नंबर 215ख आबादी श्रेणी6(2) की भूमि है मौजा भिटहा पर प्रार्थी का अरसा 30-40 वर्ष से पुराना विद्यमान मकान बना है प्रार्थी अनुसूचित जाति का कोरी भूमिहीन व्यक्ति है उसी हैसियत से कब्जा दखल में है जो कि विपक्षी सूर्यमणि व राजमणी पुत्र गढ़ विश्वराम निवासी ग्राम भिटहा धन पशु सरकारी कर्मचारी सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात व ट्रैक्टर काफी भूखंड वाले व्यक्ति हैं जो की एक गोल बनाकर हम प्रार्थी के रहस्य मकान के सामने नया निर्माण कर रहे हैं मना करने पर आमदा फसाद करने को तैयार हैं ऐसी स्थिति में शासन प्रशासन जांच कराकर विपक्षी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करें और हमारे जाल माल का सुरक्षा करें।

## 'स्कूल में नव प्रवेशित छात्रों को जि0 पं0 अ0 व जिलाधिकारी ने तिलक लगाकर किया स्वागत, वितरित किया पुस्तकें

- उच्च प्राथमिक विद्यालय बैराखास में जिलाधिकारी ने रोरी तिलक लगाकर छात्रों का किया स्वागत, स्कूल चलों रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना
- यूपीएस बैराखास में जि0पं0अ0 व जिलाधिकारी ने आईसीटी लैब का शुभारम्भ कर छात्रों को किया समर्पित
- कोई भी न रहे शिक्षा से वंचित, अभियान चलाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का कराएं शत-प्रतिशत पंजीकरण-जिलाधिकारी'
- अध्यापक गण पठन पाठन में रुचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ज्ञान का दीपक जलाएं- जि0 पं0 अ0
- एक अच्छा नागरिक बनने के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका- जिलाधिकारी
- 46 अधिकारियों द्वारा आवंटित विद्यालय में पहुँचकर नवप्रवेशित छात्रों का किया गया स्वागत
- जनपद के समस्त विकास खण्डो सहित समस्त 885 बेसिक विद्यालयों में नवप्रवेशित स्वागत कार्यक्रम सहित स्कूल चलों अभियान की निकाली गई रैली

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 01 जुलाई, 2025:-स्कूल चलों अभियान रैली-2025 (द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई) का शुभारम्भ उच्च प्राथमिक विद्यालय बैराखास में व नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को रोरी, टीका लगाकर स्वागत उत्सव कार्यक्रम मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा किया गया। उनके द्वारा छात्र/छात्राओं को पुस्तकों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। आईसीटी लैब का शुभारम्भ कर छात्रों को समर्पित किया गया। आईसीटी लैब में नवाचार आधारित विभिन्न उपकरण, सूक्ष्मदर्शी परखनली, ग्लोब, ब्रम्हाण्ड चित्र, आदि उपलब्ध है। जिनके प्रयोग व ज्ञान के द्वारा बच्चों को वास्तविक जानकारियों से अवगत होने का शुभअवसर प्राप्त होगा। लैब में एलईडी स्मार्ट टीबी के माध्यम से स्मार्ट अध्ययन पर भी बल मिलेगा। साथ ही 46 अधिकारियों द्वारा सूचीबद्ध आवंटित स्कूल में जाकर छात्र/छात्राओं का स्वागत किया गया। स्कूल चलों अभियान रैली व नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का स्वागत उत्सव कार्यक्रम जनपद के सभी 885 विद्यालयों में धूम-धाम से किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि नव प्रवेशित बच्चों के स्वागत करने का मतलब उनका शिक्षा के प्रति ध्यान दिलाना है आज से पूरे महीने सम्मिलित प्रयास के द्वारा जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं उनको अभियान चलाकर चिन्हित कर पंजीकरण करें। कोई भी बच्चा इधर-उधर घूमता और खेलते ना मिले यह अध्यापक गणों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चें ही कल देश के भविष्य है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। जो बच्चे शिक्षा के योग्य हो गए हैं उनको शत-प्रतिशत विद्यालय में पंजीकृत कराएं। कहा कि जब तक बच्चा शिक्षित नहीं होगा तब तक वह देश का अच्छा नागरिक नहीं बन सकता है। कोई भी बच्चा घर में न बैठें, इधर-उधर घूमता न दिखे। यह अध्यापक गणों की जिम्मेदारी है कि अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का पंजीकरण कराएं। यह उनके सुधरने व शिक्षित होने का सुनहरा अवसर है। अध्यापकगण पठन-पाठन में रुचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। उनके उज्वल भविष्य के लिए ज्ञान का दीपक जलाएं। जिलाधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों से भी अनुरोध करते हुए कहा कि आपकी भी जिम्मेदारी बनती है कि बच्चा



घर में ना रुकने पाए उसे विद्यालय अवश्य भेजें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों को बुके भेंट कर स्वागत किया और अभिभावकों से कहा की बच्चों को शिक्षित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में नामांकन कम है उस विद्यालय के दो शिक्षक क्षेत्र में जाकर कैम्प लगाकर अभिभावकों को प्रेरित करते हुए सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चि कराये। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों के पठन-पाठन में रुचि लेकर कार्य करें बच्चों के भविष्य सुधारने में अध्यापक गणों का महत्व भूमिका होती है। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी ने कहा कि आज बच्चों के स्वागत का यह कार्यक्रम जनपद के सभी विकास खंडों में संबंधित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। आगे भी 15 जुलाई तक प्रतिदिन स्कूल चलों अभियान रैली निकालकर जनपद के शत-प्रतिशत नामांकन दाखिला सुनिश्चित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, डीपीआरओ संजय कुमार मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी,आदि अधिकारियों द्वारा आवंटित विद्यालय में जाकर छात्र/छात्राओं को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते हुए उनको आगे पढ़ने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

## यूपीएस बैराखास से ''विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान'', का जि0प0अ0 एवं जिलाधिकारी ने शपथ दिलाकर, छात्रों व प्रचार वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

- जनपद के समस्त बेसिक विद्यालयों में ग्राम प्रधानों, स्वास्थ्य कर्मियों व जनसहभागिता से संचारी रोग से बचाव हेतु संगोष्ठी कर लोगों को किया गया जागरूक
- स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है बुखार में देरी पड़ेगी भारी
- संचारी रोगो से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति 1387 गठित टीमों द्वारा किया गया जागरूकता- सीएमओ

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 01 जुलाई 2025:-संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों व उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार व मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने संदेश दिया कि ''यू0पी0 ने ठाना है संचारी रोगों को हराना है''। जनपद स्तर पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारम्भ जि0पं0अ0 व जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बैराखास से छात्रों व आमजन मानस को जागरूक करते हुए संचारी शपथ दिलाते हुए हरी झण्डी दिखाकर छात्रों व गाड़ी प्रचार जागरूकता रैली को रवाना किया।

जिलाधिकारी ने शपथ के द्वारा लोगों को जागरूक किया कि हम सभी अपने गॉव, ब्लाक, जनपद व देश को रोगमुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेगे, अपने घर के पास साफ-सफाई का ध्यान रखेगें। अपने गॉव और मुहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा सामुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। संचारी रोग हमारे गॉव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से लड़ाई में हम सभी भदोहीवासी हर सम्भव प्रयास करेंगे कि हमारे परिवार और समुदाय रोगों से मुक्त रहें। हमारे गॉव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे।

संचारी रोगों की होगी हार इसके लिए उन्होंने 7 वार/उपायों से सभी को जागरूक किया कि-मस्तिष्क ज्वर का पहला टीका 9 माह से 12 माह के बच्चों को और दूसरा टीका 16 माह के 24 माह के बच्चों को नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत जरूर लगवायें। घरों के आस-पास साफ-सफाई रखें। मच्छर से बचने हेतु पूरी बाह वाली कमीज व पैंट पहने, स्वच्छ पेयजल ही पीये, आस-पास जल-जमाव न होने दे। कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखें। व्यक्तिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, प्रभारी/एसीएमओ डॉ0ओपी शुक्ला व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 राम आसरे द्वारा बताया गया कि जनपद भदोही में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु कुल 1387 टीमे गठित की गयी है। इसी क्रम में आज जनपद के समस्त बेसिक विद्यालयों में प्रधानों, आशा, एएनएम, आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों के द्वारा जागरूकता रैली निकालकर संचारी रोग से बचाव/सुझाव पर संगोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ



जनपद के सभी पीएचसी, सीएचसी, समस्त विकास खण्ड कार्यालय व अधिशासी अधिकारी कार्यालय व अन्य कार्यालय द्वारा भी संचारी रोग नियंत्रण हेतु संगोष्ठी आयोजित करते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि आज से प्रारम्भ हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल व क्रियान्वयन पूर माह 31 जुलाई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार की रोगियों की सूची आई0एल0आई0, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकान की सूची जहॉ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रति दिन प्रगति रिपोर्ट से सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को अवगत करायेंगे। प्रदेश स्तरीय इस अभियान में जनपद के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग व अन्य विभाग द्वारा सक्रिय सहभागिता किया जा रहा मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, डीपीआरओ संजय कुमार मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, बीडीओ औराई दिलीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा, ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सृष्टि राज को मिला डॉ प्रतीक मिश्र विशेष सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** जनपद की लेखिका सृष्टि राज को भारतीय बाल कल्याण संस्थान,कानपुर ( रजि) ने अपने 64वें बाल साहित्य सम्मान समारोह- 2025 में डॉ. प्रतीक मिश्र विशेष सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान सृष्टि राज को बाल साहित्य में विशेष कार्य के लिए दिया गया। सृष्टि राज की बाल साहित्य की दो चर्चित पुस्तकें 1. दर्पण में बचपन और 2. बहादुर कुकू, प्रकाशित हो चुकी हैं। सृष्टि राज मिर्जापुर के विंध्यवासिनी महाविद्यालय में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। प्रसिद्ध साहित्यकार आनंद अमित इनके पिता हैं। इनकी तबियत खराब होने के कारण सृष्टि राज कानपुर समारोह में नहीं पहुंच पाई थीं। सम्मान को सुभाष वर्मा ने संस्था सचिव एस बी शर्मा से प्राप्त किया और सृष्टि राज तक पहुंचाया।

सृष्टि राज आकाशवाणी वाराणसी, पारस टीवी आदि पर अपनी कविताएं पढ़ चुकी हैं। इनकी रचनाएं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। सृष्टि राज को 2024 में कानपुर और श्रीनाथद्वारा राजस्थान में भी बाल साहित्य के लिए सम्मानित व पुरस्कृत किया जा चुका है।

भारतीय बाल कल्याण संस्थान द्वारा सृष्टि राज को सम्मान दिए जाने पर मिर्ज़ापुर के साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, प्रसिद्ध नवगीतकार गणेश गंभीर, डॉ. नीरज त्रिपाठी, प्रवीन राठी, प्रसिद्ध संचालक व कवि लल्लू तिवारी, अरविंद अवस्थी, लालब्रत सिंह सुगम, केदारनाथ सविता, डॉ. रमाशंकर शुक्ल, आनंद अमित, डॉ सुधा सिंह, रमाशंकर सिंह यादव, पूजा यादव, कुलभूषण पाठक, इरफान कुरैशी,




सुभाष वर्मा, आनंद केसरी, नंदिनी वर्मा, श्रुति जायसवाल, इला जायसवाल आदि ने बधाई दी।

## वज्रपात एवं आंधी तूफान से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 01 जुलाई 2025- जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर वीरेंद्र मौर्य एवं आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि आंधी तूफान एवं खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए होती हैं तथा उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में आम जनमानस से अपील करते हुये निम्न सावधानियां बरतने को कहा गया है-

**आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु क्या करें-**

1. पक्के मकान की शरण में चले जाएं।
2. खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें।
3. पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब, जलाशय से दूरी बना कर रखें द्य
4. खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं।
5. यदि खुले खेत में फंस गये हैं तो दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा



घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं।

6. वर्षा, आंधी तूफान, आकाशीय बिजली एवं बदलते मौसम का सटीक पूर्वानुमान देगा बहुउपयोगी सचेत एप एवं दामिनी एप जिससे कि प्रशासन, स्वयंसेवक तथा जागरुक लोगों द्वारा पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। द्य गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है दामिनी ऐप एवं सचेत एप।

**आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु क्या न करें-**

1. पेड़ के नीचे ना खड़े हों।
2. दीवार के सहारे टेक न लगायें।
3. धातु युक्त नल एवं फ्रिज को न छुएँ।
4. धातु से बने छाते का प्रयोग न करें।
5. घरों में चलने वाले भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें।
6. खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

**आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु क्या करें**

1. टिन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें।
2. घर के बाहर या छत पर रखी हुई भारी वस्तुएं उड़ सकती हैं, इसलिये उन्हें बांधकर रख दें।
3. यात्रा कर रहे हैं तो सुरक्षित स्थान देखकर रुक जाएं।

**आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु क्या न करें-**

1. धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में न रखें।
2. धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें एवं पेड़ की शरण में न जायें।

## ट्रैक्टर ट्राली से दबकर युवक की मौत

- शीतला माता धाम विजयपुर से दर्शन कर वापस लौटते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर, गैपूरा।** उत्तर प्रदेश मीरजापुर जिला के छानबे क्षेत्र के सेमरी गाँव के सामने विजयपुर से शीतला माता के दर्शन करके वापस लौटते समय टैक्टर टाली से गीर नवयुवक टैक्टर टाली से दबकर मौत हो गया 7 मीरजापुर प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के सामने ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से श्रद्धालु की मौत हो गई । मृतक जिगना थाना अंतर्गत नक्कू के पुरा निवासी बिंद कुमार बिंद उम्र 25 वर्ष पुत्र रमेश कुमार बिंद उर्फ



वकील अपने परिवार के संग ट्रैक्टर से विजयपुर शीतला माता मंदिर विजयपुर दर्शन पूजा करने गए थे । वहां से लौटते समय सेमरी गांव के पास ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे बिंद कुमार अनियंत्रित होकर नीचे गिर गए और उसी ट्रैक्टर ट्राली से कुचलने से मौत हो गई । घटना सोमवार शायं साढ़े पांच बजे की है। घटना की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी गैपुरा आनंद शंकर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई विजयपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक दो भाईयों में छोटा था। जो 15 दिन पहले ही गुजरात से घर आया था। गुजरात रहकर किसी निजी कंपनी में काम करता थे। परिवार वाले ने कहाँ हम पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

## सुश्री सौम्या मिश्रा (IAS) ने आदर्श नगर पंचायत कछवां अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाला

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** जनपद के आदर्श नगर पंचायत कछवां की अधिशासी अधिकारी सोनल जैन के पिछले दिनों रानीपुर झांसी स्थानांतरण होने के बाद रिक्त पड़े पद का अतिरिक्त प्रभार अपर उप जिलाधिकारी सदर, सौम्या मिश्रा ने संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति से प्रशासनिक कार्यो को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताते चले कि चेयरमैन अजय कुमार उपाध्याय ने शनिवार 28 जून को जनपदीय शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से कछवां नगर पंचायत में रिक्त पड़े अधिशासी अधिकारी के पद का जिक्र किया था जिसपे जिलाधिकारी ने जल्द किसी को अतिरिक्त प्रभार देने की बात कही थी, जिस पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल प्रभाव से सौम्या मिश्रा को नगर पंचायत कछवां के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया।



पूर्व चेयरमैन अजय कुमार उपाध्याय, चेयरमैन मिताली जायसवाल, कछवां व्यापार मण्डल अध्यक्ष आनंद गुप्ता व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन नगर अध्यक्ष अजय सेठ ने मां विंध्यवासिनी का छायाचित्र देकर उनका जोरदार स्वागत किया। सौम्या मिश्रा ने कहा कि पद संभालने का मतलब है किसी संगठन या विभाग के प्रशासनिक और कार्यकारी कार्यो का नेतृत्व करना। यह पद संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने, नीतियों को लागू करने और दिन-प्रतिदिन के कार्यो का प्रबंधन करने के लिए महत्वपूर्ण है।एक अधिशासी अधिकारी का पद एक चुनौतीपूर्ण और पुरस्कृत भूमिका है जो संगठन के विकास और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, सभासद पवन मोदनवाल, नेहा चौबे, ज्योति चौरसिया, कोऑपरेटिव डायरेक्टर अंजनी मोदनवाल, आशीष मिश्रा, अवधेश जायसवाल उपस्थित रहे।

## डॉ राम निहोर राजकीय सेवा से हुए सेवानिवृत्त

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार मिर्जापुर।** मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार, मीरजापुर के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ0 राम निहोर को दिनांक 30 जून 2025 को अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के पश्चात भावपूर्ण विदाई दी गई। सहज व्यक्तित्व के धनी डॉ0 राम निहोर ने महाविद्यालय में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। प्राचार्य के रूप में उन्होंने महाविद्यालय में %नैक मूल्यांकन% कराया। उनके योगदान को महाविद्यालय सदैव स्मरणीय रखेगा।अपने उद्बोधन में डॉ राम निहोर ने कहा %सेवा के लिए हमेशा तत्पर% रहूंगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0माधवी शुक्ला ने कहा कि सेवा करते



हुए राजकीय क्षेत्र में अनेक विचारों के सानिध्य से नित नई विचार दृष्टि से हम समृद्ध होते हैं, जिसे पूरी तरह से आत्मसात करते हुए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और नई दिशाएं तय होती जाती हैं। इस अवसर पर डॉ संकठा प्रसाद सोनकर,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ अरुणेश कुमार,डॉ शेफालिका राय,कमलेश शुक्ला ने भी अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। संचालन समारोहक डॉ चंदन साहू ने किया। इस अवसर पर डॉ कुसुम लता, डॉ रजनीश, डॉ मनोज कुमार प्रजापति, डॉ दीप नारायण, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ चंदन द्विवेदी, डॉ शिव कुमार, डॉ नलिनी सिंह, डॉ गुरु प्रसाद, डॉ शिखा तिवारी, डॉ विद्या सिंह, डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार, रामकेश, धर्मचंद जय प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया पी डी ए महानायक अखिलेश का जन्मदिन

**चुनार मिर्जापुर।** मंगलवार को जमालपुर स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा मठना में जितेंद्र कुमार गुप्ता राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री पी.डी.ए. जननायक अखिलेश यादव का केक काटकर जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

तत्पश्चात् वृक्षारोपण भी किया और उनके दिर्घायु होने का कामना भी किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र ने कहा कि हमें ऐसे नेता का जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला जिसने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, विजय सिंह, सुभाष गुप्ता, मिठाई यादव, रफीक अली, छेदी खरवार, सोनु गुप्ता, सलमान खान, सुरेश यादव एंड. आशिष वियार, विजय यादव, सुशील

# नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं ड्रोन तकनीक भारतीय कृषि का भविष्य है- संजय कुदेशिया

● ईस्टर्न उत्तर प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा एमएसएमई दिवस के अवसर पर प्रयागराज में एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन।

इफको नवाचार करवा कृषि क्षेत्र में ही नहीं कर रहा है, बल्कि एमएसएमई सेक्टर को भी सहयोग कर रहा है।

स्वतंत्र प्रभात

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

प्रयागराज। ईस्टर्न उत्तर प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा एमएसएमई दिवस के अवसर पर प्रयागराज में एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर इफको फूलपुर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने "कृषि में नवाचार" विषय पर व्याख्यान देते हुए नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं ड्रोन तकनीक को भारतीय कृषि का भविष्य बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया कुदेशिया ने बताया कि कैसे इफको द्वारा विकसित नैनो उत्पाद पर्यावरण-संवेदनशील, किफायती और उच्च उत्पादन क्षमता वाले हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक किसानों के लिए समय और श्रम की बचत के साथ-साथ सटीक कृषि की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने यह भी विशेष रूप से उल्लेख किया कि इफको न केवल कृषि क्षेत्र में नवाचार कर रहा है, बल्कि एमएसएमई सेक्टर को भी सहयोग कर रहा है। नैनो तकनीक, पैकिंग, ट्रांसपोर्ट, मेंटेनेंस, सर्विसिंग आदि से जुड़ी कई इकाइयों को इफको के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं कार्य के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस प्रकार इफको क्षेत्रीय एमएसएमई को मजबूती प्रदान कर



रहा है।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री माननीय नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने भी उपस्थित दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि एमएसएमई देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं और सरकार निरंतर इनके विकास हेतु प्रयासरत है। कार्यक्रम में प्रयागराज और आस-पास के क्षेत्रों से आए अनेक उद्यमियों, किसानों, छात्रों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह संगोष्ठी कृषि, उद्योग और तकनीक के संगम की एक सशक्त मिसाल बनी।

# फीस देने में आई दिक्कत तो सीएम से मिली छात्रा, बोले सीएम योगी- नही रुकेगी बिटिया की पढ़ाई!

स्वतंत्र प्रभात



प्रयागराज। कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, सीएम योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है।गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए, या फीस का इंतजाम करा दीजिए।

मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा, बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### नाजिया नफीस अंतरिक्ष शिकायत समिति की सदस्य नामित

प्रयागराज। नाजिया नफीस अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं फाउंडर/अध्यक्ष अल कौसर सोसाइटी इलाहाबाद को नैनी एयरोस्पेस लिमिटेड प्रयागराज द्वारा अंतरिक्ष शिकायत समिति का सदस्य नामित किया है। नाजिया को लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध व प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा 4 के अंतर्गत बाहरी सदस्य गैर सरकारी संगठन के रूप में उनके द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए नामित किया गया है।

### भूमिधरी जमीन पर भूमाफिया जबरन कर रहा अवैध कब्जा

कौशाम्बी। जनपद के मंझनपुर तहसील के अन्तर्गत पूरब सरावॉ परगना अथरवन निवासी मंगला प्रसाद पुत्र मिश्रीलाल ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर योगेश कुमार गौड़ को प्रार्थना पत्र देकर अपनी भूमि धरी अराजी गाटा संख्या 73 मौजा पश्चिम सरावॉ परगना अथरवन तहसील मंझनपुर में विपक्षी राममिलन शुक्ला उर्फ मंझा पुत्र मूरतध्वज द्वारा जबरन खेत में धान रोपाई नही करने दे रहा है यह व्यक्ति गुण्डा किस्म का है वह मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है जबकि विपक्षी का उस जमीन या उसके आसपास कोई भी जमीन नहीं है फिर भी वह आए दिन धमकी देता रहता है।

### नगर पालिका की बोर्ड बैठक का सदस्यों ने किया बहिष्कार



कौशाम्बी। जनपद में नगर पालिका परिषद भरवारी की 6 वीं बोर्ड बैठक नगर अध्यक्ष कविता पासी की अध्यक्षता में बुलाई गयी थी। लेकिन बैठक का कोई एजेन्डा न होने व पिछले बैठकों में दिये गये प्रस्तावों की जानकारी मांगने और ठेकेदारों के द्वारा मानक विहीन कार्य करना था समय पर कार्य न पूरा करना, ऐसे सवालों पर नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी और अधिशासी अधिकारी राम सिंह निर उत्तर रहे जिसके कारण बोर्ड बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने भ्रष्टाचार में सम्मिलित नगर पालिका द्वारा मनमानी किये जाने के विरोध में बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया गया और सभागार से बाहर आकर जमकर नारेबाजी की। किया जिसमें सभासद एकता जिन्दाबाद तानाशाही नहीं चलेगी भ्रष्टाचार नहीं चलेगा के नारे लगाते रहे।

### स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन स्कूल आये बच्चों ने शत प्रतिशत स्कूल आने का लिया संकल्प



कौशाम्बी। जनपद में लगभग डेढ़ महीने के इन्तजार के बाद बेसिक के परिषदीय विद्यालय मंगलवार को बच्चों की उपस्थिति से गुलजार हुये। मंगलवार को ग्रीष्मावकाश के पश्चात बच्चों के लिए स्कूल खुला। इस अवसर पर विद्यालयों को गुब्बारे आदि से सजा कर बच्चों को रोली टीका लगाकर उनका स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण की शुरुवात मंगलवार से हुई। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में विद्यालयों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर अभियान के शुरुवात की जिम्मेदारी दी गयी थी। कड़ा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय सौरई बुजुर्ग में शिक्षक अजय कुमार साहू समस्त स्टाफ के साथ व विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देवी ने बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया। इस दौरान चाकलेट देकर उनका मुंह मीठा कराए गया। स्कूल के पहले दिन ही बच्चों को पुस्तकों का वितरण भी किया गया। मध्याह्न भोजन में बच्चों को हलुआ व पूड़ी खिलाई गई। स्कूल में आए हुए सभी बच्चों ने शत प्रतिशत स्कूल आने की शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि वह प्रतिदिन स्कूल आयेंगे और अपने साथ सभी साथियों को लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

# इफको फूलपुर इकाई में ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास

● पूर्वाभ्यास हमें किसी भी स्थिति व दुर्घटना से निपटने में सहायता करती है- कुदेशिया

स्वतंत्र प्रभात





प्रयागराज। इफको फूलपुर इकाई में ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान यूरिया-2 के पम्प 31पी-5 ए/बी की कॉमन लाइन के 31 एचवी 180 की अप स्ट्रीम फ्लैंज से अमोनिया के अत्यधिक रिसाव की स्थिति पैदा की गई। पहले रिसाव आरंभ हुआ उसके बाद अग्निशमन दल ने अमोनिया गैस को नियंत्रित करने का प्रयास किया एवम बचाव दल से घायलों को अस्पताल पहुँचाया। इसके पश्चात स्थानीय प्रशासन व इफको प्रबंधन एवं समस्त विभागाध्यक्षों के साथ ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि पूर्वाभ्यास हमें किसी भी स्थिति व दुर्घटना से निपटने में सहायता करती है।इस दौरान अग्निशमन विभाग (इफको), गेल(इफको), स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश, सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। सेल्फ डिफेंस डिप्टी कन्ट्रोलर नीरज मिश्र, असिस्टेंट डिप्टी कन्ट्रोलर राकेश तिवारी, बीपीसीएल से पवन भारती, कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) संजय वैश्य, वरिष्ठ महाप्रबंधक ए.पी.राजेन्द्रन, महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, पी. के. सिंह, डॉ अनिता मिश्रा, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः पी. के. पटेल, रत्नेश कुमार, एस. के. सिंह, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, ए.के.गुप्ता,पी.के.वर्मा, आर.पी.यादव, सत्य प्रकाश, पी.के. त्रिपाठी, संदीप गोयल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा संजीव कुमार, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में जोरदार धमाका, 39 लोगों की मौत, 30 लोग घायल

● धमाके की वजह से 100 मीटर दूर गिरे मजदूर।

स्वतंत्र प्रभात



प्रयागराज। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 39 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।31 लोगों के शव निकाले गए थे जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मरने वाले लोगों के चलते मृतकों की संख्या बढ़ गई है।यह विस्फोट पशमायलाम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गयी।

पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है।उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 बजे से 9.35 बजे के बीच हुआ। कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया।

उन्होंने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि श्रमिकों का विवरण रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने तथा उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की थी। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पीएमओ ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की है।

# यूपी के 4 IAS, 11 PCS अफसर रिटायर; जुलाई में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी हो रहे सेवानिवृत्त

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में बरसाती मौसम के बीच रिटायरमेंट, ट्रांसफर और नियुक्तियों का मानसून भी सक्रिय है। प्रदेश के 4 आईएएस और 11 पीसीएस अधिकारी 30 जून को रिटायर हो गए. साथ ही नौकरशाही में जुलाई 2025 का भी महीना बड़े बदलावों का गवाह बनने जा रहा है. इस महीने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ आईएएस और पीसीएस अफसरों की सेवानिवृत्ति होने वाली है. इसके बाद प्रशासनिक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

साथ ही, योगी सरकार ने आईएएस अफसर अरुणेश सिंह के सेवा विस्तार को रोक दिया है, जिनको सात बार सेवा विस्तार मिला था. इसके चलते वह अब वह रिटायर हो चुके हैं। उनकी जगह राकेश कुमार सिंह को यमुना एक्सप्रेस वे अथारिटी का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इससे नई नियुक्तियों और तबादलों की चर्चा तेज हो गई है. पीसीएस हो या आईएएस नए अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है जिनको इसी महीने पोस्टिंग दी जाएगी।

**ये अफसर कल हो गए रिटायर:** जानकारी के मुताबिक यूपी के चार आईएएस और 11 पीसीएस अफसर सोमवार को रिटायर हो गए. रिटायर होने वाले आईएएस अफसरों में अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन) जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्रा, बृजराज सिंह यादव और सुरेंद्र प्रसाद सिंह शामिल हैं. इनके अलावा 11 पीसीएस अफसरों की सेवानिवृत्ति भी प्रशासन में रिक्तियां पैदा करेगी. इन रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार जल्द ही नई नियुक्तियां और तबादलों की प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

ये 11 PCS अफसर हुए रिटायर-राम भरत तिवारी, एडिशनल कमिश्नर लखनऊ, कुँवर बहादुर सिंह, एडिशन कमिश्नर गोरखपुर, पुरुषोत्तम दास गुप्ता ADM प्रशासन गोरखपुर, सतीश कुमार त्रिपाठी CRO अयोध्या, हरिओम शर्मा एडिशनल कमिश्नर गोरखपुर, राजीव पांडेय ADM J बदायूँ, राज नारायण DDC गोरखपुर, हनुमान प्रसाद ADM J लखनऊ, महेंद्र कुमार सह्रू कानपुर देहात, सौरभ शुक्ला SDM अम्बेडकर नगर, सौरभ शुक्ला ADM J पीलीभीत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी जुलाई में रिटायर होने वाले हैं. अगर उन्हें सेवा विस्तार नहीं दिया गया तो उनकी सेवानिवृत्ति के बाद नए मुख्य सचिव की नियुक्ति पर सबकी नजरें टिकेंगी. माना जा रहा है कि सरकार अनुभवी और काबिल अफसरों को अहम जिम्मेदारियां सौंपकर प्रशासन को और मजबूत करेगी. इसके अलावा, हाल के महीनों में हुए तबादलों से





यह संकेत मिलता है कि योगी सरकार प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए सक्रिय है।

पिछले कुछ महीनों में उत्तर प्रदेश में कई बड़े प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिले हैं. जनवरी में 46 आईएएस और जून में 127 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए. जो किसी महीने में हुए तबादलों की सबसे बड़ी संख्या है. इन तबादलों का मकसद जमीनी स्तर पर कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों को बेहतर करना था. जुलाई में होने वाले बदलावों से भी ऐसी ही उम्मीदें हैं।

जुलाई का महीना ब्यूरोक्रेसी के लिए बेहद खासः नई नियुक्तियों के साथ ही सरकार उन अफसरों पर भी नजर रख रही है, जो लंबे समय से एक ही जगह तैनात हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि इन परिवर्तनों से प्रशासन में नई ऊर्जा आएगी और जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी. जुलाई का महीना उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी के लिए न केवल बदलाव का, बल्कि नई संभावनाओं का भी महीना भी साबित हो सकता है।

# जो मरी नहीं थी, उसका मनाया गया मातम और जो सचमुच मरी थी, उसकी पहचान अब भी है अधूरी

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में एक लाश ने रिश्तों, हकीकत और संवेदनाओं के ताने-बाने को उलझा दिया है। पुलिस अब भी उस असली मृतका की पहचान की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।कौशाम्बी रेलवे ट्रैक पर पड़ी एक क्षत-विक्षत लाश परिवार का दावा ये हमारी बेटी है लोगों का गुस्सा न्याय चाहिये सोशल मीडिया का हंगामा सिस्टम नाकाम है।लेकिन फिर पुलिस ने जो सच्चाई सामने लाई, वो इस पूरे घटनाक्रम को एक दिल दहला देने वाली भूल बना गयी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि

मामला 18 मार्च को भरवारी और बिदनपुर स्टेशन के बीच मिली महिला की लाश को एक परिवार ने अपनी बेटी का शव बताकर अन्तिम संस्कार का दावा किया था।लेकिन गहन जांच, साइबर विश्लेषण और तकनीकी ट्रैकिंग से साबित हुआ और पुलिस एक निर्दोष व्यक्ति को हत्या जैसे गम्भीर धाराओं में जेल जाने से भी बचाया गया। जिसे मरी हुई समझा गया था, वह लड़की जिन्दा मिली 29 जून को उसे टेढ़ी मोड़ शहजाद पुर से सकुशल बरामद कर लिया गया।

अब असली सवाल यह उठता है तो फिर 18 मार्च को रेलवे ट्रैक पर जो शव मिला था, वो कौन थी? रेलवे ट्रैक में मिला लाश ने अपनी पहचान खो दी, आखिर इसके जिम्मेदार कौन? क्या किसी शव को बिना जाँच, साक्ष्य के अपना परिवार का बताना गलत नहीं है? पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उस शव का डीएनए सुरक्षित रखा गया है और अब भी उसकी असली पहचान की कोशिशें जारी है।कहीं वो किसी और की गुमशुदा बेटी थी?

कहीं वो किसी अपराध की अनकही कहानी तो नहीं? या फिर वो भी एक ऐसा चेहरा थी, जो समाज की अनदेखी में खो गया? यह सिर्फ एक केस नहीं है यह हमारे समाज में जल्दबाजी से किए गए निष्कर्षों भावनात्मक निर्णयों और सोशल मीडिया ट्रायल की एक खतरनाक मिसाल है।





जहां एक जिंदा लड़की को मृत मान लिया गया, और एक अज्ञात शव की सच्चाई को पीछे छोड़ दिया गया। पुलिस की संवेदनशीलता और तकनीकी सक्रियता सराहनीय साइबर सेल, सर्विलांस टीम और स्थानीय पुलिस की सजगता से सच्चाई सामने लाई गई।

झूठे भ्रम के बीच एक बेटी जिन्दा मिल गई ये बड़ी बात है। लेकिन अब अगली चुनौती है उस अनजान मृतका को पहचान देना और न्याय दिलाना। ये कहानी अधूरी है जब तक उस असली शव की पहचान न हो जाए, तब तक इंसाफ भी अधूरा है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को रोली चंदन लगाकर विद्यालय में किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में ग्रीष्मावकाश के उपरान्त जिले के परिषदीय विद्यालय मंगलवार को खुले। विद्यालय के वातावरण में हर्षोल्लास और स्वागत का भाव तथा बच्चों के मन में विद्यालय के प्रति लगाव उत्पन्न करने के लिए सभी बच्चों को रोली चंदन लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया।जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति पठन-पाठन आदि गतिविधियों में सक्रियता एवं रुचि विकसित करने का लक्ष्य है। इसी क्रम में मंझनपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बंधवा रजबर में खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने सुबह पहुंचकर विद्यालय में आ रहे बच्चों को रोली चंदन लगाकर बच्चों को माला पहनाकर व चाकलेट देकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम दत्त त्रिपाठी, शिक्षिका नीलम सिंह, केसकर सुशीला, मीना देवी, शालिनी, सपना देवी, रेनू देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर व नोडल अधिकारी बृजेश सिंह कम्पोजिट विद्यालय उमरा में बच्चों को रोली,चंदन लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। प्रार्थना सभा में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से छुट्टियों के दिनों का अनुभव पूछा।बच्चें उल्लास के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी से अपने अनुभव साझा कर



रहे थे।बच्चे भी ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालय आने पर काफी उत्साहित थे। नोडल अधिकारी बृजेश सिंह शिक्षा के महत्व को बताते हुए सभी बच्चों से नियमित विद्यालय आने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कान्त तिवारी, सहायक अध्यापक दिनेश कुमार यादव, ओम शंकर त्रिपाठी, रवि मिश्रा, अतुल कुमार प्रजापति, शिक्षा मित्र सतीश कुमार व शकुन्तला देवी उपस्थित रही।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में जनपद को मिली बड़ी सफलता

● गोंडा ई-गवर्नेंस में अग्रणी, प्रदेश में बनाई शीर्ष दस में जगह

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय ई-फाइलिंग में प्रदेश के टॉप टेन जिलों में शामिल

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। उत्तर प्रदेश सरकार के ई-गवर्नेंस प्रयासों को मजबूती प्रदान करते हुए जनपद गोंडा ने डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन के नेतृत्व में कार्य कर रहे सीडीओ कार्यालय ने ई-फाइलिंग प्रणाली में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के शीर्ष दस जनपदों में स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय कार्यालयों की श्रेणी में हासिल हुई है। जनपद गोंडा की यह उपलब्धि न केवल शासन स्तर पर डिजिटलीकरण की दिशा में मील का पत्थर है, अपितु पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना की ओर एक ठोस कदम भी है। यह पहल आम नागरिकों को तेज, दक्ष और भ्रष्टाचारमुक्त सेवाएं सुनिश्चित कराने में निर्णायक सिद्ध होगी।

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु उनके अधीनस्थ 74 कार्यालयों में ई-फाइलिंग की व्यवस्था पूर्णतः क्रियाशील हो चुकी है। इसके अंतर्गत 621 यूजर्स को प्रशिक्षण देकर डिजिटल कार्यप्रणाली से जोड़ा गया है। साथ ही जनपद के समस्त 16 विकास खंडों में भी यह प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि जिला विकास अधिकारी कार्यालय, एक्सईएन आरईडी कार्यालय एवं परियोजना निदेशक कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण इकाइयाँ इस पहल में अग्रणी रही हैं।जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एक 11 सदस्यीय तकनीकी समिति का गठन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के ई-फाइलिंग में दक्ष अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। यह समिति अन्य कार्यालयों को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है ताकि सभी इकाइयाँ डिजिटल रूपांतरण प्रक्रिया में सशक्त बन सकें।

**ई-ऑफिस प्रणाली के प्रमुख लाभ-**

- डिजिटलीकरण- सभी पत्राचार और फाइल संचालन अब डिजिटल रूप से संपन्न किया जा रहा है, जिससे कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।
- कागजरहित कार्यालय- पर्यावरण-संवेदनशील पहल के अंतर्गत कागज के उपयोग में कमी लाई जा रही है।
- प्रभावी निर्णय प्रणाली- फाइलों के डिजिटल हस्तांतरण से निर्णय लेने की प्रक्रिया तीव्र हुई है।
- सुरक्षा एवं भंडारण में सुविधा- डिजिटल फाइलें सुरक्षित रूप से संग्रहीत की जा रही हैं, जिससे दीर्घकालिक अभिलेखन संभव हो सका है।
- व्यवसायिक लागत में कमी- कागज, प्रिंटिंग एवं भौतिक स्थानांतरण की लागत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

**टॉप टेन में इन जिलों ने पाया है स्थान**

अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, रामपुर, हरदोई, एटा, वाराणसी, कासगंज, श्रावस्ती, कन्नौज, गोण्डा।





# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का कांग्रेसियों ने भव्य रूप में मनाया जन्मदिन

कौशाम्बी। जनपद के महिला गांव के निवासी कांग्रेस के हित में सदैव बात करने वाले कांग्रेस को जोड़ने वाले ब्राह्मण शिरोमणि राम यज्ञ द्विवेदी के जन्म दिवस पर आज कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ओसा चौराहा पर जन्मदिन मनाया और कहा कि हम सबके नेता मार्गदर्शक की भांति हमेशा कांग्रेस में प्रेरणा देकर ऊर्जा भरने वाले , जनपद में अलग ढंग से अलख जगाने वाले राम यज्ञ द्विवेदी के जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई हो और लम्बी आयु की कामना की इस मौके पर पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा भीमपाल सीताराम गुप्ता गोपाल पाल सचिन शुक्ला राजा भैया बरसाती लाल पांडा डॉक्टर आरके मिश्रा युगल किशोर त्रिपाठी सोनू त्रिपाठी सुनील तिवारी मोहित चतुर्वेदी प्रभात दुबे उमानाथ पाल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष कौशलेश द्विवेदी प्रकाश दुबे सुभाष सोनी आकाश पाल उमेश पाल , शिवकुमार यादव साहब यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद दुकानों पर रखी जा रही पैनी नजर- उपायुक्त



**पाकुड़, झारखंड**-पाकुड़ जिले में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार से उत्पाद दुकानों का स्टॉक सत्यापन तथा सामग्रियों के हैंडओवर व टेकओवर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिले में कुल 36 खुदरा उत्पाद दुकानें (देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट शराब दुकानें) संचालित हैं। इनके भंडार स्तर और प्रबंधन की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, एवं उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से इन दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने खुदरा दुकानों में उपलब्ध स्टॉक एवं अन्य सामग्रियों का बारीकी से सत्यापन किया और मौके पर उपस्थित दंडाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्टॉक सत्यापन और हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया को शीघ्र और सटीक रूप से पूर्ण करें। प्रशासन द्वारा की जा रही इस सक्रिय पहल का उद्देश्य उत्पाद नीति की पारदर्शिता बनाए रखना एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है।

### डॉक्टर्स डे पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी को किया गया सम्मानित



**बरही, हजारीबाग, झारखंड**- बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी को डॉक्टर्स डे के अवसर पर सम्मानित किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर और समाजसेवी नागेश्वर ठाकुर ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं, जो आपदा की घड़ी में अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसी विकट परिस्थिति में भी डॉ. ज्ञानी के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल ने बेहतर कार्य किया था और आमजन को सेवा प्रदान की थी। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि वे भविष्य में भी बरहीवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल, दोनों रेफर



**बरही, हजारीबाग, झारखंड**- बरही-धनबाद रोड पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान कुंती देवी पति खेमलाल भगत कोनरा निवासी के रूप में हुई है। वहीं बाइक सवार युवक की पहचान शिवम कुमार पिता कृष्णा कुमार पडरिया मलकोको निवासी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिस कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और यह दुर्घटना घट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सूचना पाकर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों को सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# मुहर्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**●जिला प्रशासन द्वारा शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड**- आगामी मुहर्रम पर्व-2025 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुहर्रम के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

**उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश**

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि मुहर्रम के दौरान जुलूस, ताजिया यात्रा और अन्य धार्मिक गतिविधियों के समय विधि-व्यवस्था संधारण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी समुदायों की धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करता है, लेकिन कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और फ्लैग मार्च जैसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**पुलिस अधीक्षक ने दी स्पष्ट चेतावनी**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि जिले में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकें करें और लोगों को सतर्क करें। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ सहयोग करें। बैठक में प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, सदर डीएसपी विजय कूशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।

**सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर**

बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के साथ-साथ आमजन एवं समुदाय के प्रबुद्ध जनों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक स्थानीय शांति समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि मुहर्रम जुलूस के मार्ग का भौतिक सत्यापन किया जाए और किसी भी प्रकार की बाधा को पहले ही दूर किया जाए। बिजली के तारों, सड़कों की मरम्मत, जलजमाव की स्थिति आदि पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**हेल्पलाइन नंबर और नियंत्रण कक्ष**

बैठक में यह भी तय किया गया कि जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष (Control Room) स्थापित किया जाएगा, जहां से पूरे जिले की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। आमजन किसी भी समस्या की सूचना हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से दे सकेंगे।

# लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को किया सम्मान



स्वतंत्र प्रभात

**मधुपुर, देवघर, झारखंड**- राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा शहर के चार प्रतिष्ठित चिकित्सकों और दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए व्यक्तित्वों में डॉ. देवानंद तिवारी, डॉ. एन.के. झा, डॉ. गुड़ाकेश, डॉ. पायल राय तथा सीए वैभव टेकरिवाला एवं सीए आशुतोष अग्रवाल शामिल रहे। क्लब के सदस्यों ने उनके क्लिनिक व ऑफिस जाकर मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। इसी क्रम में लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 के वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय शांति निकेतन परिसर में 5 पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया।

मौके पर लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज की रीढ़ हैं। उनका सेवा भाव, निष्ठा और समर्पण अनुकरणीय है। ऐसे समर्पित कर्मयोगियों का सम्मान करना क्लब के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में क्लब के सचिव लायन विजय आनंद लछिरामका, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सर्विस चेयरपर्सन लायन महेश बथवाल, तथा लायन सरफ़राज़ अहमद, लायन अटल चौरसिया, लायन संजीत झा, लायन विमल टेकरिवाला, लायन रूपेश मोदी, लायन राजेश तिवारी, लायन सुमन चौधरी सहित दर्ज़नों सदस्य उपस्थित रहे।

# डायरिया से बचाव हेतु जिंक एवं ओआरएस वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज झारखंड**- जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा आज सदर अस्पताल साहेबगंज में डायरिया से बचाव एवं जिंक और ओआरएस वितरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और आमजन को डायरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु जागरूक करना एवं समय पर उपचार हेतु आवश्यक साधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक जिंक एवं ओआरएस माह मनाया जाएगा। इस दौरान साहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी गांव-गांव और घर-घर जाकर ओआरएस घोल और जिंक की गोलियों का वितरण करेंगे तथा लोगों को इसके उपयोग की विधि और महत्व की जानकारी देंगे। उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डायरिया एक सामान्य लेकिन घातक बीमारी है, जिससे विशेषकर छोटे बच्चों में मृत्यु तक की संभावना हो सकती है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा या परिवार इस अभियान से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, अस्पताल के अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धार्मिक स्वतंत्रता के आलोक में प्रशासनिक नियमों के तहत् पर्व मनाएं, प्रशासन सहयोग के लिए तत्पर- बीडीओ पाकुड़िया



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया, पाकुड़ (झारखंड)**- पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में 1 जुलाई को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने की। इसका उद्देश्य इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा मनाए जाने वाले पर्व मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सामाजिक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना था। बैठक में थाना प्रभारी मनोज महतो, पुलिस पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि मोतीलाल हांसदा, मो. इस्लाम अंसारी, लाल मोहम्मद, जहांगीर अंसारी सहित विभिन्न गांवों से आए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। इसी आलोक में आप सभी मुहर्रम का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। प्रशासन सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर है। थाना प्रभारी मनोज महतो ने उपस्थित लोगों से कहा कि ताजिया जुलूस के संचालन हेतु स्थानीय समिति गठित की जाए, और इसका पूरा दायित्व समिति के सदस्यों का होगा। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई तक जुलूस संचालन हेतु फार्म भरकर जमा करें। 6 जुलाई को अपने-अपने गांवों से ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकालें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की अफवाह, तनाव या अराजकता फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई भ्रामक या आपत्तिजनक मैसेज प्राप्त हो, तो उसे आगे न बढ़ाएं बल्कि तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक में प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सिविल और पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सहयोग में तत्पर रहेगा और त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक सभी उपाय किए जाएंगे।

# मोहर्रम को लेकर पाकुड़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़, झारखंड**- आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर जिले के पाकुड़ थाना परिसर और हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना था। हिरणपुर थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने की, जबकि थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह की उपस्थिति रही। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। ताजिया जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन की ओर से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अफवाह फैलाने या अभद्र व्यवहार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अजीजुल इस्लाम, जावेद अंसारी, मोहनलाल भगत सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा के लिए नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़, झारखंड**- जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026 हेतु कक्षा 6 में नामांकन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 29 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत वे विद्यार्थी, जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच है, इस चयन परीक्षा के लिए पात्र हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इसके लिए छात्रों को अपने विद्यालय से अध्ययन प्रमाण पत्र लेकर सत्यापित कराना होगा, जिसे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://navodaya.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन सीएससी केंद्र या स्वयं के कंप्यूटर/मोबाइल से भरा जा सकता है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को सुबह 11:30 बजे जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# उत्पादन निगम में कई अभियंताओं के पदोन्नति के आदेश निर्गत

**●परियोजना के अधिकारीयों एवं विद्युत कर्मियों ने पदोन्नत अभियंताओं का किया स्वागत**



स्वतंत्र प्रभात

**अनपरा सोनभद्र।** सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में कार्यरत कई अभियंताओं के मुख्य अभियंता स्तर-1,मुख्य अभियंता स्तर-2 तथा अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं।प्रबंध निदेशक द्वारा जारी आदेश के तहत मुख्य अभियंता स्तर -1 के पद पर इं आरएन श्रीवास्तव,मुख्य अभियंता स्तर-2 के पद पर इं बीपी अग्रवाल, इं अनीश कपूर तथा इं प्रशांत त्रिपाठी,अधीक्षण अभियंता के पद पर इं संदीप कुमार रजक, इं आशीष कुमार कुरील तथा इं सूर्य प्रकाश पदोन्नत किए गए हैं।अनपरा अ तापीय परियोजना मे अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत इं प्रशांत त्रिपाठी को पदोन्नति उपरांत महाप्रबंधक अनपरा द तापीय परियोजना तथा अधिशाषी अभियंता के पद पर कार्यरत इं संदीप कुमार रजक को पदोन्नति उपरांत अधीक्षण अभियंता-चतुर्थ अ तापीय परियोजना बनाए जाने पर परियोजना के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दिया।वहीं पनकी तापीय परियोजना पर कार्यरत इं जीके मिश्रा,मुख्य अभियंता स्तर -1 के सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप महाप्रबंध द तापीय परियोजना अनपरा इं विजय बहादुर को पनकी का परियोजना प्रमुख तथा महाप्रबंधक ब तापीय परियोजना ओबरा को हरदुआगंज के परियोजना प्रमुख की नयी जिम्मेदारी दी गई है।इस दौरान अधीक्षण अभियंता इं चंद विजय, इं वीके सिंह, इं प्रमोद कुमार, इं अजय अग्रवाल, इं एसके रजक,अधिशासी अभियंता इं मनोज यादव,इं अदालत वर्मा,इं संदीप चौहान, इं आरके सिंह,इं भरत यादव,इं विकाश श्रीवास्तव,इं अशोक कुमार, इं मृदुरंजन श्रीवास्तव,इं विष्णु देव झा,प्रशांत उपाध्याय,सुजीत सोनी,मनोज कुमार, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# माँ की हत्या का फरार आरोपी 25 हजार का इनामी खेदू भुइया गिरफ्तार ओबरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा, सोनभद्र।** लगभग डेढ़ साल पहले अपनी सगी माँ की हत्या कर फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी खेदू भुइया को ओबरा पुलिस ने आज 1 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी सोनभद्र पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। यह मामला 7 अप्रैल 2024 का है, जब ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली रेलवे स्टेशन के पास खेदू भुइया (पुत्र स्वर्गीय लोटन भुइया, निवासी पाण्डेयपुर, थाना पाटन, जिला पलामू, झारखंड) ने घरेलू विवाद के चलते अपनी माँ श्रीमती पुचिया देवी (उम्र करीब 54 वर्ष) की हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में मृतका की बहू श्रीमती सुमन देवी ने ओबरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या- 59/2024 धारा 304 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सघन प्रयास किए। गिरफ्तारी न होने पर अभियुक्त के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई और न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया गया। इसके बावजूद, खेदू भुइया लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र महोदय द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीना द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ओबरा पुलिस लगातार प्रयासरत थी।आज 1 जुलाई 2025 को, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए, फरार और पुरस्कार घोषित अभियुक्त खेदू भुइया (उम्र करीब 32 वर्ष) को बिल्ली रेलवे स्टेशन के पास उसकी भाभी के घर से सुबह 08ः15 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, अभियुक्त को माननीय न्यायालय में रिमांड हेतु भेजा गया।

# ओबरा की चूड़ी गली में नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप घटिया सामग्री का इस्तेमाल



स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा, सोनभद्र।** नगर पंचायत ओबरा के चूड़ी गली, वार्ड नंबर 11 में बन रही नाली के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप सामने आया है। स्थानीय निवासियों और सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्य में ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं, जबकि नगर पंचायत के अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं।रिपोर्टों के मुताबिक, चूड़ी गली में नाली निर्माण के लिए घटिया गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस तरह की सामग्री के इस्तेमाल से बनी नाली की उम्र कम होने और जल्द खराब होने की आशंका है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और जनता को समस्या का सामना करना पड़ेगा। ठेकेदार खुलेआम निर्माण मानकों की अनदेखी कर रहे हैं और गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं।सबसे चिंताजनक बात यह है कि नगर पंचायत के अधिकारी, जिन पर विकास कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है, वे अपने दफ्तरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं। विकास कार्यों की निगरानी के लिए नियुक्त सुपरवाइजरों को साइट पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करनी होती है, लेकिन आरोप है कि कोई भी सुपरवाइजर मौके पर नहीं जाता। अधिकारियों की इस उदासीनता के कारण ठेकेदारों को खुली छूट मिल गई है, और वे अपनी मनमर्जी से धांधली कर रहे हैं। यह स्थिति नगर पंचायत ओबरा के विकास कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। जनता के पैसे से हो रहे इन विकास कार्यों में अगर इस तरह की धांधली होती रही, तो इसका सीधा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले का तुरंत संज्ञान लेने और दोषी ठेकेदार के साथ-साथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि जमीनी स्तर पर निगरानी और जवाबदेही की कमी के कारण कैसे सरकारी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार जड़ें जमा लेता है। उम्मीद है कि इस समाचार के बाद अधिकारी सक्रिय होंगे और चूड़ी गली के नाली निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पौधारोपण के साथ प्रारंभ हुआ शांति शिक्षण संस्थान का नवीन सत्र




**जौनपुर खुटहन।** क्षेत्र के इमामपुर स्थित शांति शिक्षण संस्थान शिशु एवं बालिका विद्यालय इमामपुर खुटहन जौनपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन व पौधारोपण के साथ किया गया। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना कर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुजीत वर्मा एडवोकेट ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "माँ सरस्वती शिक्षा की देवी हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन उनकी आराधना करनी चाहिए, जिससे जीवन में सद्बुद्धि, ज्ञान और सफलता प्राप्त हो सके।" और मां के नाम एक-एक पौधारोपण करके जीवन भर पौधा को सुरक्षित रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक छेदीलाल वर्मा सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार, व्यवस्थापक रामहित प्रजापति ,प्रधानाचार्य मनोज यादव, अध्यापक गण मोहम्मद मुर्तजा, सूर्यभान, कमलेश यादव, अध्यापिका दीपाली सोनी ,गुंजन पाण्डेय ,नेहा चौरसिया, रीना मौर्य ,कुमारी नेहा ने किया। शुभारंभ दिवस पर विद्यालय परिसर में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण का भावपूर्ण संचार देखने को मिला।

### जमीनी विवाद में जमकर मारपीट, आधा दर्जन घायल, एक की हालत गंभीर

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र का रनिहवा ऊर्फ चिरइगोड़ा टोला मंगलवार को लगभग 10 बजे उसे समय दहल उठा जब जमीनी विवाद में यादव व प्रजापति परिवार के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। भीषण मारपीट में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में सत्यनारायण यादव पुत्र जयनाथ यादव, सत्येंद्र प्रजापति पुत्र बेचन प्रजापति, संतोष प्रजापति पुत्र योगेंद्र प्रजापति, विमलेश पुत्र मिश्रीलाल, पूनम और मुन्नी देवी पत्नी मिश्रीलाल शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने समझा बूझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया और तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात की। मारपीट गाटा संख्या 1101 में पानी चलाने को लेकर हुआ। हालांकि योगेंद्र प्रजापति ने उस जमीन को अपना बताया। योगेंद्र प्रजापति ने जमीन के विवाद को लेकर बीते 25 जून को जिलाधिकारी देवरिया और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भी पत्र लिखकर मामला सुलझाने की मांग की थी। जिसमें गांव के यादव परिवार को दोषी ठहराया गया था। समय रहते पुलिस ने यदि योगेंद्र प्रजापति की बात सुन ली होती तो शायद आज होने वाली बड़ी घटना टल सकती थी। इस संबंध में सीओ हरिराम व कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### पौधरोपण से ही पर्यावरण व जीवन बचाया जा सकता है- रोशनलाल उमरवैश्य



**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण और पौधवितरण का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल ने कहा कि क्लब गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण पौधवितरण अभियान चलाएगा। क्लब के पदाधिकारी पूरे बरसात भर पर्यावरण को बचाने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर जनमानस को एक पौध मां के नाम रोपित करने व जन्म देने वाली माता को अपने बच्चों के नाम पौधरोपण करने के लिए प्रेरित कर पौधरोपित कराएगा। पर्यावरण से नाता जोड़ बीमारियों को भगाया जा सकता है। पौधरोपण कर अपने बच्चों की भांति इसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की कृपा करें। इस अभियान में डॉ0 दयाराम मौर्य, शनि महाराज, राजेश सिंह, विनय श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, राजीव कुमार आर्य, अमन, देवानंद, संतोष कुमार, छेदीलाल, आदर्श कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, ज्योति, मेघा, सुधा अग्रवाल आदि अभियान में शामिल है।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर मजदूरों का जीवन बचाने का लिया संकल्प

● मजदूरों के लिए निःशुल्क जाँच व चिकित्सा शिविर आयोजित

**डाक्टरों ने उपचार के साथ बीमारी से बचने के तरीके भी बताए**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** समाजवादी मजदूर सभा ने पीडीए के महानायक, सामाजिक न्याय के योद्धा और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52 वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए मजदूरों के लिए निःशुल्क जाँच व चिकित्सा शिविर आयोजित कर उनकी जांच और उपचार कराया तथा उनको विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया । समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जौनपुर शहर शाहगंज पड़ाव के पास लेबर चौराहा पर आयोजित शिविर में डॉक्टरों टीम ने मजदूरों की विभिन्न परेशानी सुनीं। उनकी जांच शुरू की और दवाएं उपलब्ध कराई। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आलोक यादव, डा. नरेन्द्र यादव, डा. पूजा यादव, डा. बीके यादव, डॉ. मो0 आसिम राईन सहित अन्य डॉक्टरों ने मजदूरों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए। उन्हें समझाया कि अपनी दिनचर्या के बीच कैसे खुद को स्वास्थ्य रखें जिन मजदूरों ने जोड़ों में दर्द, कंधे में खिंचाव, सिर में अक्सर होने वाले दर्द सहित अन्य समस्याएं बताई उन्हें उपचार और एक्सरसाइज बताया गया।

शिविर का शुभारंभ करते हुए समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने कहा कि पीडीए की सेवा करने का जज्बा हमें विरासत में मिला है। हमारी कोशिश है कि इस जज्बे को कायम रखें। हमारे परिवार की परंपरा है कि हम किसी को दुखी नहीं देख सकते हैं। हमारे आराध्य नेता पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री अखिलेश यादव जी यही भी चाहते हैं कि प्रदेश का हर नागरिक खुशहाल हो। इसी वजह से उनके जन्मदिन पर जश्न मनाने के बजाय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जब हमारा मजदूर खुश होगा। पीड़ा रहित होगा तभी



प्रदेश और देश में खुशहाली आएगी। अमीर और सुविधा संपन्न लोग निजी कारपोरेट अस्पताल में उपचार करा सकते हैं लेकिन रोज कमाने खाने वालों के लिए यह संभव नहीं है। यही वजह है कि हम डॉक्टरों की टीम लेकर खुद मजदूरों के पास पहुंचे हैं ताकि उनका दर्द दूर कर सकें कार्यक्रम का संचालन मंजय कन्नौजिया और अध्यक्षता मनोज कुमार शर्मा ने किया। साहब लाल गौतम, विशाल कन्नौजिया, मोश्‍ जावेद, अवधेश शर्मा, रमाशंकर चौहान

**डाक्टरों का हुआ सम्मान**


और अन्त में चिकित्सक दिवस पर मजदूरों का उपचार करने वाले डॉक्टरों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई साथ ही उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आलोक यादव, डा. नरेन्द्र यादव, डा. पूजा यादव, डा. बीके यादव, डॉ. मो0 आसिम राईन सहित अन्य डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर जिस तरह से मरीजों की सेवा हुई है। वह यादगार है। जौनपुर ही नहीं पूरे प्रदेश में यह अपने आप में अलग तरह का कार्यक्रम है। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की कि गरीब मजदूरों की सेवा के लिए तत्पर रहें। उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने में अपना योगदान दें। यही असली समाजवाद है। हम समाजवादी लोग हर वर्ग व समाज को खुशहाल बनाने की मुहिम पर निकले हैं। यह मुहिम डॉक्टरों की मदद से अंजाम तक पहुंचेगी।

## 25 साल पुराने हत्या के मामले में बीजेपी नेता समेत दो को आजीवन कारावास

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रणजीत कुमार की अदालत ने बहुचर्चित जनार्दन सिंह हत्याकांड में सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय सिंह विद्यार्थी व प्रमोद कुमार सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 25 वर्ष पूर्व 3 अक्टूबर 2000 को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार का है। वादी अनिरुद्ध सिंह निवासी उड़ली सरायख्वाजा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके भाई जनार्दन सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

घटना से चार दिन पूर्व वादी का भतीजा देवेंद्र सिंह बाजार गया था, जहां सोनिकपुर निवासी अजय कुमार ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसके काम में किसी ने दखल दिया, तो गोली मार दी जाएगी। इस पर वादी ने एक पंचायत बुलाई, जिसकी जानकारी अजय समेत विजय सिंह विद्यार्थी को हो गई। इस पर वे लोग नाराज़ हो गए। वारदात वाले दिन वादी का भाई जनार्दन सिंह और भतीजा देवेंद्र जब इटौरी बाजार से लौट रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों से अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह (पुत्रगण तिलकधारी सिंह निवासी सोनिकपुर) तथा प्रमोद कुमार सिंह



(पुत्र सूबेदार सिंह, निवासी सरायख्वाजा) पहुंचे। विजय और प्रमोद ने जनार्दन को पकड़ लिया और ललकारते हुए कहा, "आज इसे जान से खत्म कर दो।" इसके बाद अजय ने फायरिंग कर दी, जिससे जनार्दन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

गोली चलने की आवाज पर वादी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने चेतावनी दी कि जो पास आएगा, उसे भी गोली मार देंगे। बाद में सभी आरोपी एक ही मोटरसाइकिल से भाग निकले। दूसरी बाइक घटनास्थल पर ही छूट गई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। सरकारी वकील अरुण कुमार ने प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों के माध्यम से आरोपियों की भूमिका अदालत में स्पष्ट की। दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद न्यायालय ने विजय सिंह विद्यार्थी और प्रमोद कुमार सिंह को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## किसान मोर्चा ने किया पौधरोपण

**देवरिया।** किसान मोर्चा भाजपा द्वारा शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज, देवरिया के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक महत्वपूर्ण अभियान है, जो पर्यावरण और मानव कल्याण के लिए आवश्यक है, अधिक से अधिक लोगो को इस अभियान में शामिल होकर अपने आस-पास खाली जगह पर रिश्तों से जोड़कर पौधरोपण करके उनका संरक्षण करना चाहिए। कहा कि जनपद के सभी बूथों पर किसान मोर्चा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पेड़ हमें छाया प्रदान करने के साथ तापमान को कम करके वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, जिससे व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र, उप प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद, पुनीत सिंह अमेठीया, अरुण मिश्र, गोविंद मणि, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र कुमार सिंह, गोविंद, चंद्रशेखर, हरिशंकर आदि उपस्थित रहे।

## पीयू में प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन आवेदन 02 जुलाई तक

●समर्थ पोर्टल के माध्यम से करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 02 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह ने दी। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि शोध गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना है, जिससे विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

विश्वविद्यालय परिसर में कुल छह संकाय – विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान, विधि, अभियांत्रिकी, फार्मेसी एवं व्यवसाय प्रबंधन – के अंतर्गत स्नातक,




स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम संचालित हैं। साथ ही रज्जू भैया संस्थान में भी शिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रो. सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा जुलाई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान इसकी अत्याधुनिक सुविधाओं में निहित है, जिसमें उच्च स्तरीय प्रयोगशालाएं, समृद्ध केंद्रीय पुस्तकालय, वाई-फाई युक्त परिसर, इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम तथा छात्रावास की सुविधाएं सम्मिलित हैं। यह सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाजनों ने किया वृक्षारोपण, 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

● कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने की, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मंगलवार को नगर के होटल रिवर व्यू में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में केक काटा गया और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा, "यह दिन हम सबके लिए बेहद खास है। अखिलेश यादव जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज की आवाज हैं। आइए आज हम संकल्प लें कि 2027 में उन्हें उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे और पीडीए सरकार की स्थापना करेंगे।"जन्मदिन समारोह में विधायक तूफानी सरोज, विधायक डॉ. रागिनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी और उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं सपा कार्यकर्ताओं ने गौरव शिक्षण संस्थान और प्राथमिक विद्यालय बहोरा (विकास खंड धर्मापुर) में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जन्मदिन समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व राज्यमंत्री संगीता यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, डा. सभाजीत यादव, रमापति यादव, राजेश यादव, सैयद आरिफ, कलीम अहमद, पूनम मौर्य, श्यामबहादुर पाल, राजेंद्र यादव, डॉ. सरफराज़, हीरालाल विश्वकर्मा, आलोक त्रिपाठी लकी, रत्नाकर चौबे, लाल मोहम्मद राईनी, श्रवण जायसवाल, संजीव साहू, रुखसार अहमद, कपिलदेव यादव, महावीर यादव, डॉ. अमित यादव, सोनी यादव, अनिल यादव, नंदलाल यादव, धर्मेंद्र सोनकर, पवन मंडल, कमालुद्दीन अंसारी, अरविंद यादव, गौरव यादव, धर्मेंद्र यादव, प्रमोद जायसवाल, राम अभिलाष यादव, मुन्ना यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जोश और उत्साह के साथ आगामी चुनावों में पार्टी की मजबूती का संकल्प लेते हुए किया गया।

## वृक्षारोपण करना जीवन में तीर्थ करने के समान है - शैलेश बहादुर सिंह

● हर युवा एक पेड़ मां के नाम से लगाए - तामीर हसन शीबू

**मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का संबोधन**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनपद में लगातार सामाजिक संगठनों द्वारा जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी क्रम में बक्सा थाना क्षेत्र के लखउवा बाजार स्थित एस.एन. कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश संरक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, " वृक्षारोपण करना जीवन में तीर्थ करने के समान है। ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज और प्रकृति दोनों के लिए एक नेक पहल है। हमें हर अवसर पर पेड़ लगाने की परंपरा को अपनाना चाहिए, ताकि अगली



पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।"

हर युवा एक पेड़ मां के नाम से लगाए - तामीर हसन शीबू राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जौनपुर के जिलाध्यक्ष का प्रेरणादायक आह्वान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जौनपुर इकाई के जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने कहा,कि मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा एस.एन. कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित यह वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पुनीत कार्य है। देश के हर नवयुवक को चाहिए कि वह अपनी मां के नाम से कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए। यही सच्ची सेवा और सच्चा सम्मान है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं और सामूहिक रूप से वृक्षारोपण को आंदोलन में बदलें। एस.एन. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रबंधक संतोष कुमार अग्रहरि ने भी वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे तीर्थ समान बताया।ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार गौतम, शशिकांत मौर्य, अनवर हुसैन, अमित तिवारी, मो. अल्ताफ, शाहिद खान , विनय कुमार, अनिकेत शर्मा, संतोष शर्मा, ओमप्रकाश सिंह सहित दर्जनों समाजसेवी, पत्रकार, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ट्रस्ट ने बताया कि यह अभियान आगे भी जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर जारी रहेगा।

## मृतक लालजी गौतम और पुत्र गुड्डू गौतम को सपा प्रमुख अखिलेश यादव की आर्थिक मदद, जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने 2 लाख का सौंपा चेक

● दलित समाज के तिहरे हत्याकांड के परिवार के साथ है पार्टी -राकेश मौय

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद के चर्चित दलित समाज के तिहरे हत्याकांड पर पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को भेजकर घटना की जानकारी ली थी। आज समाजवादी पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के माध्यम से पीड़ित परिवार के स्व.लालजी गौतम की पत्नी प्रभावती एवं स्व. गुड्डू गौतम की पत्नी सरिता राव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर, कांध विकास खंड धर्मापुर विधानसभा क्षेत्र ज़फराबाद के नाम चेक के माध्यम से दो लाख की आर्थिक मदद भेजा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित दलित परिवार के लिए छोटी सी मदद भेजी है भविष्य में भी समाजवादी पार्टी इस पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद करने का काम समाजवादी पार्टी करेगी।

सरकार बनने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देकर परिवार के दुख बांटने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में सांसद सुश्री प्रिया सरोज पूर्व विधायक श्रीमती श्रद्धा यादव, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीमती संगीता यादव, डॉ अवधनाथ पाल, ज़िला महासचिव आरिफ हबीब, ज़िला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, डॉ सरफराज़ खान, गुलाब यादव, कपिल यादव, रत्नाकर चौबे, विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, निज़ामुद्दीन अंसारी, तौफीक अंसारी, प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव, घनश्याम यादव, रमाशंकर, जयहिंद यादव प्रधान, वीरू यादव, आदि सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

## मनरेगा कार्य में सरकार की नई नीति का प्रधानों ने किया विरोध

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में मंगलवार को प्रधानों ने मनरेगा कार्य में सरकार की नई नीति को लेकर विरोध जताया। प्रधानों ने मांग उठाई कि मनरेगा मजदूरी को बढ़ाया जाय। वहीं मनरेगा कार्य में चौकीदारी ह्यके विरोध को लेकर भी आवाज बुलन्द की।प्रधानों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नही की जाएगी मनरेगा कार्य बंद रहेगा। इस मौके पर दिलीप पांडेय, आशीष सिंह, राजेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश यादव, चंद्रपाल, राकेश सिंह, गुलाम मोहम्मद, जमुना पांडेय, रमाशंकर, प्रधान प्रतिनिधि अशोक पांडेय, किशोरी लाल, आशुतोष सिंह, लालजी, प्रधान प्रतिनिधि अजय निर्मल, रावेंद्र प्रताप सिंह गब्बर, पिंटू जायसवाल, रामलखन, धीरज सिंह, रविशंकर शुक्ल, प्रमोद सिंह आदि रहे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पत्रकार की माफी का वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** मडियाहूं एक संगठन के तहसील अध्यक्ष एवं एक न्यूज़ के संपादक अधिवक्ता का एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ब्राह्मण समाज की एक महिला को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया, जिससे समाज में आक्रोश फैल गया। विवाद बढ़ने पर रामपुर थाना प्रभारी, पुलिस टीम और दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोगों की उपस्थिति में तहसील अध्यक्ष ने हाथ जोड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। यह माफी मांगते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। ब्राह्मण समाज ने पत्रकार



की टिप्पणी को निंदनीय बताया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, पत्रकार द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जाने को कुछ लोगों ने संतोषजनक समाधान बताया, जबकि कई लोग इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। यह घटना न सिर्फ पत्रकारिता की मर्यादा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि सोशल मीडिया के जिम्मेदार इस्तेमाल की भी पुनः याद दिलाती है। पत्रकार के साथ हुए इस कृत्य पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जौनपुर इकाई ने कड़ी निंदा जताई है।

## पाकड़ पीपल बरगद वृक्ष ब्रह्मा विष्णु महेश के समान- पप्पू पांडेय

● - महिलाओं ने की हरिशंकरी पौध का वृक्षारोपण, भाजपा नेता पप्पू पांडेय ने दिलाया वृक्ष सुरक्षा का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात




**कुशीनगर।** जिले के पडरौना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा मठिया में मंगलवार को हरिशंकरी अभियान के तहत आगामी 9 जुलाई को होने वाले बृहद वृक्षा रोपण अभियान के तहत एक आवश्यक बैठक किया गया, जो जिलाधिकारी कुशीनगर के निर्देशन में एवं जिला संयोजक आर. के. सिंह तथा जिला सह संयोजक पप्पू पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सैकड़ो महिलाओं ने एक स्वर में हरिशंकरी वृक्ष को लगाकर अपने पुत्र के रूप सेवा करने का संकल्प लिया। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए पप्पू पाण्डेय ने कहा कि 9 जुलाई को पुरे जनपद में वृहद वृक्षारोपण किया जाना है, जिसमें 3 वृक्ष लगाने हैं पाकड़, पीपल, बरगद जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश के प्रतिक हैं, तीनों वृक्ष हमारे गांव के जलस्तर को बढ़ाएंगे हमको शुद्ध आक्सीजन प्रदान करेंगे वही गांव में बड़े बुजुर्ग चबूतरे के नीचे बैठकर अपना चौपाल लगाने का कार्य करेंगे, जिसको त्रिभुजा आकार 1:1:1 के व्यास में लगाना है, जिससे सहमत उपस्थित सभी महिलाओं एक स्वर में हरिशंकरी वृक्ष को लगाकर अपने पुत्र के रूप में सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा की महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नूतन दुबे, प्रदीप गुप्ता, कंचन मिश्रा, पुष्पा देवी, रंजन चौहान, पुनीता देवी, हेमलता देवी, चंदा देवी, आर्मी खातून, पूजा पटेल, रोशन तारा, श्वेता कुशवाहा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हैण्डपम्प की मरम्मत न होने की डीएम से हुई शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के कौडियाडीह में कई माह से खराब पड़े हैण्डपम्प की मरम्मत न होने को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। गांव निवासी नारायण दत्त शुक्ल ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव में सार्वजनिक स्थान पर लगा हैण्डपम्प कई माह से खराब है। इस हैण्डपम्प से करीब दस परिवार के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध होता है। हैण्डपम्प खराब होने से लोगों को पीने के पानी के लिए खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार पंचायत सेक्रेटरी व प्रधान से की गयी लेकिन शिकायत को अनसुना कर दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने जनहित में जिलाधिकारी से शीघ्र ही समस्या के निदान की मांग की है।

### पुलिस पिकेट के बगल मे हुई चोरी,सोती रही पुलिस



**लहरपुर सीतापुर** – खाकी को धता बताते हुए लहरपुर सीतापुर व बिसवां तिराहे पर बने मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस पिकेट होने के बावजूद भी चोरों ने बीती रात को तांडव मचाते हुए लाखों रुपए के समान पर हाथ फेर दिया। बताते चले कि नसीम पुत्र शकील निवासीं मोहल्ला ठठेरी टोला की दुकान लहरपुर गेट पर स्थित है जो कि रोज की तरह रात के बारह बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था लेकिन रात कुछ अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर लगभग एक लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। दुकान की खिड़की को उसी तरह बंद कर ताले को धागे के सहारे लटका दिया गया। गौरतलब है कि उक्त दुकान से 50मीटर की दूरी पर पुलिस की पिकेट लगती हैं जहां एक तरफ तो पुलिस कर्मियों की पूरी रात तैनाती रहती है वहीं दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस पूरी रात गश्त किए जाने का दावा भी करती है इसके बावजूद भी नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर लाखों रुपए की चोरी हो जाना पुलिस गश्त और पिकेट कर्मियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लहरपुर नगर के लोगों के द्वारा यह भी बताया गया कि स्थानीय पुलिस रात्रि गश्त पहले की तरह नहीं करती, केवल नगर के प्रमुख मार्गों पर हूटर बजाता हुआ पुलिस वाहन रात को एक दो बार दौड़ा दिया जाता है। केसरी गंज चौराहा हो, चाहे लहरपुर का मुख्य गेट हो, इन पर तैनात पिकेट पुलिसकर्मी दिन हो या आधी रात उधर से गुजर रही लकड़ी और बालू की ट्रालियों से महज वसूली में मशगूल नजर आते है दिलचस्प पहलू ये है कि अभी हाल ही में नवागत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने चौकीदारों की व्यवस्था को लेकर नए निर्देश भी दिए थे लेकिन इसके बावजूद पिकेट कर्मी और गश्त में लगे पुलिस कर्मियों की कार्यशैली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। भुक्तभोगी नसीम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना के संबंध में अवगत कराया है वही लहरपुर पुलिस भी जांच कर कार्यवाही करने की बात कह रही है।

### गोवर्धन पूजा से नष्ट होते हैं पापः माधव शरण शास्त्री



**मथुरा।** गोवर्धन महाराज की पूजा करने से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते है। ये विचार रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ से माधव व्यास जी ने गोवर्धन पूजा का महत्व समझाते हुए कहे। आज भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुवार को भंडारे प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्रीय लोगो ने कथा पंडाल में व्यास पीठ का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर समाजसेवी भूपेश अग्रवाल मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर सभासद सरवन अहमद बबलू चौबे अंकुर देवा प्रधान कालीचरन अग्रवाल पुनीत चौबे सचिन अग्रवाल योगेश भट्ट पवन अग्रवाल काव्यांश शर्मा निक्की कंसल आदि मौजूद रहे।

## डॉक्टर्स डे पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**●आईएमए कानपुर शाखा में लगा वृहद रक्तदान शिविर**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर द्वारा, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के पावन अवसर पर, आज एक दिवसीय सामाजिक, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र के प्रति समर्पण दिखाने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करना और समाज में स्वास्थ्य एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। भारत में "डॉक्टर्स ड" हर साल 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक, शिक्षाविद् और समाजसेवी, डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जिनका जन्म और निधन दोनों ही 1 जुलाई को हुआ था। वे भारत के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सकों में से एक थे और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे।

उन्हें चिकित्सा एवं सार्वजनिक सेवा में अतुलनीय योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। डॉ. रॉय ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक नई दिशा दी और चिकित्सा को समाज सेवा से जोड़ने का कार्य किया। उनके जीवन और कार्यों को श्रद्धांजलि देने हेतु भारत सरकार द्वारा 1991 से हर वर्ष 1 जुलाई को "राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस" के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की गई। "डॉक्टर्स डे" पर आई.एम.ए. कानपुर शाखा द्वारा, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जो इस प्रकार रहे। प्रथम रक्तदान शिविर (प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक)- आई.एम.ए. परिसर में, आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन, आई.एम.ए. कानपुर की अध्यक्ष, डॉ. नंदिनी रस्तोगी, द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री नरेंद्र शर्मा, निदेशक - तिरंगा अगरबत्ती, ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि "चिकित्सक न केवल जीवन रक्षक होते हैं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले भी हैं। रक्तदान उनके द्वारा दिए जाने वाले उपहारों में से एक अहम प्रेरणा है।

### 151 कुण्डीय विराट महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए बनी रूपरेखा

**चित्रकूट-** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा सदर तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर में महिला मण्डल की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 151 कुण्डीय विराट महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए चर्चा की गई। संगोष्ठी में गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित किया जा रहा 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ समग्र विज्ञान है। यह यज्ञ कामनाओं की पूर्ति, देवताओ की कृपा और आरोग्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। बताया कि चित्रकूट में 1994 में 1551 कुण्डीय यज्ञशाला में विराट अश्वमेध महायज्ञ हुआ था। जिसके प्रभाव से चित्रकूट में 25 लाख लोग देश भर से आए और चित्रकूट का विकास हुआ। बताया कि चित्रकूट में एक बार फिर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के निर्देशन में विराट 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में सभी जाति-वर्ग के लोग देश भर से आयेंगे। जिसके लिए गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य सभी को आमंत्रण देने के लिए घरों में सम्पर्क करेंगे। इस मौके पर गायत्री तिवारी, ममता द्विवेदी, ममता मिश्रा, विजय लक्ष्मी निगम, सविता तिवारी सहित गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## आरटीओ कानपुर द्वारा स्कूली वाहनों की चैकिंग 10 के चालान किए






**● सघन चेकिंग अभियान 15 जुलाई तक रहेगा जारी**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार स्कूली वाहनों के विरुद्ध दिनांक 1 जुलाई से 15 जुलाई तक तक चलने वाले अभियान में आज जनपद में 92 वाहनों को चेक किया गया जिसमें से 10 वाहनों का चालान एवं 2 वाहन निरुद्ध किए गए। इससे पूर्व आरटीओ कानपुर ने सभी स्कूलों को आगाह किया था कि वे अपने वाहनों की फिटनेस करा लें अन्यथा वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पिछले साल स्कूली वाहनों के कई हादसे हुए थे जिसमें तमाम बच्चे घायल हो गए थे। इस बार मुख्यमंत्री के आदेशानुसार परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन में सभी आरटीओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे फिटनेस मे किसी प्रकार की ढिलाई न वरते जो वाहन चलने लायक नहीं हैं उनको निरुद्ध करें। जिनकी फिटनेस नहीं है उनके विरुद्ध कार्रवाई करे। इसी क्रम में आज आरटीओ विभाग के तमाम अधिकारियों ने सड़कों पर लगातार वाहनों की चैकिंग की और कार्रवाई की।92 वाहनों को चैक करते हुए 10 वाहनों का चालान किया गया तथा दो वाहन निरुद्ध किये गये। चैकिंग का यह क्रम आज स्कूल के खुलने से 15 दिन तक जारी रहेगा।

## धोखाधड़ी मामले में अदालत से भगोड़ा घोषित कानपुर के अनिल बाली की तलाश तेज

**● एक माह के भीतर हाजिर न होने पर की जाएगी 209 की कार्रवाई**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** लगातार समन वारंट के बाद भी पेश नहीं होने पर अभियुक्त अनिल कुमार बाली को यहां के न्यायिक मजिस्ट्रेट, चतुर्थ की अदालत ने फरार घोषित कर दिया है। यह मामला यहां के गोविंद नगर थाना क्षेत्र से संबंधित है ,जहां अनिल कुमार वाली पुत्र स्व. राजेन्द्र बाली निवासी-10/4, लेबर कालोनी, दादा नगर के खिलाफ 158/22, धारा-406/ 420/467 /468/471/120बी आईपीसी में दर्ज मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट, चतुर्थ की अदालत में विचाराधीन है। इस मुकदमे की विवेचक दादा नगर चौकी प्रभारी गीता सिंह ने बताया कि लगातार सम्मन वारंट के बाद भी पेश नहीं होने की वजह से न्यायालय ने अभियुक्त अनिल कुमार वाली पुत्र स्व.राजेन्द्र बाली निवासी-10/4, लेबर कालोनी, दादा नगर को भगोड़ा यानी फरार घोषित किया है।

विवेचक चौकी प्रभारी गीता सिंह ने बताया कि गत 26 जून को अभियुक्त अनिल कुमार बाली के खिलाफ मु0अ0सं0-158/22, धारा-406/ 420/ .467/468/471/120 बी आई पी सी के मामले में धारा 82 की उद्घोषणा आदेश के 01 माह के भीतर न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं होने पर उसके खिलाफ अब धारा 209 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। फिलहाल इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई वाली यहां की गोविंद नगर पुलिस भी अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए अभियुक्त अनिल कुमार बाली की तलाश में लगातार जुटी हुई है।

### जिला मजिस्ट्रेट ने 03 गुण्डों को किया जिला बदर एवं 01 व्यक्ति के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है। ऐसे 03 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना फतनपुर ग्राम रामापुर के कमलेश पाल पुत्र मनीलाल उर्फ मनीराम पाल, थाना मानिकपुर ग्राम ममरखापुर मिरगढ़वा के बब्लू उर्फ शेरा पुत्र स्व0 इकबाल तथा थाना आसपुर देवसरा ग्राम इब्राहिमपुर के शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिवा सिंह पुत्र संजय सिंह को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 01 व्यक्ति थाना महेशगंज ग्राम चकरा ऐंधा के संदीप कुमार सिंह पुत्र स्व0 रामकरन सिंह के शस्त्र लाइसेंस डीबीबीएल गन को निरस्त कर दिया है।

## हास्पिटल सीएमओ मनोनीत होने पर डा. यू. सी. शुक्ला को समाजसेवी ने दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात



**कमरौली अमेठी।** इण्डोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर मे कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक डा यू.सी.शुक्ला जो कि चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं को हास्पिटल प्रशासन ने हास्पिटल का सीएमओ मनोनीत किया है। उक्त खबर सुनकर सामाजिक कार्यो मे अग्रणी संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक ग्राम पंचायत भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने इण्डोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर पहुंचकर डा यू सी शुक्ला से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं हास्पिटल सीएमओ मनोनीत होने पर उन्हे बतौर संस्था प्रबंधक अंगवस्त्र भेंटकर शुभकामनाएं दी और कहा कि डा यू सी शुक्ला संस्था का हमेशा मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग करते रहते हैं जिससे संस्था को बल मिलता है वहीं डा.यू सी शुक्ला ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हास्पिटल प्रशासन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह कर्तव्यनिष्ठा से पालन करेंगे और चिकित्सा संबंधी सेवाओं को और बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी से पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाने मे सहयोग करने की बात कही समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि उनका वृक्षारोपण अभियान विश्व पर्यावरण दिवस से ही अनवरत जारी है और लोगों से वृक्षारोपण करने के लिए अपील कर रहे हैं वहीं समाज का प्रत्येक व्यक्ति संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पुनीत कार्य बता रहा है।

## माटीकला टूल-किट्स पगमिल का निःशुल्क लाभ लेने हेतु 10 जुलाई तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित ÷माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना÷ के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पगमिल के निःशुल्क वितरण हेतु 05 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निःशुल्क पगमिल का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी 10 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण सुविधा प्राप्त इकाई ही योजना हेतु पात्र होगें। फार्म भरने की पंजीकरण प्रक्रिया आनलाइन है जो बोर्ड की वेब साइड upmatikala.gov.in पर आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''आनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन'' के नाम से अपलोड किया जाएगा। लाभार्थियों का चयन, चयन कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु जिला खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### मानसून आ चुका है व सड़कों पर फिसलन की स्थिति बन सकती है, वाहन धीमें चलाएं



**कानपुर।** कानपुर ट्रैफिक पुलिस पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में टीएसआई समीर कुमार मिश्र, हेडकांस्टेबल सुशील विश्नोई एवं अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मी बड़ा चौराहा व आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने सभी शहरवासियों से विनम्र अनुरोध है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। वर्षा के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। फिसलन वाली सड़कों पर विशेष सावधानी बरतें।

## अन्तर्जनपदीय वाहन चोरों को थाना गुजैनी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

**●पुलिस ने चेकिंग के दौरान अपराधियों से 5 टायर व 2 बम्फर कार के बरामद किए**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** गुजैनी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली जब उसने वाहन चोरी के गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग कानपुर जनपद से वाहन चोरी करके अन्य जनपदों में ले जाकर बेचते थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा था, उच्चाधिकारियों के आदेश के क्रम में संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अभियुक्तों की तलाश हेतु संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी। तभी चेकिंग के दौरान मुखबिर ने आकर सूचना दी कि साउथ जोन में चारपहिया वाहन चोरी से सम्बन्धित चोरों व उनके साथियों में से एक अपराधी फरीद निवासी फिरोजाबाद जो चोरी के वाहनों की खरीद फरोख्त करता है आज किसी काम से पनकी क्षेत्र में आया हुआ है जो किसी व्यक्ति से मिलने के फजलगंज जायेगा। पुलिस बाल द्वारा गुजैनी लोहे के पुल के पास तीनो व्यक्तियो 1. अय्यूब अली 2. फरीद कुरैशी 3. धर्मेन्द्र कुमार को एक बारगी दबिश देकर भागने का मौका दिये बिना मौके पर ही पकड़ लिया गया।

## स्कूल चलें हम के नारे के साथ कानपुर में शैक्षिक सत्र का उत्साहपूर्ण शुभारंभ

**● वर्ष - 25 में बच्चों के उज्वल भविष्य की ओर एक नई शुरुआत**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जनपद कानपुर नगर के समस्त प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों में आज से नए शैक्षिक सत्र की औपचारिक शुरुआत हो गई। लगभग 1.25 लाख नामांकित बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विद्यालयों की ओर रुख किया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता और समर्पण का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत हुआ। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कर्नलगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय भैंसिया हाता में "स्कूल चलो अभियान" का शुभारंभ करते हुए नन्हे छात्रों का टीका कर स्वागत किया। उन्होंने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को पुस्तकें, पेन और "चाकलेट" ( आदि) भेंट किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि "बच्चो, मन लगाकर पढ़ाई करें, यही समय है जब आप अपने भविष्य की नींव मजबूत कर सकते हैं। देश को आप जैसे होनहारों की आवश्यकता है।" जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 54 छात्र पंजीकृत हैं। उन्होंने बच्चों को संख्या वृद्धि बढ़ाने हेतु प्रधानाचार्य को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में दिव्यांग अनुकूल शौचालय,स्वच्छ पेयजल की सुविधा, कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम द्वारा कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि "मैं समस्त अध्यापकगण, जो वास्तव में मां सरस्वती के प्रतिनिधि हैं, से अपील करता हूं कि वे पूर्ण निष्ठा और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही, अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।" "मैं सभी अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को नव शैक्षिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। विश्वास है कि शिक्षा विभाग और सहयोगी संस्थाएं मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयीय सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करेंगी।" उन्होंने कहा कि इस वर्ष निदेशालय के समन्वित प्रयासों से सभी विद्यार्थियों को समय पर किताबें और शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सत्र की शुरुआत व्यवस्थित एवं सकारात्मक ढंग से हुई।

## नवग्रह वाटिका की स्थापना कर जिलाधिकारी ने "वन महोत्सव सप्ताह" का किया शुभारंभ

**● जन सामान्य से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने व उनके संरक्षण करने की किया अपील**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** "एक पेड़ मां के नाम", पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2025 के अंतर्गत "वन महोत्सव सप्ताह" का शुभारंभ ट्रांजिट हॉस्टल गौरीगंज के परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने नवग्रह वाटिका की स्थापना कर किया। नवग्रह वाटिका में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु ग्रहों से संबंधित पौधों जैसे आक, खैर, ढाक, गूलर, दूब, पीपल, कुश, लटजीरा व शमी के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वनों को बढ़ाना हमारा उद्देश्य है इस वर्ष के वृक्षारोपण अभियान में विशेष ध्यान यह रखा जा रहा है कि जो वृक्ष रोपित किए जाएं उनको केवल रोपित करके ही उद्देश्य की पूर्ति न मान लिया जाए बल्कि उनका अधिक से अधिक संरक्षण भी जरूरी है इसके लिए सभी विभागों को इसमें शामिल करते हुए आज से इस अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है इसके साथ ही बृहद स्तर पर वृक्षारोपण के लिए शासन के निर्देश पर विशेष तिथि का निर्धारण किया जाएगा जिसमें पूरे जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने वृक्षारोपण की महत्ता को समझाते हुए कहा कि विश्व में ऐसे तमाम देश हैं जहां पर्यावरण सिस्टम ठीक नहीं है वहां पर मनुष्यों को रहने व सांस लेने में भी काफी दिक्कत होती है लोग दोपहर में अपने घरों से बाहर नहीं निकलते हैं हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देना ही होगा, प्रकृति के निकट जाना ही होगा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43.64 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करें।

## 01 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**●जिला अस्पताल गौरीगंज से जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** 01 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2025 के मध्य दस्तक अभियान का शुभारंभ जनपद में भव्य तरीके से हुआ, जिसके क्रम में जिला चिकित्सालय गौरीगंज से आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शासन के निर्देशों पर संचारी रोगों से बचाव व रोकथाम तथा जागरूकता के लिए आज इस रैली का आयोजन किया जा रहा है यह लोग ग्रामीण स्तर तक जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक करेंगे जिससे लोगों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जानकारी मिलेगी, शासन द्वारा चलाया गया यह अभियान निश्चित तौर पर संचारी रोगों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने में कारगर साबित हो रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोग गांव में जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग विशेष कर डेंगू, मलेरिया के मच्छरों के माध्यम से फैलता है सभी आशाएं इन सभी चीजों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें तथा किसी को भी बुखार आदि की समस्या होने पर तत्काल उसे इलाज की सुविधा मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सभी ग्रामों, मोहल्लों तथा वार्डों में नियमित साफ-सफाई, छिड़कावों व सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है तथा दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर दिमागी बुखार की रोकथाम तथा उससे बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामप्रसाद सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पुलिस जवान की इलाज के दौरान मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया कोतवाली क्षेत्र के बांसी बस्ती मार्ग पर स्थित जोगिया के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन एक पुलिस के जवान को टक्कर मार दिया। इस घटना में उनकी मौत हो गई। मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार कुशीनगर जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र के भलुही नंबर एक निवासी आशुतोष कुमार सिंह पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर नियुक्त हुए थे। वर्तमान में सिद्धार्थनगर जनपद में उनकी तैनाती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात में वह निकले थे। बांसी बस्ती मार्ग पर जोगिया कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और आरक्षी को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### युवक का मकान के अंदर छत के पंखे से लटकता हुआ शव मिला

**सिद्धार्थनगर।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समोगरा में एक 23 वर्षीय युवक का मकान के अंदर छत के पंखे से लटकता हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला,जिससे क्षेत्र में सनसनी फैला गई। मृतक की पहचान दीनानाथ (23) पुत्र राम कला के रूप हुई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी का कहना है कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

### अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला क्षेत्र में ड्रग पेडलर्स और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ एक विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इंस्पेक्टर मुनीश कुमार, एसएचओ/पीएस अंबेडकर नगर और इंस्पेक्टर नीरज कुमार एटीओ/पीएस अंबेडकर नगर के नेतृत्व में पीएस अंबेडकर नगर के कर्मचारियों को दिनेश शर्मा, एसीपी/सीआर पार्क के मार्गदर्शन में नारकोटिक्स ड्रग्स और प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को पकड़ने पर विशेष ध्यान देने के साथ अपराधियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया था। एएसआई पंकज राजोरा नंबर 2731/एसडी, एचसी योगेंद्र नंबर 1459/एसडी, एचसी संजीव 795/एसडी और सीटी से मिलकर बनी टीम। हरकेश नंबर 343/एसडी ने गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया और क्षेत्र में सक्रिय ड्रग आपूर्तिकर्ताओं के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों को क्षेत्र में तैनात किया गया। हरकेश नं. 343/एसडी थाना क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर थे। जब वे लक्ष्मी नारायण मंदिर, शमशान घाट रोड, मदनगीर गांव, अंबेडकर नगर, दिल्ली के पास पहुंचे, तो उन्होंने एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में देखा, जब पुलिस कर्मचारियों ने उसके पास जाकर देखा, तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क कर्मचारियों ने उसे पकड़ने में कामयाबी हासिल की, जिसकी पहचान मनोज राम के रूप में हुई। वह एक बैग ले जा रहा था और बैग की जाँच करने पर, 11.386 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया और उसे जब्त कर लिया गया। तदनुसार, एफआईआर संख्या 283/25 यू/एस 20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत थाना अंबेडकर नगर में मामला दर्ज किया गया और आरोपी मनोज राम को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए।

# दो युवकों ने निःसंतान रिश्तेदार महिला के लिए चुराई थी बच्ची

● **दो अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बच्ची को किया सकुशल बरामद**

● **रिश्तेदार महिला के लिए मां की बगल से बच्ची को उठा ले गये थे चार दिन में खंगाल डाले 300 सीसीटीवी कैमारे, सर्विलांस की मदद से बच्ची तक पहुंची टीम**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** थाना जैत में 26 जून की रात्रि में छटीकरा वृंदावन मार्ग पर चन्द्रोदय मंदिर के पास फुटपाथ पर अपने माता पिता के साथ सो रही नौ महीने की बच्ची अचानक गायब हो गई थी। इस संबंध में अपहरण का मुकद्दमा बच्ची की मां द्वारा थाना जैत पर पंजीकृत कराया गया था। थाना जैत पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने लगभग 300 सीसीटीवी कैमरो की फुटेज एवं इलैक्ट्रोनिक सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट से अपहृत बच्ची को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। दो युवकों को अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है तथा घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। विष्णु व नरेश की गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। पुलिस ने नरेश पुत्र रामवीर सिंह निवासी कीर्ती नगर डिफेंन्स कालोनी थाना सदर बाजार आगरा कैन्ट जिला आगरा व विष्णु कुमार उर्फ राजा पुत्र हरदम सिंह निवासी डिफेंन्स कालोनी महोली रोड थाना हाइवे मथुरा वर्तमान पता न्यू पुष्प वाटिका कालोनी चांदबारी रोड सारस चौराहा भरतपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। दोनों ही अभियुक्तों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि अपनी रिश्तेदार महिला के कोई बच्चा न होने पर विष्णु से कोई नवजात बच्चा गोद दिलाने को कहा था। जिस पर विष्णु द्वारा अपने साथी नरेश के साथ मिलकर थाना जैंत क्षेत्र से बच्ची का अपहरण कर अपनी रिश्तेदार महिला के पास ले जाकर बच्ची को दिया तो उसने नौ माह की बच्ची को लेने से इंकार कर दिया क्योंकि उसको नवजात शिशु की आवश्यकता थी। इसके बाद अभियुक्तों ने बच्ची को अपनी एक जानकार महिला के पास यह कहकर छोड दिया कि यह बच्ची अनाथ है तथा तुमसे अच्छी देखभाल इसकी कोई नही कर सकता है।

इस पर महिला ने बच्ची को गोद लेने के लिए कानूनी कार्यवाही के लिए कहा तो विष्णु ने बच्ची को उस महिला से लेकर कहीं और ले जाने की फिराक में दिल्ली की तरफ जा रहे थे जिन्हे पुलिस द्वारा अपहृत बच्ची को बरामद करते हुये गिरफ्तार कर लिया गया। थाना जैत पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में छटीकरा फ्लाई ओवर के पास से मंगलवार को करीब 11.50 बजे गिरफ्तार किया गया। बच्ची के माता पिता यहां गैर जनपद से आकर मजदूरी करते थे और परिवार के साथ झौंपडी बना कर रह रहे थे। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार थाना जैत, एसओजी प्रभारी एसआई राकेश कुमार यादव, सर्विलांस प्रभारी विकास शर्मा, एसआई पवन कुमार चौकी प्रभारी नयति थाना जैत, एअसाई जय सिंह चौकी प्रभारी आझई थाना जैत, एसआई शिवम कुमार थाना जैत आदि थे।

# वृंदावन परिक्रमा पर है नगर आयुक्त का विशेष ध्यान

● **तीन किलोमीटर चल कर परिक्रमा मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** परिक्रमार्थियों एवं श्रद्धालुओं के सुविधार्थ आज नगर निगम मथुरा वृन्दावन के नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा वृन्दावन परिक्रमा मार्ग के केसी घाट से पानी घाट चौराहा तक तीन किलोमीटर पैदल भ्रमण कर परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान घाटों पर स्नान के दौरान कपडे बदलने हेतु केशी घाट पर नवीन चेंजिंग रूम स्थापित स्थापित किए जाने के निर्देश अवर अभियंता निर्माण श्री अरुण कुमार को दिए गए। परिक्रमा मार्ग एवं घाटों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र चालू कराने तथा प्रेम महाविद्यालय के बाहर फसाड लाइट लगाए जाने हेतु अवर अभियंता (पथ प्रकाश) को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग में स्थित खाली प्लॉटों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्लॉट भवन स्वामियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परिक्रमा मार्ग पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। परिक्रमा मार्ग के मुख्य स्थलों पर डस्टबिन लगाए जाने हेतु जोनल स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया गया। अपर नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन परिक्रमा मार्ग एवं प्रमुख मंदिर मार्गो का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता (जल) को परिक्रमा मार्ग में बंद पड़ी प्याऊओं को चालू कराने एवं सीवर ओवरफ्लो की समस्या न हो, इस हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर सीपी पाठक (अपर नगर आयुक्त), अनुज कौशिक (सहायक नगर आयुक्त), डॉ. गोपाल गर्ग (नगर स्वास्थ्य अधिकारी), राम कैलाश (अधिशाषी अभियन्ता जल), नन्द किशोर (सहायक अभियन्ता, जल), अरूण कुमार (अवर अभियन्ता, निर्माण), मुकेश सिंह (राजस्व निरीक्षक), (अवर अभियन्ता, पथ प्रकाश), महेश चन्द (जोनल स्वास्थय अधिकारी), सुभाष (सफाई एवं खाद्य निरीक्षक), श्रीगोपाल वशिष्ठ (प्रधान लिपिक), प्रवर्तन दल टीम, उज्जवल बृज के प्रतिनिधि व नेचर ग्रीन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# रैपुरा जाट पुलिस चौकी के नए भवन का हुआ उद्घाटन

● **हवन यज्ञ में एसपी सिटी सहित दूसरे अधिकारियों ने लिया भाग**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैपुरा जाट पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी ओर समाजसेवी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे पहुंचे एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी श्वेता वर्मा, फरह थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम सिंह, महेंद्र शर्मा जितेन्द्र चौधरी सहित अन्य लोगों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। चौकी प्रभारी तेजेन्द्र सिंह ने चौकी क्षेत्र की जानकारी दी इस मौके पर नगर अधीक्षक मथुरा राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी श्वेता सिंह ने फीता काटकर चौकी का उद्घाटन किया इस मौके पर नगर अधीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि रैपुरा जाट हाइवे की मुख्य चौकी है अभी तक यह चौकी मथुरा-आगरा हाइवे पर स्थित थी,और जर्जर हालत मे थी अब यह चौकी आगरा-मथुरा हाइवे पर बनाई गई है और यह चौकी कैमरा,वाईफाई सहित आधुनिक सुविधा से लैस चौकी है इस चौकी की स्थापना से आसपास के लगभग दो दर्जन गांवों की जनता को सुरक्षा की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी श्वेता सिंह व थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने उदघाटन से पूर्व आनंद शास्त्री द्वारा चौकी पर किए गए हवन में हिस्सा लिया और भगवान की आरती व वृक्षा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके समाज सेवी विक्रम सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र में दर्जनों इंजीनियरिंग कॉलेज, उत्तरी और दक्षिणी बाईपास निकलते है अब इस चौकी की वजह से अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगेगा इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष,राष्ट्रीय जाट एकता संगठन जितेन्द्र चौधरी, एडवोकेट विक्रम सिंह, समाजसेवी महेंद्र शर्मा, ग्राम प्रधान हरेंद्र चौहान, वीरपाल, राजकुमार, हरेंद्र सिंह, ठाकुर जीतू, मनोज चौधरी, ठाकुर सत्तों पोरी, इंजीव आशुतोष चौहान,मोनू शर्मा, राजू चाहर, राधेश्याम सिंह, फौजी मेम्बर सिंह, बबलू प्रजापत, नंदकिशोर प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण और थाने का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# सिद्धार्थनगर में लाठी डंडे से पीटकर तीन पौतो ने दादा को मार डाला, दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा पश्चिम में तीन पोतों ने मिलकर लाठी डंडे से पीटकर अपने दादा की हत्या कर दी। सोमवार आधी रात तीनों अपने पिता से विवाद कर रहे थे। तभी बचाने आए दादा पर तीनों टूट पड़े। उनके सिर पर लाठी से हमला कर दिया। बेहोश होकर वह गिर गए। परिजन उन्हें तुरंत लेकर अस्पताल गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामकरन यादव (65) पुत्र मंगरे यादव के रूप में हुई है। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा पश्चिम गांव में मृतक रामकरन का परिवार रहता था। घर में उनके अलावा उनके दो बेटे वीरेंद्र कुमार यादव और शिव कुमार यादव, बहू और तीन पोते आकाश, विकास और दुर्गेश रहते थे। परिवार में आए दिन विवाद होता था। सोमवार की शाम भी कहासुनी हुई।इसी को लेकर रात में झगड़ा हुआ तो तीनों पोतो ने दादा को मार डाला। मंगलवार भोर में पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी जांच की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। Dainik Bhaskar मृतक के बेटे वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि अक्सर घर में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता था। कल शाम को भी मेरे भाई शिव कुमार से विवाद हुआ। कल आधी रात को शिवकुमार के तीनों बेटे लाठी डंडा लेकर आ गए। मुझे पीटने लगे।मेरी आवाज सुनकर पिता मुझे बचाने आए। इतने में वो तीनों उन पर टूट पड़े। उनके सिर में कई लाठी मार दिए। वह बेहोश होकर गिर पड़े। उनके सिर से खून बहने लगा। थोड़ी ही देर में खून से लथपथ हो गए। जमीन पर खून फैल गया। चिल्ला कर सभी को बुलाया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उन्हें उठाकर लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देख सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मंगलवार भोर में पुलिस घर पहुंची। फारेंसिक टीम ने जांच की। दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। एक मौके से फरार हो गया क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह ने बताया कि आरोपी मृतक के पोते हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर जांच की गई है। दो हिरासत में है एक की तलाश की जा रही है। विधिक कार्यवाही जारी है।

# खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित करने के लिए चलाया विशेष अभियान

● **खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित करने के लिए चलाया विशेष अभियान**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से 26 से 30 जून तक अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा छाता क्षेत्र से खोआ बर्फी, अरहर दाल, बेसन का एक एक नमूना व हल्दी पावडर, लाल मिर्च पावडर, दलिया, राजश्री पान मसाला, तानसेन पान मसाला, सोयाबीन रिफाइण्ड ऑयल, सूखा नारियल, सरसों का तेल, खाद्य तेल (कढ़ाई से), हल्दी पावडर, पोहा, चाय, गरम मसाला, पान मसाला व रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। जितेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गोवर्धन तहसील क्षेत्र से फोर्टिफाइड रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। मोहर सिंह कुशवाह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा डेम्पियर नगर से पनीर के तीन व सरसों का तेल, ड्राई फ्रूट मिक्सचर, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक एक नमूना संग्रहित किया गया। भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा राधा वाटिका मथुरा से मैंगो ड्रिंक का एक नमूना और कुंज नगर, मथुरा से चावल का एक नमूना व लाल मिर्च पावडर, रिफाइंड सोयाबीन तेल, अरहर दाल, बेसन का एक एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बलदेव रोड, महावन से मिश्रित दूध के दो, खीर मोहन के तीन तथा हल्दी, खोआ, मसूर दाल, अरहर दाल व चाय का एक एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया तथा राधा वाटिका मथुरा में स्थित निर्माण इकाई से एनर्जी ड्रिंक का एक नमूना लिया। राम नरेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मांट तहसील क्षेत्र से मिल्क केक व खोआ का एक एक नमूना संग्रहित किया गया। रीना शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा वृन्दावन से कलाकन्द मिठाई का एक नमूना व कृष्णा कुटीर, वृद्धाआश्रम से हल्दी पावडर, धनिया पावडर, सेंधा नमक, तैयार सब्जी, चावल, रोटी का एक-एक सर्विलांस नमूना तथा बेसन, बूंदी, चना सत्तू, मेगी का एक एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 56 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गए।

उक्त संग्रहित खाद्य नमूनें विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। आगामी मुड़िया मेला के दृष्टिगत खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि में आने वाले श्रृद्धालुओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाएं तथा अपने प्रतिष्ठानों में दृश्य स्थान पर अनुज्ञप्ति पंजीकरण अवश्य प्रदर्शित करें, खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगायें, खाद्य पदार्थों को ढककर रखें, खाद्य परिसर व आस पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाये। मुड़िया मेला को पॉलीथिन मुक्त बनाने में सहयोग करें। समस्त खाद्य कारोबार करता अपने प्रतिष्ठानों पर ढक्क्नयुक्त डस्टबिन अवश्य रखें। खाद्य पदार्थ का निर्माण व विक्रय करते समय हैड कैप, एप्रिन, हैन्डग्लब्स का प्रयोग करना सुनिश्चित करें।

# सपाइयों ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया मुखिया का जन्मदिन

● **पार्टी की रीति नीति पर चलकर 2027 में सफलता का लिया संकल्प**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर सपा के कार्यकर्ताओं ने वृंदावन नारायण अनाथालय में अनाथ बच्चों के बीच खुशियां बांटी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस सपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृंदावन में गरीब, अनाथ व बेसहारा बच्चों के साथ मनाया गया। साथ ही को पार्टी की रीति नीति पर चलने और 2027 में यूपी में सरकार बनाने का संकल्प भी लिया गया। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर कहा कि अखिलेश यादव न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के युवाओं की प्रेरणा हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और व्यापारियों के लिए जो योजनाएं लागू कीं, वे आज भी लोगों की जुबान पर हैं। उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2027 में सपा सरकार बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को अभी से जुट जाना चाहिए। युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक पार्षद और मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर ने कहा अखिलेश यादव ने हमेशा जनता के हित में कार्य किया है। जब वह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो हर तरफ विकास ही विकास किया गया था। तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई थीं, जिसका लाभ जनता को मिला था। आज जनता समाजवादी पार्टी के उसी शासन काल को याद कर रही है। युवजन सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार और युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष अंकित वार्ष्णेय ने कहा कि डा. लोहिया, जनेश्वर मिश्र आदि नेताओं के बताए रास्ते को आत्मसात करते हुए समाजवादी आंदोलन की परंपरा को आगे बढ़ाने में सपा मुखिया अखिलेश यादव प्रयत्नशील हैं। इस मौके पर मुख्यरूप से लोहिया वाहिनी के नि जिला अध्यक्ष पवन चौधरी, राजेंद्र फरारी, शाहबाज कुरैशी, नकुल राजावत, मोनू ठाकुर, छोटू ठाकुर, गुल्लू कुरैशी, राज पांडे, विनय ठाकुर आदि उपस्थित थे

# गोवर्धन में दिखने लगी मुडिया मेला की रौनक

● **पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च, अतिक्रमण न करने की दी हिदायत**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** गोवर्धन में रौनक दिखने लगी है। मुडिया पूर्णिमा का मेला पूर्णिमा से शुरू होगा लेकिन गोवर्धन कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र और पूरे परिक्रमा मार्ग में व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा चुकी हैं। मेला का लाभ उठाने और कारोबार करने के लिए दूर दराज से लोग पहुंच रहे हैं तो स्थानीय दुकानदार भी पूरी तैयारी कर चुके हैं। दूसरी ओर नगर पंचायत और जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने से लेकर दूसरी कई प्रक्रिया पूरी कर ली है। सुरक्षा की दृष्टि से भी लगातार तैयारियों को रिहर्सल किया जा रहा है। हर साल इस अनुमान के साथ तैयारियों को अंतिमरूप दिया जाता है कि मेला में एक करोड के आसपास श्रद्धालु आएंगे। इसी के ध्यान में रख कर पार्किंग से लेकर यातायात तक की व्यवस्थाएं की जाती हैं। आगामी मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह तथा रवि त्यागी प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन की पुलिस टीम के साथ कस्बा गोवर्धन में दानघाटी मंदिर से लेकर जमुनावता तिराहा तक पैदल भ्रमण किया गया स सड़क के किनारे के व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न किए जाने तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग किऐ जाने का अनुरोध किया गया।

# सिद्धार्थनगर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ शुभारंभ

● **प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी ने किया रवाना**

**स्वतंत्र प्रभात**



**सिद्धार्थनगर।** 1 जुलाई से 31जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान द्वितीय चरण को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा लोगों को संचारी रोग नियंत्रण से बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण को लेकर गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि 15 दिन से अधिक बुखार से पीड़ित है तो नजदीक अस्पताल व आशा से करें सम्पर्क। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराये। इसके अलावा जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, डीएफओ पुष्प कुमार के0 एवं मा0 सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल एवं अन्य लोगो द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रमोद कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# एसबीआई के चीफ एसोसिएट को सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

**मथुरा।** एसबीआई बैंक शाखा सोनई के चीज एसोसिएट महेंद्र कुमार के सेवानिवृत्त होने पर बैंक कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों ने विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।

जिसमे लोगो ने दुपट्टा व स्म्रति चिन्ह देकर विदाई दी। इस अबसर पर शाखा प्रबंधक भास्कर चक्रवर्ती साहिर सिद्दीकी, अदिति गुप्ता, पवन सोलंकी, किशन सिंह, कमलेश शर्मा, जीवन शर्मा ,अनुराग शुक्ला, महेश चौधरी, सुरेश कुशवाहा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।